संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शनिवार, 06 जनवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 06 पृष्ठ: 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

दिल्ली के जसोला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भारी संख्या में लाभार्थी उमड़ पड़े।

जल जीवन मिशन: 14 करोड़ ग्रामीण घरों में नल कनेक्शन लगाने की उपलब्धि हासिल की

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने जल जीवन मिशन के तहत देश में 14 करोड़ (72.71 प्रतिशत) ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान करने का महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार कर लिया है। केवल चार वर्षों में ग्रामीण नल कनेक्शन 3 करोड़ से बढ़कर 14 करोड़ हो गया है।जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार जल जीवन मिशन ने गोवा, तेलंगाना , हरियाणा , गुजरात , पंजाब, हिमाचल प्रदेश और तीन केंद्र शासित प्रदेशों पुडुचेरी, डी एंड डी एंड एनएच और ए एंड एन द्वीप समूह ने शत प्रतिशत कनेक्शन के आंकड़े तक पहुंच गया। इसी तरह से मिजोरम में 98.68 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में 98.48 प्रतिशत और बिहार में 96.42 प्रतिशत नल जल कनेक्शन देने का कार्य पूरा हो

चुका है। इसके साथ 2 लाख से ज्यादा गांव और 161 जिले अब ' हर घर जल ' पहुंच गया है । घरेलू कनेक्शन के अलावा जल जीवन मिशन ने देश भर में 9.24 लाख (90.65 प्रतिशत) स्कूलों और 9.57 लाख (86.63 प्रतिशत) आंगनवाड़ी केंद्रों में नल के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की है। 112 आकांक्षी जिलों में नल के पानी की पहुंच लांच के समय 21.41 लाख (7.86 प्रतिशत) घरों से बढ़कर आज 1.96 करोड़ (72.08 प्रतिशत) घरों तक पहुंच गई है।
5.29 लाख से अधिक ग्राम जल और स्वच्छता समितियां व पानी समितियां बनाई गई हैं। साथ ही पेयजल स्रोत प्रबंधन, ग्रेवाटर उपचार और गांव में जल आपूर्ति प्रणालियों के नियमितीकरण के लिए 5.17 लाख ग्राम कार्य योजनाएं बनाई गई हैं। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 23.55 लाख से अधिक महिलाओं को फील्ड टेस्टिंग किट (एफटीके) का उपयोग करके पानी के नमूनों का परीक्षण करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है ।

मील का पत्थर

8 112 आकांक्षी जिलों में नल के पानी की पहुंच आज 1.96 करोड़ (72.08 प्रतिशत) घरों तक पहुंच गई है

पृथ्वी योजना' के लिए 4797 करोड़ रुपये मंजूर, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लगाई मुहर

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उप योजनाओं को क्लब करने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी हैं। सरकार ने शुक्रवार को 2021 से पांच साल की अवधि में 4,797 करोड़ रुपये की लागत से पृथ्वी विज्ञान पहल को मंजूरी दे दी हैं। इस योजना में वायुमंडल और जलवायु अनुसंधान मॉडलिंग अवलोकन प्रणाली और सेवाएं, महासागर सेवाएं, मॉडलिंग अनुप्रयोग, संसाधन और प्रौद्योगिकी, ध्रुवीय विज्ञान और क्रायोस्फीयर अनुसंधान, भूकंप विज्ञा और विज्ञान का अध्ययन शामिल हैं।

फास्ट न्यूज

कोलकाता पुलिस को मिली भारतीय संग्रहालय को बम से उड़ाने की धमकी

कोलकाता: कोलकाता पुलिस को शुक्रवार को टेरराइजर 111 ग्रुप की तरफ से एक ईमेल भेजा गया, जिसमें भारतीय संग्रहालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। ईमेल देखने के बाद बम स्कॉड तुरंत मौके पर पहुंची और एक सप्ताह के लिए वहां पर्यटकों की एंट्री पर रोक लगा दिया गया। धमकी भरे मेल में कहा गया था कि भारतीय संग्रहालय के भीतर कई बम रखे गए हैं जिससे किसी भी क्षण विस्फोट हो सकता है। इस मेल के बाद संग्रहालय के भीतर जांच की गई। पिछले कुछ दिनों से भारत के कई क्षेत्रों को बम से जुड़ी धमकियां दी गई है और ज्यादातर धमकियां फर्जी ही निकली। बंगलूरू में इसी तरह की धमकियों के कारण एक दिन तक सभी स्कूलों को बंद रखा गया था। एक संदिग्ध व्यक्ति ने कर्नाटक के राजभवन को बम से उड़ाने की धमकी थी। हालांकि, गिरफ्तारी के बाद व्यक्ति ने बताया कि उसने यह अपनी उत्सुकता बढ़ाने के लिए किया था।

गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम की चार संपत्तियों की नीलामी

मुंबई: 1993 के मुंबई बम धमाकों के मास्टरमाइंड दाऊद इब्राहिम पर भारतीय जांच एजेंसियां लगातार शिकंजा कस कर रही है। इसी क्रम में, प्रशासन ने दाऊद की कई प्रॉपर्टियों को नीलाम करने का फैसला लिया। आतंकवादी दाऊद की मां अमीना बी के नाम पर महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के खेड़ तालुका में जो चार संपत्तियां हैं, उनकी आज नीलामी की गई। ये सभी चार संपत्तियां कृषि योग्य हैं और खेड़ के मुंबके गांव में स्थित हैं। इन संपत्तियों का मूल्य 19 लाख से अधिक बताया जा रहा है। दाऊद इब्राहिम के परिवार के सदस्यों की दो संपत्तियां शुक्रवार को तस्कर और विदेशी मुद्रा का हेरफेर (संपत्ति की जब्ती) अधिनियम के तहत सक्षम अधिकारी द्वारा आयोजित नीलामी में बेची गईं।महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के खेड़ तहसील के मुंबके गांव स्थित चार संपतियां आज नीलामी के लिए उपलब्ध थी, लेकिन उनमें से दो के लिए किसी ने बोली नहीं लगाई। हालांकि अन्य संपतियों के लिए क्रमश चार और तीन बिल्डरों ने बोली लगाई और एक व्यक्ति ने इन दोनों संपतियों के लिए सफल बोलीदाता बना। करीबन 170.98 वर्ग मीटर तक फैली कृषिभूमि वाली जमीन पर 2.01 करोड़ रुपये की बोली लगी। इस संपत्ति की नीलामी 15,440 के आधार मूल्य पर शुरू हुई थी। वहीं एक अन्य 1730 वर्ग मीटर फैली कृषिभूमि वाली जमीन पर 3.28 करोड़ की बोली लगी। नीलामी दक्षिण मुंबई के आयकर भवन में आयोजित की गई थी। 1993 के मुंबई बम विस्फोट के मुख्य अपराधी दाऊद इब्राहिम के मौजूदा समय में पाकिस्तान में होने की उम्मीद जताई जा रही है।

बंगाल में ईडी की टीम पर हमला

= कई ईडी अधिकारी जख्मी हो गए, कई के सिर फट गए, मीडियाकर्मियों को पीटा गया

सियासी उबाल

8 गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। मीडिया कर्मियों को भी नहीं बख्शा गया। उनके फोन छीन लिए गए

टीम एक्शन इंडिया/ कोलकाता
राशन घोटाले की जांच के सिलसिले में केंद्रीय एजेंसी ईडी ने शुक्रवार सुबह कोलकाता तथा उससे सटे जिले उत्तर 24 परगना में कुल 12 जगहों पर तलाशी अभियान चलाया। इस क्रम में उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में तृणमूल नेता व ब्लाक अध्यक्ष शाहजहां शेख के घर पर छापेमारी करने पहुंची ईडी की टीम पर बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने हमला बोल दिया। उनकी गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। मीडिया कर्मियों को भी नहीं बख्शा गया। उनके फोन छीन लिए गए। जान से मारने की धमकी देकर उनके पासवर्ड पूछे गए।
कई अधिकारियों के सिर फटे: इस घटना में कई ईडी अधिकारी जख्मी हो गए। कई के सिर फट गए हैं। परिणामस्वरूप ईडी अधिकारियों को वहां से भागना पड़ा। जख्मी अधिकारियों को स्थानीय कैनिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जस्टिस गांगुली की टिप्पणी, कहा : सांवैधानिक ढांचा ध्वस्त हो गया

टीम एक्शन इंडिया/ कोलकाता
कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने संदेशखाली में ईडी अधिकारियों पर "हमले" के बारे में खुलकर बात की। वकील सुदीप्त दासगुप्ता ने शुक्रवार को इस मामले पर जज का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने जज के सामने पूरी घटना बताई। इसके बाद जस्टिस गंगोपाध्याय ने कहा, ""राज्यपाल यह घोषणा क्यों नहीं कर रहे हैं कि राज्य में संवैधानिक ढांचा ध्वस्त हो गया है?"" इस संबंध में जज ने आगे कहा, "अगर जांच एजेंसी पर हमला हुआ तो जांच कैसे होगी?" संदेशखाली घटना को लेकर केंद्र के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल को संबोधित करते हुए जस्टिस गंगोपाध्याय ने कहा, ""मैंने सुना है कि आपके लोग पीटे गए हैं। आप क्या कर रहे थे उनके पास बंदूकें नहीं हैं? गाड़ी नहीं चला सकते?ह्व इसके बाद वकील ने कहा कि ईडी अधिकारियों पर हमले हुए हैं। दो लोग घायल हो गये हैं।

सूत्रों के मुताबिक भीड़ ने अचानक हमला बोल दिया, जिसका केंद्रीय बल के जवानों को अनुमान नहीं था। बड़ी संख्या में लोग होने के कारण जवान अधिकारियों का बचाव भी नहीं कर सके।
अधिकारियों को चुन-चुनकर पीटा गया: स्थानीय सूत्रों के मुताबिक टीएमसी नेता के समर्थकों ने डर से जहां-तहां छिपे अधिकारियों को चुन चुनकर पिटाई की है। तृणमूल नेता के समर्थकों ने जवानों के खिलाफ भी विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय थाने के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे हुए हैं। इलाके में स्थिति बेहद तनावपूर्ण बनी हुई है।
ईडी के अधिकारियों ने जिले के बनगांव में तृणमूल नेता शंकर आढ्य के घर पर भी छापेमारी की। दोनों टीएमसी नेता राशन घोटाले में गिरफ्तार मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक के करीबी बताए जा रहे हैं।
भाजपा बोली- रोहिंग्या ने कानून-व्यवस्था बिगाड़ी: ईडी पर हमले के बाद पश्चिम बंगाल भाजपा प्रमुख सुकांत मजूमदार का बयान आया है। मजूमदार ने कहा कि इन सभी के खिलाफ शिकायत और भ्रष्टाचार के आरोप हैं।

ये बनाना रिपब्लिक नहीं...राज्यपाल की ममता को सख्त चेतावनी

कोलकाता: पश्चिम बंगाल में ईडी की टीम पर हमले के बाद मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। अब राज्यपाल सीवी आनंद बोस एक्शन में आ गए हैं। बोस ने ममता सरकार को भी चेतावनी दी है और हमले के बाद गृह सचिव और डीजीपी को भी तलब किया है।
ममता सरकार को सख्त चेतावनी: राज्यपाल ने कहा कि ये कोई बनाना रिपब्लिक नहीं है जो ऐसी स्थिति देखने को मिले। ये एक भयानक घटना है जो काफी चिंताजनक है। राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र में बर्बरता को रोकना एक सभ्य सरकार का कर्तव्य है और यदि ये नहीं होगा , तो संविधान अपना रास्ता अपनाएगा ही। राज्यपाल ने कहा कि मैं उचित कार्रवाई के लिए अपने संवैधानिक विकल्प का उपयोग भी कर सकता हूं।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गणतंत्र दिवस की परेड का अवलोकन करते हुए।

बीएसएफ जवानों की वाहन पलटी, दुर्घटना में 15 जवान घायल

कांकेर: छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर सीमावर्ती गांव के नजदीक बीएसएफ का एक निजी वाहन पलट गई। वाहन पलटने से बीएसएफ 162वीं वाहिनी के 15 जवान घायल हो गए। इनमें चार जवान गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी के अनुसार, इन जवानों की कांकेर जिले के अंतागढ़ में नक्सली इलाके में तैनाती थी। यह घटना करीब दोपहर 12 बजे रावाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हारी के पास हुई, जब वाहन का स्टेरिंग फेल हो गया और वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

मंदिर ने अयोध्या तो गलियारे ने काशी में पर्यटकों की बढ़ाई संख्या

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
अयोध्या में 22 जनवरी को नवनिर्मित मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इससे पहले राम नगरी सज संवर रही है। हाल ही में यहां पुनर्निर्मित रेलवे स्टेशन और नए एयरपोर्ट का उद्घाटन किया गया जो पूरे क्षेत्र के संपर्क को बढ़ाने में मदद करेगा। इसके साथ ही अयोध्या में अधोसंरचना विकास के लिए ग्रीनफील्ड टाउनशिप की भी आधारशिला रखी गई। इन तमाम कदमों से अयोध्या में पर्यटन को भरपूर बढ़ावा मिल रहा है जिसका फायदा पूरे उत्तर प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र को हो रहा है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के आधिकारिक आंकड़े देखें तो राज्य में हर साल पर्यटक बढ़ रहे हैं जिसमें घरेलू और विदेशी पर्यटक दोनों शामिल हैं। साल 2017 में राज्य में कुल 23,75,33,823 पर्यटक आए, जिसमें घरेलू पर्यटक 23,39,77,619 जबकि विदेशी पर्यटक 35,56,204 थे। अगले साल यानी 2018 में इस आंकड़ों में 21.60% का उछाल आया। इस साल कुल 28,88,60,600 सैलानियों ने प्रदेश का दौरा किया, जिसमें भारतीय 28,50,79,848 जबकि विदेशी 37,80,752 थे। 2019 में आंकड़े में एक बार फिर जबरदस्त इजाफा हुआ और 2018 के मुकाबले इस बार 87.14% ज्यादा सैलानी यूपी आए। 2019 में कुल 54,06,00,343 सैलानी प्रदेश आए जिसमें घरेलू 53,58,55,162 और विदेशी 47,45,181 थे। 2019 में प्रयागराज में हुआ अर्ध कुंभ इस इजाफे की बड़ी वजह रहा।

पर्यटन को बढ़ावा

8 अयोध्या में अधोसंरचना विकास के लिए ग्रीनफील्ड टाउनशिप की भी आधारशिला रखी गई

ज्ञानवापी एएसआई सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक होगी या नहीं, आज फैसला

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
ज्ञानवापी परिसर से संबंधित एएसआई की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट के सार्वजनिक करने के मामले में शुक्रवार को भी आदेश नहीं आया। वाराणसी जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत शनिवार को आदेश दे सकती है।
मामले में गुरुवार को अदालत का फैसला आना था, मगर सुनवाई टल गई। इस मामले में आदेश के लिए शुक्रवार की तिथि तय की गई थी लेकिन आज भी सुनवाई टल गई। बता दें कि एएसआई ने जिला जज की अदालत में आवेदन देकर कहा कि 4 सप्ताह तक सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक न की जाए। क्योंकि इलाहबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 1991 के लंबित वाद लार्ड विश्वेश्वर मामले में भी सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। ऐसे में द्वितीय प्रति तैयार करने में समय लगेगा। इसलिए समय दिया जाए और रिपोर्ट सार्वजनिक न की जाए। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दो सील बंद लिफाफों में ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट दाखिल की है।

राजस्थान सरकार में विभागों का बंटवारा

सुविधा मुहैया

8 सीएम भजनलाल के पास गृह समेत आठ विभाग; दीया कुमारी को वित्त की जिम्मेदारी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने शुक्रवार को राजस्थान सरकार में विभागों के आवंटन की लिस्ट जारी कर दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पास गृह विभाग, आबकारी विभाग और एंटी करप्शन ब्यूरो समेत 8 विभाग हैं। जबकि डिप्टी सीएम दीया कुमारी को वित्त विभाग, पर्यटन विभाग और महिला एवं बाल विकास समेत 6 विभाग मिले हैं। डिप्टी सीएम प्रेम चंद बैरवा को उच्च शिक्षा विभाग और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग समेत 4 विभाग मिले हैं।

डिमांड अभी से ही मार्केट में राम मंदिर से जुड़ी विभिन्न वस्तुओं की भारी डिमांड हो गई है

राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से देश में होगा 50 हजार करोड़ रुपये का कारोबार

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। देश विदेश से अनेक लोगों को इस समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिला है।
कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की राष्ट्रीय कोर कमेटी की तीन जनवरी को नागपुर में हुई बैठक में यह पता चला है कि अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देश में 50 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होगा। अभी से ही मार्केट में राम मंदिर से जुड़ी विभिन्न वस्तुओं की भारी डिमांड हो गई है। मूर्तियों

और पूजा सामग्री की डिमांड बढ़ रही है। कैट के पदाधिकारियों के अनुसार, राम मंदिर के उद्घाटन ने देश में पूजा पाठ से संबंधित एक बड़े व्यापार के अवसर पैदा किए हैं। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बताया, राम मंदिर लोगों की आस्था के साथ ही देश में एक बड़े व्यापार का भी केंद्र बन रहा है। खासतौर पर छोटे निर्माता और लघु व्यवसाय करने वाले लोगों के लिए व्यापार के अनेक अवसर सामने आ रहे हैं। देश के विभिन्न शहरों में विशेषकर, घरों से छोटा-मोटा काम करने वाली महिलाओं एवं वंचितों को भी इस आयोजन से बड़ी मात्रा में रोजगार मिल रहा है। राम मंदिर, देश में आर्थिक संपन्नता का एक बड़ा संदेश देगा। राम मंदिर से देश में 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार के कैट के पूर्व आंकड़े से कहीं ज्यादा व्यापार होने जा रहा है।

वस्तुओं की मांग

8 मंदिर लोगों की आस्था के साथ ही देश में एक बड़े व्यापार का भी केंद्र बन रहा है: कैट

तीन जनवरी को नागपुर में हुई कैट की राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से अनेक व्यापारी नेताओं ने भाग लिया था। अयोध्या के राम मंदिर के उद्घाटन ने देश के विभिन्न प्रदेशों में पूजा पाठ से संबंधित एक बड़े व्यापार के अवसर पैदा किए हैं। बतौर खंडेलवाल, पूजा के लिए विभिन्न आवश्यक वस्तुओं की बड़ी मांग देखने को मिल रही है। जैसे-जैसे 22 जनवरी नजदीक आ रही है, वैसे ही राम एवं पूजा पाठ से जुड़ी वस्तुओं की मांग में भी तेजी आ रही है।

फ्यूल सेल फ्लाइट का किया सफल परीक्षण

टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु
भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी (इसरो) को बड़ी सफलता मिली है। दरअसल, इसरो ने शुक्रवार को फ्यूल सेल फ्लाइट का सफल परीक्षण किया है। इसरो ने शुक्रवार को कहा कि उसने अंतरिक्ष में इसके संचालन का आकलन करने और भविष्य के मिशनों के लिए सिस्टम के डिजाइन की सुविधा के लिए डेटा इकट्ठा करने के लिए ईंधन सेल का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया है। इस तकनीक की मदद से ईंधन रिचार्ज किया जा सकता है और इससे कोई उत्सर्जन भी नहीं होता। अंतरिक्ष में ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और पीने के पानी के लिए यह तकनीक

सबसे बेहतरीन माना जा रहा है।
हाइड्रोजन और ऑक्सीजन की मदद से बनाई ऊर्जा: भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को अंतरिक्ष में 100 वॉट श्रेणी के पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेंब्रेन फ्यूल सेल पर आधारित पावर सिस्टम का सफल परीक्षण किया है। इसरो ने बीते 1 जनवरी को पीएसएलवी-सी58 मिशन के साथ भी लॉन्च किया था। इस परीक्षण के दौरान हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैस की मदद से हाई प्रेशर वेसल में 180 वॉट ऊर्जा उत्पन्न की गई है। इसरो ने बताया कि फ्यूल सेल तकनीक की मदद से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैस से एनर्जी पैदा की गई। साथ ही, इससे पीने का पानी मिला और कोई उत्सर्जन भी नहीं हुआ।

सफलता

8 100 वॉट श्रेणी के पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेंब्रेन फ्यूल सेल पर आधारित पावर सिस्टम का सफल परीक्षण किया

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री से भेंट की

कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तारीकरण की प्रकिया में तेजी लाने का आग्रह किया

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने ए 320 विमानों के संचालन के लिए कांगड़ा हवाई अड्डे के 1376 मीटर से 3010 मीटर तक प्रस्तावित विस्तारीकरण पर चर्चा की। उन्होंने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण एएआई द्वारा हवाई अड्डे के निर्माण के लिए शीघ्र कार्यवाही का आग्रह किया, जिसके लिए राज्य सरकार भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी करेगी। उन्होंने कहा कि

राज्य सरकार जिला मुख्यालयों के साथ-साथ जनजातीय क्षेत्रों में हेलीपोर्ट निर्मित करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने पहले चरण में राज्य में प्रस्तावित 9 हेलीपोर्ट के निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ये हेलीपोर्ट जनजातीय और दूरदराज के क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा प्रदान करने, आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं और बर्फीले क्षेत्रों में स्थानीय लोगों और पर्यटकों के फंसने की स्थिति में उन्हें सुरक्षित निकालने में मील पत्थर साबित होंगे। मुख्यमंत्री ने संजौली हेलीपोर्ट के संचालन के बारे में भी चर्चा की और पर्यटकों की सुविधा के लिए चंडीगढ़ से कुल्लू के लिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिमला के लिए तीन, धर्मशाला के लिए चार और कुल्लू के लिए केवल एक उड़ान संचालित की जा रही है, जो क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों की बड़ी संख्या को देखते हुए अपर्याप्त है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि उड़ान योजना के तहत रक्कड़, पालमपुर, चंबा और रिकांगपिओ के लिए हेलीपोर्ट पर विचार किया जा रहा है और अगले चरण में अन्य हेलीपोर्ट पर विचार किया जाएगा। उन्होंने मंत्रालय के अधिकारियों को संजौली हेलीपोर्ट के संचालन की प्रक्रिया में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने राज्य को हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा, आवासीय आयुक्त मीरा मोहंती और मुख्यमंत्री के प्रधान निजी सचिव विवेक भाटिया भी उपस्थित थे।

हाटी समिति इकाई नाहन की बैठक सम्पन्न, नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ
हाटी समिति इकाई नाहन जिला सिरमौर की साधारण सभा की बैठक पूर्व अध्यक्ष गीताराम तोमर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में हाटी समिति इकाई नाहन का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नई कार्यकारिणी के गठन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। पुरानी कार्यकरिणी को भंग करके पूर्व अध्यक्ष गीताराम तोमर की अध्यक्षता में तथा केन्द्रीय कार्यकारिणी हाटी समिति के पदाधिकारी कुन्दन सिंह शास्त्री, सुरेन्द्र हिन्दुस्तानी, अतर सिंह व गुमान सिंह वर्मा की देखरेख में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया।अरूण चौहान समराण अध्यक्ष, वेदप्रकाश कमल महासचिव, यशपाल शर्मा वित सचिव, जोगिन्द्र ठाकुर, लाल सिंह, ठाकुर परवेश चौहान व सीमा

चौहान को क्रमशः उपाध्यक्ष व उपध्यक्षा, मनीषा शंकवाण, रविन्द्र ठाकुर सह सचिव, संजीव ठाकुर नीटू प्रैस सचिव, मनोज पुण्डीर, विनोद चंदोला, अनिकेत शर्मा को सोशल मिडिया प्रभारी, उषा देसाई कानूनी सलाहकार, सुरेन्द्र हिन्दुस्तानी, संतराम राणा, गीताराम तोमर, रण सिंह राणा को मुख्य सलाहकार चुना गया। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी में अनुज चौहान, अंकित देवा, नवीन चौहान, प्रवेश ठाकुर, अतुल ठाकुर, आकाश तोमर, अमित ठाकुर, अरूण तोमर, विनोद ठाकुर, विनोद शर्मा अरूण शर्मा, सुलक्षणा तोमर, मोनिका ठाकुर को कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया।

नवनियुक्त अध्यक्ष अरूण चौहान समराण ने कहा कि नई कार्यकारिणी ने उन्हें जो भी दायित्व सौंपा गया है वह उस जिम्मेवारी को पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे।

न्यूज फ्लैश

बजाज फाइनेंस ने डिजिटल माध्यम से सावधि जमा की पेशकश की 8.85 प्रतिशत तक मिलेगा ब्याज

शिमला: बजाज फाइनेंस ने डिजिटल माध्यम से सावधि जमा (एफडी) की व्यवस्था शुरू की है। इसके तहत कंपनी के ऐप या वेबसाइट के जरिये एफडी करने पर 8.85 प्रतिशत तक ब्याज मिलेगा।वरिष्ठ नागरिकों को बजाज फिनसर्व ऐप और वेबसाइट के जरिये एफडी पर 42 महीने की अवधि के लिए प्रति वर्ष 8.85 प्रतिशत तक का ब्याज देगी।यह योजना दो जनवरी 2024 से प्रभावी हो गई है। वहीं 60 साल से कम आयु वाले जमाकर्ता 8.60 प्रतिशत तक सालाना ब्याज ले सकते हैं। इसमें कहा गया कि संशोधित दरें 42 महीने की अवधि के लिए पांच करोड़ रुपये तक की नई जमा और पूर्ण होने वाली जमा के नवीनीकरण पर लागू होंगी। बजाज फाइनेंस के सावधि जमा एवं निवेश खंड के प्रमुख सचिन सिक्का ने कहा एफडी को लेकर हमारी पेशकश अब जमाकताओं को डिजिटल रूप से सोचने में सक्षम बनाती है। इसमें विशेष रूप से बजाज फिनसर्व ऐप और वेब के जरिये एफडी करने पर अधिक ब्याज की सुविधा उपलब्ध है।

स्कोडा ऑटो इंडिया ने दो सालों में 100000 से ज्यादा कारों की बिक्री दर्ज की

मंडी: स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी कारों की बिक्री की तेज रफ्तार बरकरार रखी है। इसने पिछले दो सालों में 100000 से ज्यादा कारों की ब्रिक्री की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। यह भारत को ध्यान में रखकर प्रॉडक्ट्स बनाने की कंपनी की रणनीति का अहम हिस्सा है। इसके तहत भारतीय बाजार के लिए बनाए गए दो विश्वंस्तीरीय प्रॉडक्ट्स कुशाक और स्लाविया लॉन्च किए गए थे। इन दोनों मॉडल की कारों की बिक्री से कंपनी को दो साल में ही यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हो गई। इससे पहले कंपनी को 1 लाख कारों की बिक्री के आंकड़े तक पहुंचने में छह साल से ज्यादा समय लगा था।कुशाक और स्लाविया जैसी कारों की बड़े पैमाने पर लॉन्चिंग के बाद 2022 में स्कोडा ऑटो इंडिया की कारों की बिक्री ने सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए। 2023 में सप्लाई के मुद्दों और अन्य परेशानियों की वजह से इस बिक्री की रफ्तार में थोड़ी कमी आई। इस स्थिति को पूरी तरह ठीक करने की दिशा में स्कोडा ने 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2023 तक 48755 कारों की बिक्री दर्ज की। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने बिक्री के प्रदर्शन पर अपनी बात रखते हुए कहा 2022 में कारों की रिकॉर्ड तोड़ बिक्री के बाद हमारे लिए 2023 में बिक्री की उस रफ्तार को बनाए रखना काफी महत्वपूर्ण था। हमने 2023 में अपने प्रॉडक्ट्स में लगातार सुधार कर अपनी स्थिति को मजबूत बनाने की ओर ज्यादा ध्यान दिया। हमने अपने नेटवर्क का विस्तार किया और उपभोक्ता को और ज्यादा संतुष्ट करने के लिए सेल्स और ऑफ्टर सेल्स सर्विसेज की क्वॉलिटी में सुधार किया।सभी कस्टमर्स हमारी ह्यूमन टच फिलॉस्फी से जुड़े है जिससे हम अपने उपभोक्ताओं की सभी जरूरतें पूरी करते हैं। साल की पहली छमाही तक सप्लाई में आ रही परेशानियों के बावजूद हमने यह सुनिश्चित किया कि हम 2023 की अंतिम छमाही का समापन सकारात्मक रूप से करेंगे। 2024 में अपनी मौजूदा रेंज के साथ हमारे पास अपने उपभोक्ताओं के लिए तरह तरह के प्रॉडक्ट्स के विकल्प है। हमने नए प्रॉडक्ट्स की लॉन्चिंग की घोषणा भी की।इसके अलावा हम प्रॉडक्ट्स के निर्यात से अपना विकास कर रहे हैं और अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। कंपनी के प्रॉडक्ट्स की खरीद से उपभोक्ताओं को मिलने वाली खुशी और संतुष्टि पर हमारी पैनी नजर है। स्कोडा फैमिली में हम नए उपभोक्ताओं का स्वागत कर रहे हैं।

एचडीएफसी बैंक सेकेंडरी मार्केट में एएसबीए की सुविधा के लिए एक स्पॉन्सर एंड डेस्टिनेशन बैंक के रूप में कार्य कर रहा है

शिमला: एचडीएफसी बैंक कैश और इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में एनएसई और बीएसई का एक अग्रणी क्लियरिंग एंड सेटलमेंट बैंक ने सेकेंडरी मार्केट में अवरुद्ध राशि द्वारा समर्थित ट्रेडिंग के लिए लिए एक स्पॉन्सर एंड डेस्टिनेशन बैंक के रूप में काम किया जो 01 जनवरी 2024 से भारतीय स्टॉक एक्सचेंज बाजार में शुरू हुआ। सेबी और स्टॉक एक्सचेंजों ने प्राथमिक बाजारों के लिए एएसबीए की तर्ज पर 1 जनवरी 2024 से सेकेंडरी मार्केट के लिए वैकल्पिक आधार पर ब्लॉक तंत्र के माध्यम से नकद खंड में व्यापार की अनुमति दी जहां आवश्यक धनराशि अवरुद्ध होने के साथ निवेशकों का धन उनके बचत खाते में बना रहेगा। ट्रेड लगाने के लिए निवेशक को अग्रिम राशि ब्रोकर के खाते में स्थानांतरित करने की आवश्यकता नहीं है।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने चुराह उपमंडल की विभिन्न पंचायतों का किया दौरा

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद
उपायुक्त अपूर्व देवगन ने चुराह उपमंडल के तहत कोहाल, चोली, दियौला, डुगली, जसौरगढ़ ग्राम पंचायतों का दौरा किया । उन्होंने चुराह उपमंडल के तहत आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त मकानों, रास्तों, गौशालाओं आदि की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का निरीक्षण किया गया। विशेष पैकेज एवं आपदा राहत के तहत सरकार से प्राप्त धनराशि से प्रभावित परिवारों के लिए किए जा रहे कार्यों का उन्होंने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का भी दौरा कर निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

उपायुक्त ने बताया कि चुराह उपमंडल में प्रभावित परिवारों को

अब तक 2 करोड़ 20 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी हैं। उपायुक्त ने उप मंडल अधिकारी नागरिक चुराह जोगिंदर पटियाल को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा की विभिन्न विकासात्मक कार्यों की भी तेजी लाई जाए और कार्यों की गुणवत्ता का भी विशेष रूप से ध्यान रखा जाए।इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

डी.ए.वी. पब्लिक में दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का शुभारंभ

टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ
डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल हमीरपुर में एच.पी. जोन-डी की दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन डीएवी सीएई के तत्वाधान मे डॉ वी. के. यादव जी के दिशा निदेर्शों के अंतर्गत प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा की देख रेख मे हो रहा है। 5 जनवरी, 2024 को कार्यशाला का उद्घाटन मेजबान स्कूल के प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा व ऑवजर्वर सुरेश शर्मा, प्रधानाचार्य डीएवी कांगू और ऑवजर्वर सुनील कुमार प्रधानाचार्य डीएवी लजियानी की उपस्थिति में किया गया। डीएवी हमीरपुर में चल रही कार्यशाला में नौ डीएवी स्कूलों के लगभग 200 शिक्षक भाग ले रहे

हैं। कार्यशालाओं का संचालन अंग्रेजी, हिंदी, सामाजिक विज्ञान, गणित, विज्ञान जैसे विभिन्न विषयों में मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है। कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के पहले दिन में शुक्रवार को अलग-अलग मेथोडोलॉजी पर चर्चा हुई। तीन ग्रुपों में चल रही कार्यशाला के पहले ग्रुप में प्राइमरी क्लास, दूसरे में 3 से 8वीं क्लास और तीसरे ग्रुप में 8वीं से 10वीं क्लास तक पढ़ानेवाले अध्यापक शामिल हैं। विभिन्न डीएवी स्कूलों के विभिन्न विषयों के अध्यापकों ने अपने-अपने विषय के एक्सपर्ट के साथ संवाद किया। प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा ने कहा कि इस तरह के प्रोग्राम केवल विद्यार्थियों के लिए ही नहीं शिक्षकों के लिए भी बेहद जरूरी है क्योंकि उन्हें भी एक्सपर्ट से रूबरू होकर नई नई तकनीकों व जानकारियां हासिल करने का अवसर मिलता है। जो उनकी शिक्षण प्रणाली को और बेहतर से बेहतर बनाने के लिए कारगर साबित होते हैं। उन्होंने कहा की ये सत्र शिक्षकों को एक मंच प्रदान करते हैं ताकि वे बेहतर सीख सकें और बेहतर प्रदर्शन कर सकें इसी उद्देश्य को मुख्य रखते हुए ही यह प्रोग्राम करवाए जा रहे हैं ताकि शिक्षकों को विद्यार्थियों की बेहतरी के लिए नई तकनीक की जानकारी हासिल हो जिनकी मदद से वे विद्यार्थियों की रुचि के अनुसार उन्हें ज्ञान देकर शिक्षित करें।

निर्वाचन क्षेत्र की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का प्रारूप तैयार

टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी
जिला निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक जिला लाहौल स्पीति रजनीश शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के अनुसार फोटोयुक्त मतदाता सूची अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के संदर्भ में 21-लाहौल स्पीति अ.ज.जा. विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों को प्रारूप में तैयार की गई है। प्रारूप फोटायुक्त मतदाता सूचियों की एक प्रति इस कार्यालय में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों/उप मण्डल अधिकारी ना. स्पिति स्थित काजा एवं उप मण्डल अधिकारी ना. उदयपुर जिला निर्वाचन अधिकारी

उपायुक्त के कार्यालय में तथा प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर अभिहित अधिकारी के पास सर्वसाधारण के निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि जिला के समस्त राजनैनिक दलों, गैर सरकारी स्वयंसेवी संगठनों, महिलाध्युवक मण्डलों एवं नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपना दायित्व निभाते हुए नियम स्थलों पर फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का निरीक्षण कर लें और समुचित दावे एवं आक्षेप सम्बन्धित अधिकारीध्कर्मचारियों के समक्ष निर्धारित समय पर प्रस्तुत करें, ताकि इन्हें शुद् एवं अद्यतन बनाया जा सके।

लूहरी जलविद्युत परियोजना चरण-1 के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया/रामपुर बुशहर/लिहांटू
एसजेवीएन की लूहरी जलविद्युत परियोजना चरण-1 में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन दिनांक 05 जनवरी, 2024 को बिथल स्थित कार्यालय परिसर में किया गया जिसमें कुल 54 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारम्भ महाप्रबन्धक/परियोजना प्रमुख श्री सुनील चौधरी, लूहरी जलविद्युत परियोजना द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

HIMACHAL PRADESH
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
E-Procurement Notice INVITATION FOR BIDS (IFB)-

The Executive Engineer, Bhoranj Division HP:PWD, Bhoranj on behalf of Governor of H.P. invites the item rate/ Percentage rate bids, in electronic tendering system from the eligible class of contractors registered with HPPWD for the work as per detail given below:-

Sr. No.	Name of Work	Estimated cost (In Rs.)	Earnest Money (in Rs.)	Cost of Tender	Starting date for downloading Bid	Deadline for submission of Bid
1	C/O Rajiv Gandhi Government Model Day Boarding School at Karah in Legislative Assembly Constituency Bhoranj, Distt. Hamirpur (HP) (SH:- C/D Primary block, retaining walls)	9,23,75,882/-	9,00,000/-	5000/-	15.01.2024	21.01.2024

The bidders are advised to note all details of tenders, changes, if any i.e. date, amount etc. from the department website www.hptenders.gov.in.
1. If opening day is a holiday, the tenders shall be opened on next working day at the same time.
2. The officer inviting tender shall not be held liable for any delay due to system failure beyond its control. It is the bidder's responsibility to verify the website for the latest information related to the tender. HIM SUCHANA AVAM JAN SAMPARK
For details log on to website https://hptenders.gov.in.

Executive Engineer,
Bhoranj Division,
HPPWD Bhoranj, Pin Code 176045
Tel. No. 01972-266099
e-mail : eepwd-bhoranj-hp@gov.in
For and on behalf of Governor of HP.

R.O.N-4829/2023-2024

HIM SUCHANA AVAM JAN SAMPARK

कुल्लू भाजपा किसान मोर्चा की कार्यकारिणी का हुआ गठन

टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी
भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कुल्लू मंडल ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया है किसान मोर्चा कुल्लू मंडल के अध्यक्ष प्रवीण राणा ने शीर्ष नेतृत्व से चर्चा करने के बाद कार्यकताओं को नियुक्तियां प्रदान की गई है और यह सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू की गई है

किसान मोर्चा कुल्लू मंडल अध्यक्ष प्रवीण राणा ने बताया कि उपाध्यक्ष के पद पर खिमी राम देहनी धार, राज कुमार वनाशा, यशपाल सिंह भूमतीर, सुरेन्द्र सिंह सोंखला खोखन, मेहर चन्द चौंग, महिन्द्र ठाकुर छैउंर, गोविन्द सिंह पिरड़ी को नियुक्त किया गया है। महामंत्री के पद पर तुलसी राम छमाहण और ठाकर दास बड़ी नेरी को नियुक्त किया गया है। मंडल में सचिव के पद पर नेत्र सिंह हुरण, यशवन्त सिंह माशना, यान सिंह टाहुक, राम सिंह वागावाई, बोध राज खलोगी, चुन्नी लाल चौज, विनोद ठाकुर कोलीवेहड़ को नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष के लिए सुन्दर ठाकुर शालंग, कार्यालय सचिव के लिए भवानी प्रसाद शर्मा माहिश, प्रवक्ता के लिए चमन लाल न्योली, सह-प्रवक्ता के लिए तेजा सिंह बुआई, मीडिया प्रभारी के लिए राकेश कुमार बड़ा भूईन, सह मीडिया प्रभारी के लिए जगदीश पराषर बदाह, सोशल मिडि?ा प्रभारी फतेह चन्द राणा चताणी को नियुक्त किया गया हैं।

HIMACHAL PRADESH
JAL SHAKTI VIBHAG
SHORT NOTICE INVITING E-TENDER

Online bids on items rate basis are invited by the Executive Engineer, Jal Shakti Division, Nahan on behalf of Governor of Himachal Pradesh, in electronic tendering system in two covers for the under mentioned work from the contractors/firms of appropriate class enlisted with Himachal Pradesh Jal Shakti Vibhag.

Sr. No	Description	E/ Cost	E/Money	Time	Cost of Form
1	Restoration of rain damages to WSS Nahan Town in Tehsil Nahan Distt. Sirmour HP (SH:- Drilling lowering assembling and development of T/well 300mm dia, 30 mtrs deep).	7,49,810/-	14,996/-	3 Months	250/-
2	Providing of LIS Dhakwala Kharwala in Tehsil Nahan Distt. Sirmour HP (SH:- Replacement of centrifugal pumping machinery with allied accessories)	5,90,000/-	11,800/-	1 Month	250/-
3	Providing LWSS to PC habitation under GP Koulanwala Bhood, Burmapupri, Paloo, Nahan and Barkala Tehsil Nahan Distt. Sirmour HP (SH:- Improvement of water supply in areas under LWSS Rampur, Khalki, Pilakheel, Kangar Gound and Improvement of pump house in LWSS Barman Dathrog and Pump house of LWSS Shilli Sarari by Repair of pump house cum attendant qtr for LWSS to Barman Dathrog and C/O retaining/Breast wall to protect the pump house at RD 0/0 to 18) Job No. 6 under JJM	13,11,731/-	26,235/-	3 Months	400/-
4	Providing LWSS to PC habitation under GP Koulanwala Bhood, Burmapupri, Paloo, Nahan and Barkala Tehsil Nahan Distt. Sirmour HP (SH:- Improvement of water supply in areas under LWSS Rampur, Khalki, Pilakheel, Kangar Gound and Improvement of pump house in LWSS Barman Dathrog and Pump house of LWSS Shilli Sarari by Repair of pump house single room and C/o additional room and C/o source ceiling work for LWSs Rampur) Job No. 1 under JJM	6,52,357/-	13,000/-	3 Months	250/-

1. Tender documents and other instructions can be downloaded or viewed online from the portal http://hptenders.gov.in by the firms/individual registered on the website which is free of cost.
2. As the bids are to be submitted online are required to be encrypted and digitally signed, the bidders are advised to obtain Digital Signature Certificate (DSC) from suitable venders or from any authorized agency at the earliest.
3. Key dates will be as under:-

1	Date of Online publication	05/01/2024 AT 5:00 PM
2	Downloading of e-tender Documents	From 05/01/2024 at 5:00 PM up to 9:00 AM on 15/01/2024
3	Date of submission of e-tendering	From 10/01/2024 at 5:00 PM up to 11:00 AM on 15/01/2024
4	Physical submission of earnest money deposit and cost of tender documents	Up-to 11:00 AM on 15/01/2024
4	Date of opening of Cover-1 (Eligibility criteria) and Cover-2 (Technical bid)	15/01/2024 at 11:30 AM
5	Date of Opening of Financial Bids Cover-2	Shall be intimated separately.

Note:- Other Tender information may be checked online portal website: www.hptender.com

Executive Engineer
Jal Shakti Division Nahan

R.O.N-4819/2023-2024 HIM SUCHANA AVAN JAN SAMPARK

विपक्ष विधायकों के विस क्षेत्रों से भेदभाव कर रही हैं सरकार: शर्मा

टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर
स्थानीय परिधि गृह में आयोजित पत्रकारवार्ता में श्री नयना देवी जी विस क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार विपक्ष के विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों के साथ भेदभाव और अन्याय कर रही है। जिससे जनता में रोष की लहर है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का नारा देकर जनता को भ्रमित करने में कामयाब रही कांग्रेस सरकार की कलई एक ही साल में खुल गई है। सरकार की सभी गारंटिया जमीन पर धराशायी हुई है। कांग्रेस की सबसे पहली गांरटी ओपीएस भी छलावा साबित हुई है। जिसका ताजा तरीन उदाहरण विद्युत बोर्ड के पैंशनर्ज द्वारा आंदोलन की राह पकड?ा है। उन्होंने कहा कि 12 महीने में 12 हजार करोड़ कर्ज लेने वाली कांग्रेस सरकार के पास कर्मचारियों को देने के लिए वेतन तक नहीं है जबकि पैंशनर्ज सरकार की ओर आस लगाए बैठे हैं। विद्युत बोर्ड कर्मी और पेंशनर्ज सरकार की लचर व्यवस्था को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि श्री नयना देवी जी और घवांडल सिविल अस्पताल में भाजपा के कार्यकाल में छह चिकित्सक सेवारत थे लेकिन सरकार परिवर्तन के बाद अब सारी व्यवस्था केवल एक चिकित्सक के सहारे है। लोगों को अपना इलाज करवाने के लिए बिलासपुर या फिर आनंदपुर साहिब जाना पड़ रहा है। जिससे धन और समय दोनो की बबार्दी हो रही है। जल शक्ति विभाग में चार कनिष्ठ अभियंताओं के पद रिक्त चल रहे हैं। यही नहीं सरकार ने प्राईमारी स्कूल बाग चन्यारा को भी डिनोटिफाई कर शिक्षा विरोधी होने का प्रमाण दिया है। इस स्कूल में पांच बच्चे अध्ययनरत हैं। जबकि नियमानुसार प्राईमरी स्कूल में पांच बच्चे होने चाहिए। इस बारे में एसएमसी ने भी लिखित रूप से अवगत करवाया बावजूद इसके स्कूल की नोटिफिकेशन ही रद्द कर दी गई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई फोरलेन से लोगों को सुविधा देने की कवायद शुरू की थी लेकिन प्रदेश सरकार ने एचआरटीसी बस रूटस को फोरलेन की ओर डायवर्ट कर दिया है। जिससे करीब छह सात पंचायतों के लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि इन पंचायतों में कुटैहला, मैहथी, कोठीपुरा, तनबौल, कचैली, कल्लर आदि के लोगों को आने जाने की दिक्कत हो रही है। स्वीकृत रूट पर भी बसें अपनी मर्जी से चल रही हैं। फोरलेन पर चलने के बावजूद लोगों से पुराना किराया वसूला जा रहा है जबकि फोरलेन सडक बनने से 26 किलोमीटर की दूरी कम हुई है। सरकार वितिय कुप्रबंधन के चलते सरकार ने फिजूलखर्ची को बढ़ावा दिया। सीपीएस को मंत्री की सुविधाए मंत्रियों की कोठियों पर करोड़ों बहाए गए, बोर्डों निगमों के चेयरमैन बना कर सरकारी खजाना लुटाया जा रहा है। विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि महिलाओं को पंद्रह सौ रूपए, बेराजगारों को रोजगार, किसानों को गोबर खरीदने के लिए इंतजार आदि सारे वायदे धरातल पर औंधे मुंह गिरे हैं।

राजकीय उच्च विद्यालय डगोह का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

44 लाख की राशि से नवनिर्मित अतिरिक्त स्कूल भवन का किया लोकार्पण

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद
विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में राजकीय उच्च विद्यालय डगोह का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कुलदीप सिंह पठानिया ने इस दौरान 44 लाख रुपयों की राशि से नवनिर्मित अतिरिक्त स्कूल भवन का लोकार्पण भी किया।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों के पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जा रहा है। इसके अतिरिक्त वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर स्कूलों में रिक्त अध्यापकों के पदों को गेस्ट टीचर के रूप में भरने पर भी विचार किया जा रहा है।कुलदीप सिंह पठानिया ने स्कूल के खेल मैदान बनाने को लेकर लोक निर्माण

विभाग के अधिकारियों को एफआरए अनुमति मामला तैयार करने को कहा। उन्होंने स्कूल परिसर के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग 154ए पर वर्षा शालिका बनाने के निर्देश भी दिए। साथ में खंड विकास अधिकारी को स्कूल के मुख्य द्वार का निर्माण करने को कहा। विधानसभा अध्यक्ष ने स्थानीय लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि तारागढ़, चलामा, तुन्नुहट्टी इत्यादि ग्राम पंचायतों में आवश्यक विकासात्मक कार्यों में विशेष प्राथमिक्त रखी जा रही है।साथ में यह भी सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि पेयजल व विद्युत आपूर्ति, शिक्षा व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ बनी रहे। उन्होंने आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र तुन्नुहट्टी में आवश्यक उपकरणों एवं सामान की आपूर्ति जल्द उपलब्ध करवाने का भरोसा भी दिया। इससे पहले उन्होंने दीप प्रज्वलित कर वार्षिक पारितोषिक वितरण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।स्कूल के विद्यार्थियों ने इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा। विधानसभा अध्यक्ष ने स्कूल के सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 15000 हजार की धनराशि देने की घोषणा की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किये। मुख्य अध्यापक राजेश कुमार ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष का स्कूल परिसर में पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन समिति एवं स्थानीय लोगों द्वारा गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह चाढक, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण हर्षपुरी, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, जिला समन्वयक एनएसएस मीना चाढक, अधिशासी अभियंता विधुत अग्रेज सिंह, खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार, अध्यक्ष स्कूल प्रबंधन समिति ओम प्रकाश सहित पंचायती राज संस्थाओं के जन प्रतिनिधि, स्कूल विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

एसजेवीएन ने 200 मेगावाट सौर विदयुत के लिए यूपीसीएल के साथ

टीम एक्शन इंडिया/शिमला
नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने बताया कि एसजेवीएन ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अधीनस्थ कंपनी एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एसजीईएल) के माध्यम से उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) के साथ एक पावर उपयोग करार पर हस्ताक्षर किए हैं। श्री नन्द लाल शर्मा ने कहा कि निमार्णाधीन 1000 मेगावाट बीकानेर सौर ऊर्जा परियोजना (बीएसपीपी) से यूपीसीएल को आपूर्ति की जाने वाली 200 मेगावाट सौर विदयुत क्षमता के लिए इस करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एसजेवीएन द्वारा एसजीईएल के माध्यम से इरेडा की सीपीएसयू योजना के अंतर्गत यह सौर परियोजना राजस्थान में विकसित की जा रही है। परियोजना की विकास लागत 5491 करोड़ रुपए है। यह

परियोजना डोमेस्टिक कंटेंट रिक्वायरमेंट मोड के तहत विकसित की जा रही है और अप्रैल 2024 तक कमीशनिंग के लिए निर्धारित है। परियोजना से उत्पादित विदयुत का उपयोग सरकारी निकायों द्वारा स्वयं या डिस्कॉम के माध्यम से किया जाएगा। इसी के साथ यह परियोजना सौर आरपीओ लक्ष्यों को पूरा करने और विदयुत आपूर्ति में योगदान देगा। इस विदयुत उपयोग करार पर श्री अजय कुमार सिंह, सीईओ, एसजीईएल और एसई, यूपीसीएल ने देहरादून में हस्ताक्षर किए। इससे पूर्व, एक प्रमुख उपलब्धि के रूप में, भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 3 जनवरी 2023 को 1000 मेगावाट बीकानेर एसपीपी की आधारशिला रखी थी। इस परियोजना से प्रथम वर्ष में 2455 मिलियन यूनिट और 25 वर्षों की अवधि में संचयी रूप से लगभग 56838 मिलियन यूनिट विदयुत उत्पन्न होने की संभावना है।

लोक निर्माण विभाग के तहत लाये जाएंगे पंचायतों द्वारा निर्मित संपर्क मार्ग-विधानसभा अध्यक्ष

टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद
विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायतों द्वारा निर्मित सभी संपर्क मार्गों को चरणबद्ध ढंग से लोक निर्माण विभाग के तहत लाया जाएगा। वे कैहलू में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने इस दौरान 89 लाख रुपए की राशि से निर्मित होने वाले कैहलू-रैणा संपर्क मार्ग का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि कैहलू-रैणा संपर्क मार्ग को संग्रेहण तथा बलेरा गांव तक विस्तार दिया जाएगा ।भटियात

विधानसभा क्षेत्र के तहत सडक निर्माण को लेकर अपने प्रतिबद्धता की बात दोहराते हुए कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि दिसंबर 2026 तक सभी गांव को सडक सुविधा उपलब्ध करवा दी जाएगी।साथ में उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार जन कल्याण को आधार मानकर विकास कार्य को सुनिश्चित बना रही है।उन्होंने इस दौरान विधानसभा क्षेत्र में किये जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का जिक्र भी अपने संबोधन में किया।

सभी पंचायतों में जन्म एवं मृत्यु का ऑनलाइन पंजीकरण सुनिश्चित करे : उपायुक्त

ऑनलाइन पंजीकरण के संबंध में अंतर विभागीय समिति की बैठक का आयोजन, उपायुक्त ने की अध्यक्षता

टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा
उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी की अध्यक्षता में आज यहां वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जिला के सभी खंड विकास अधिकारी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी के साथ शत.प्रतिशत जन्म एवं मृत्यु ऑनलाइन पंजीकरण के संबंध में अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। आदित्य नेगी ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर सभी पंचायतों में जन्म एवं मृत्यु का

ऑनलाइन पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि खंड विकास अधिकारी जन्म एवं मृत्यु का 6 साल तक का ही रिकॉर्ड अपने पास रख सकते है, उस से पुराने रिकॉर्ड को सभी जिला स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण 21 दिनों के भीतर करना होता है, उसके उपरांत 21 से 31 दिनों के भीतर 2 रूपए विलंब शुल्क के साथ स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म व मृत्यु के माध्यम से पंजीकरण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उसके उपरांत 30 दिनों से 1 साल के भीतर 5 रुपए विलंब शुल्क के साथ जिला रजिस्ट्रार के अनुमोदन के माध्यम से जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि नवजात शिशु के जन्म के दौरान शिशु का आधार पंजीकरण करवाना भी आवश्यक है। उन्होंने इस संदर्भ में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खंड विकास अधिकारी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर ग्रामीण स्तर पर इस संदर्भ में लोगों को जागरूक करें। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेखा चोपड़ा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच आर ठाकुर, जिला पंचायत अधिकारी यशपाल शर्मा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

न्यूज फ्लैश

वी और टीम वाइटेलिटी ने भारत में की सामरिक साझेदारी

शिमला: स्टेट ऑफ इंडिया गेमिंग रिपोर्ट 2022 के अनुसार भारत का ईस्पोर्ट उद्योग 2027 तक 140 मिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने का अनुमान है।पिछले कुछ सालों के दौरान ईस्पोर्ट्स ने मुख्य धारा स्पोर्ट के रूप में ख्याति अर्जित की है, खास तौर पर कई इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म्स पर ऑफिशियल मेडल स्पोर्ट्स के रूप में शुरूआत करने के बाद इनकी लोकप्रियता बढ़ी है।तेजी से बढ़ती इस कन्ज्यूमर कैटेगरी को ध्यान में रखते हुए भारत के प्रमुख टेलीकॉम ऑपरेटर वोडाफोन आइडिया और पेरिस से इंटरनेशनल मान्यता प्राप्त ईस्पोर्ट्स संगठन टीम वाइटेलिटी ने भारत में ईस्पोर्ट सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए दीर्घकालिक साझेदारी की है।अपनी तरह की अनूठी साझेदारी के तहत दोनों ब्राण्ड्स ईस्पोर्ट्स के प्रशंसकों और गेमिंग प्रेमियों को एक्सपोजर एवं अवसर प्रदान करेंगें।इस साझेदारी के कई पहलू होंगे जैसे ब्राण्ड स्पॉन्सरशिप, कंटेंट पार्टनरशिप्स, गेमिंग इवेंट्स और अभूतपूर्व अनुभव।इससे वी के उपभोक्ता ईस्पोर्ट्स में हिस्सा ले सकेंगे और कुछ लोकप्रिय टीम वाइटेलिटी टूनार्मेन्ट्स एवं टीमों का एक्सेस पास केंगे। यह साझेदारी देश भर में उभरती ईस्पोर्ट्स प्रतिभा को प्रोफेशनल प्लेयर्स के साथ जुड़ने, मास्टर क्लासेज में हिस्सा लेने, ईस्पोर्ट्स प्रतिभा के साथ मीट एण्ड ग्रीट तथा अन्य अवसर प्रदान करेगी।

सोलन की विख्यात पर्वतारोही बलजीत कौर को टाटा पावर ने बतौर सस्टेनेबिलिटी चैम्पियन नियुक्त किया

सोलन: भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक, टाटा पावर ने कंपनी के रिन्यूएबल्स बिजनेस में सस्टेनेबिलिटी चैम्पियन के रूप में विख्यात पर्वतारोही, बलजीत कौर को शामिल किया है। अपरंपरागत क्षेत्रों में दमदार प्रदर्शन कर रहे देश के प्रतिभावान युवाओं को समर्थन देने की कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप यह निर्णय लिया गया है।हिमाचल प्रदेश की 'पहाड़ियों की बेटी' बलजीत का प्रकृति से गहरा जुड़ाव है और वह पहाड़ों को अपना "पहला प्यार" बताती हैं। पर्यावरण के अनुकूल जीवन के मूल्य को वह वास्तव में समझती है।स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को अपनाकर पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को बढ़ावा देने वाले, टाटा पावर के 'सस्टेनेबल इज अटेनेबल' का समर्थन करने में बलजीत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।पर्वतारोहण जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में, 27 वर्षीय बलजीत कौर ने अपनी असाधारण उपलब्धियों के साथ अनोखी पहचान बनाई है।2023 में, उन्हें इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन द्वारा पर्वतारोहण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। बलजीत ने कई उल्लेखनीय प्रथम स्थान हासिल किए हैं,वह 8000 मीटर से अधिक ऊंचाई की सात चोटियों पर चढ़ने वाले पहली भारतीय हैं।

सीसे स्कूल करियां का वार्षिक परितोषिक वितरण समारोह आयोजित

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद
सदर विधायक नीरज नैय्यर ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करियां के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर नीरज ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार की योजना बनाई जा रही है। अध्यापकों की कमी को दूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले 10 स्कूलों को राज्य स्तर पर तथा जिला स्तर पर 5-5 स्कूलों का चयन किया

जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर और कक्षाओं में सुधार लाया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों के सीखने के बेहतर अनुभव प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी राजकीय डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने जा रही है, जहां विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के उपाय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध करवा रही है। शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक ने प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखों के नेतृत्व में सरकार ने प्रदेश के 4000 अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा दिया, जिसके तहत उनकी देख-रेख, शिक्षा और आत्मनिर्भर बनाने का जिम्मा प्रदेश सरकार का कानूनी दायित्व है। उन्होंने कहा कि मेधावी छात्राओं को ई-स्कूटी खरीदने के लिए 25 हजार रुपए का अनुदान प्रदान कर रही है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और पढ़ाई-लिखाई के साथ साथ खेलकूद, तथा अन्य सामाजिक गतिविधियों में भाग लेना का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति हमारी बहुमूल्य सम्पदा है उनकी उर्जा का सकारात्मक सदुपयोग करके सम्पूर्ण विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कहा कि चंबा विधान सभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्रांम पंचायत में खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए खेल मैदान निर्मित किये जायेंगे। उन्होंने जिला को पयर्टन की दृष्टि से विकसित करने तथा श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान चंबा हेलिपेड से गोरीकुंड तक हेली टैक्सी सेवा शुरू करने के प्रयास की बात भी अपने सम्बोधन में कही। स्कूल के विद्यार्थियों ने इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा। नीरज ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए स्कूल को 11 हजार रुपये प्रदान करने की घोषणा की और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किये।

प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी कृतज्ञ कुमार, डिप्टी डीईओ जितेंद्र सूर्य, सहायक अभियंता हंसराज चौहान, प्रधान दीपक, म्यूजिक प्रवक्ता गुलशन पाल व कनिष्ठ अभियंता शकील सहित काफी मात्रा में स्कूली बच्चे और उनके अभिभावक मौजूद रहे।

20 लाख से तैयार सुंदर पार्क पावंटा साहिब की सुंदरता को लगेंगे चार चाँद

टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ
पांवटा साहिब के यमुना नदी के तट में वन विभाग द्वारा 20 लाख की लागत से तैयार पार्क जल्द ही लोगो को समर्पित किया जाने वाला है जिसको लेकर लोगों में अभी से हीं पार्क देखने को उत्साह है। इस पार्क के सोंदर्यकरण को लेकर हो रहा काम लगभग खत्म हो चुका है, सभी काम के खत्म होने के बाद यह पार्क भी लोगो को समर्पित कर दिया जाएगा। जिसके बाद लोग व बच्चे इस पार्क में भी सैर कर सुबह शाम को सूरज के निकलने व डूबने के मनमोहक

दृश्य को देख पाएंगे। वन विभाग पांवटा के डीएफओ ऐष्वर्यराज ने बताया कि वन विभाग द्वारा यमुना नदी के तट पर बनाए जा रहे एक और पार्क के सौंदर्यकरण का काम लगभग पूरा हो चुका है अब जल्द ही यह पार्क लोगो के लिए समर्पित कर दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस पार्क में बच्चो के मनोरंजन के लिए एक विशालकाय हाथी व उसके बच्चे का बूथ बनाया गया है। साथ ही लोगो के सैर करने के लिए पथ भी बनाया गया है। इसके इलावा इस पार्क में बच्चो के लिए प्ले एरिया बनाया जा रहा है ताकि बच्चे भी इस पार्क में आ कर खेल सके। पार्क में बच्चो और बुजुर्गों के बैठने के लिए बेंच भी बनाये गए है। बता दे पांवटा साहिब में वन विभाग द्वारा बनाए जा रहे पार्क में विभाग द्वारा बच्चों का आकर्षित करने के लिए विशालकाय हाथी की मूर्ति को सेल्फी प्वाइंट के नाम से बोला जाएगा। साथ ही एक छोटे हाथी के बच्चे की भी मूर्ति बनाई गई है ताकि पार्क का सौंदर्यकरण हो सके।

चम्बा मुख्यालय मे आयोजित हुई कांग्रेस पार्टी की ब्लॉक स्तरीय जनरल हाऊस बैठक

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद
शुक्रवार को चम्बा के होटल आशियाना मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चम्बा की जनरल हाऊस बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चम्बा सदर के विधायक नीरज नैयर ने की जिस दौरान उनके साथ कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता जगदीश हार्डी व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चम्बा के अध्यक्ष विशेष रूप से मौजूद रहे।बैठक की शुरूआत करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर ने समस्त कांग्रेस पार्टी व फ्रंटियर सगठनों के पदाधिकारियों व सदस्यों का अभिवादन किया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक नीरज नैयर ने कहा कि सरकार को बने अभी एक वर्ष का समय हुआ है। इस छोटे से कार्यकाल मे प्रदेश मुख्यमंत्री ठाकुर सुक्खविंदर सिंह सुक्खू ने मैडिकल कालेज चम्बा के लिए150 करोड़ रुपए की राशी स्वीकृत की है जिससे मैडिकल कालेज के काम मे तीव्रता आई है उन्होंने कहा कि जल्द ही मैडिकल कालेज चम्बा के नए भवन मे ओपीडी शुरू की जाएगी जिसका विधिवत लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी वर्ष लोकसभा के चुनाव होने वाले हैं। इसलिए हर कांग्रेस कार्यकर्ता को चुनावों के अपनी कमर कस के सत्तारूढ़ पार्टी को सत्ता से बेदखल करने के लिए तैयार रखना है। वहीं उन्होंने कहा कि सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना के तहत उदयपुर पंचायत मे चयनित की गई 50 बीघा भूमी पर अंग्रेजी मीडिया स्कूल का शिलान्यास किया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि उन्होंने चम्बा विधानसभा क्षेत्र के लायक 42 नई सडकों के निर्माण का प्रस्ताव सरकार के समक्ष रखा है जिसके तहत अधिकतर सडकों के निर्माण की स्वीकृति मिल गई है।

विधायक ने कहा कि देश भर मे प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तीसरे चरण मे चम्बा विधानसभा क्षेत्र की 8 सडकों के उन्नयन का चयन किया गया है जिसके लिए 80 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हो चुके है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ का हमीरपुर में आना गर्व की बात : देशराज शर्मा

टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ
भारतीय जनता पार्टी कार्यालय हमीरपुर में आज शुक्रवार को जिला भाजपा पदाधिकारियों की बैठक जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में पूर्व कार्यक्रमों की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्यक्रमों के ऊपर विस्तृत चर्चा भी हुई। भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर ने की समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा ने जिला पदाधिकारीगण के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में विचार सांझा किए। उन्होंने कहा कि 6 जनवरी शनिवार को भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग

ठाकुर जी के आहवन पर हमीरपुर में एक से श्रेष्ठ भारत प्रोग्राम में एकदिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि हम सब जिलावासियों के लिए एक बहुत ही गर्व की बात है। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि आप सभी भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढकर भाग लें। साथ ही देशराज शर्मा ने कहा कि इसी वर्ष कुछ महीनों बाद लोकसभा के चुनाव होने हैं, चुनाव को लेकर भी सभी पदाधिकारी जुट जाएं। आगामी जो भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम हैं उनके भागीदार बनें। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर भाजपा युवा सम्मेलन करने जा रही है। इसी तरह 22 जनवरी को एक बहुत बड़ा कार्यक्रम पूरे भारतवर्ष में होना है। जिस तरह 14 वर्ष का वनवास काट कर प्रभु श्री राम अयोध्या वापस आए थे, इस तरह अब 500 वर्षों के बाद श्री राम प्रभु अपने घर अयोध्या में विराजमान होने जा रहे हैं और यह पूरे भारतवर्ष के लिए बहुत ही बड़े गर्व की बात है। इस कार्यक्रम को भी हर पदाधिकारी-कार्यकर्ता अपने-अपने नजदीकी मंदिरों में जाकर प्रभु श्री राम का स्वागत करें और भजन कीर्तन करें। जहां तक संभव हो एलईडी स्क्रीन पर वहां से लाइव देखें और इस भव्य कार्यक्रम के भागीदार बनें। इसी तरह 24 जनवरी को भाजपा मतदाता दिवस मनाएगी और इस दिन नव मतदाता युग सम्मेलन का कार्यक्रम होगा। इन सभी कार्यक्रमों के ऊपर जिला अध्यक्ष ने विस्तृत चर्चा पदाधिकारीगण के साथ की। इस बैठक में जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा के अतिरिक्त पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, जिला भाजपा के महामंत्री राकेश ठाकुर, अजय रिंटू, उपाध्यक्ष वीना कपिल, कोषाध्यक्ष तेज प्रकाश चोपड़ा, जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र शर्मा, सचिव पवन शर्मा, उपाध्यक्ष हरदयाल, सचिव प्रमिला, सपना सोनी, आईटी संयोजक विकास कानव, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल काकू, जिला भाजपा के सह मीडिया प्रभारी राकेश पठानिया व जिला भाजपा मीडिया प्रभारी विकास शर्मा, कार्यालय सचिव गजन राम, कार्यालय सह सचिव होशियार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक शुरू होने से पहले जिला के महामंत्री राकेश ठाकुर ने शोक प्रस्ताव रखते हुए हमारे कुछ भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने अपने परिवार में से कुछ सदस्यों को खोया है, उसके ऊपर 2 मिनट का मौन रखा। भाजपा के पदाधिकारी जिन्होंने अपने परिवारजनों को खोया है उसमें सुरेश कुमार जो शिमला दीपकमल पार्टी कार्यालय में कार्यरत हैं उनके पिता जी के देहांत, अभयवीर सिंह लवली जिला भाजपा के उपाध्यक्ष उनकी नानी जी के देहांतए जिला महिला मोर्चा की महामंत्री सुनीता सोनी के भाई के देहांत व भाजपा कार्यकर्ता आशु मंडियाल के भाई मंडियाल के देहात पर 2 मिनट का मौन रखा गया।

तीन राज्यों में मिली जीत पर नड्डा का कांग्रेस पर तंज बोले: काठ की हांडी बार-बार नही चढ़ाई जाती

भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर नड्डा का तंज : कांग्रेस ने हमेशा किया है देश को तोडने का काम, आज की जा रही जोडने की बातें

टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष

तीन राज्यों में प्रचंड जीत हासिल करने के बाद आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सोलन दौरे पर रहे, इस दौरान हिमाचल प्रदेश के सोलन में उनका अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। सोलन पहुंचने पर जगत प्रकाश नड्डा का हिमाचल के भाजपा नेताओं ने फूलों की बारिश कर स्वागत किया। इस दौरान सोलन के मॉल रोड़ पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रोड़ शो भी किया इस दौरान सैंकड़ो की संख्या में लोगों का हुजूम इस रोड़ शो में देखने को मिला। रोड़ शो के

दौरान जगह जगह पर भाजपा के कार्यकताओं, युवा मोर्चा महिला मोर्चा के कार्यकताओं में नड्डा जी को जय श्री राम के नारे लगाकर स्वागत कियाएइस दौरान नड्डा ने भी सभी का अभिवादन स्वीकार कर रोड शो में सबको हाथ जोडकर प्रणाम किया। रोड़ शो के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा मंच स्थल पर पहुँच, शहर के ओल्ड बस स्टैंड पर इस दौरान भाजपा के कार्यकताओं ने उन्हें त्रिशूल भी भेंट किया। जगत प्रकाश नड्डा ने सोलन में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे माँ शूलिनी के स्थान पर आने का मौका मिला है। नड्डा ने कहा कि ये अभिनन्दन मेरा नही है किसी राष्ट्रीय अध्यक्ष का नही है ये अभिनन्दन उस विचारधारा का है जिसने चार-चार पीढ़ियों को खपा दियाए उन चार पीढ़ियों ने अपना पूरा जीवन भाजपा को दिया। राज्यस्थान मध्यप्रदेश छतीसगढ़ में जीत भाजपा को मिली है वहीं तेलंगाना में वोट प्रतिशत भाजपा का बढ़ा है।

काठ की हांडी बार बार नही चढ़ाई जाती, झूठ की राजनीति हर बार नही चलती

नड्डा ने तीन चुनावो में मिली जीत को लेकर कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि काठ की हांडी बार बार नही चढ़ती है, नड्डा ने कहा कि हर बार कांग्रेस ने झूठ की राजनीति करके इन तीन राज्यों में जीत हासिल की लेकिन झूठ की राजनीति हर बार नही चलती है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर नड्डा का तंज :कांग्रेस ने हमेशा किया है देश को तोडने का काम नड्डा ने कांग्रेस की शुरू होने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि आज वो लोग देश को जोडने की बात कर रहे है जिन्होंने हर मुद्दे पर हर बार देश को तोडने का काम किया है, लेकिन आज कांग्रेस के नेता जोड़ो यात्रा को शुरू करने की बात कर रहे हैएनड्डा ने कहा कि जबतक कांग्रेस के नेता देश को तोडने के लिए माफी नही मांगते है तबतक देश कांग्रेस को माफ नही करेगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने 102 व 108 एम्बुलेंस सेवाओं में सुधार के दिए निर्देश

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल ने आज यहां 102 और 108 एम्बुलेंस सेवाओं के संचालन और रखरखाव पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए एम्बुलेंस सेवा प्रदाता को अपनी सेवाओं में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता से शिकायतें मिली हैं कि कंपनी मानदंडों के अनुसार एम्बुलेंस नहीं चला रही है। यह भी देखा गया है कि एम्बुलेंस और संबंधित सेवाएं या तो क्रियाशील नहीं हैं या उनका रखरखाव ठीक से नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस सेवा प्रदाता पर मरीजों को आवश्यक सेवाएं प्रदान करने की महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी है और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने में किसी भी प्रकार की चूक पर सरकार द्वारा कड़ी कार्यवाही

की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश के लोगों द्वारा जन प्रतिनिधियों के ध्यान में यह बात लाई गई है कि एम्बुलेंस सेवा प्रदाता द्वारा चलाई जा रही 102 व 108 एम्बुलेंस में या तो बुनियादी सुविधाओं, जैसे कि सहायता प्रदाता, ऑक्सीजन सिलेंडर या अन्य चिकित्सा उपकरण का अभाव है या फिर इन बुनियादी सुविधाओं का पर्याप्त रखरखाव नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही इन सेवाओं में सुधार नहीं किया गया और लोगों की असुविधाओं के चलते शिकायतें जारी रहींए तो सेवा प्रदाता के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर सचिव स्वास्थ्य एम.सुधा देवी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक प्रियंका वर्मा, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. गोपाल बेरी, उप निदेशक कानूनी, निदेशालय स्वास्थ्य सेवाएं, अंकिता वर्मा और कंपनी के हितधारक बैठक में उपस्थित थे।

जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक में लंबित देनदारी और एनपीए अकाउंट को लेकर वन टाइम सेटलमेंट फिर से शुरू

टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष

वित्त वर्ष 2023-2024 की त्रैमासिक प्रोग्रेस रिपोर्ट को लेकर जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक के 33 शाखा के मैनेजर्स और हेड ऑफिस के एजीएम के साथ चेयरमैन एडवोकेट मुकेश शर्मा ने और बैंक के प्रबंध निदेशक पंकज सूद ने निजी होटल में बैठक ली। वित्त वर्ष 2023-2024 की 31-12-2023 तक 9 माह में बैंक का व्यवसाय संतोषजनक रहा है और इसे बेहतर करने के लिए बैंक के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की 31 मार्च 2024 तक बैंक के डिपॉजिट लोन और एनपीए को 5प्रतिशत करने का टारगेट दिया। वित वर्ष 2023-23 में 31 दिसंबर तक बैंक की कार्यशील पूंजी 1698 करोड़ से बढकर 1787 करोड रुपए हुई है जिसमें 90 करोड रुपए का इजाफा है। इसी प्रकार जमा पूंजी 1291 करोड़ से बढकर 1356 करोड़ हुई है जिसमें 65 करोड रुपए का इजाफा है साथ में 31 मार्च 2023 तक बैंक में 569 करोड़ का लोन दिया था वह 31 दिसंबर तक 619 करोड रुपए हो गया है जिसमें लगभग 50 करोड रुपए का इजाफा है। जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक में लंबित देनदारी और एनपीए अकाउंट को लेकर वन टाइम सेटलमेंट फिर से शुरू किया गया है जो की 31 मार्च 2024 तक लागू रहेगी। बैंक चेयरमैन मुकेश शर्मा ने सभी लंबित पड़े मामलों को सुलझाने के लिए ग्राहकों से निवेदन किया है कि इस सुनहरे अफसर का लाभ उठाएं। पिछले 3 महीने में बेस्ट परफॉर्मिंग बैंक के मैनेजर को भी सम्मानित किया गया जिसमें पहले नंबर पर जयनगर ब्रांच, दूसरे नंबर पर सोलन ब्रांच और तीसरे नंबर पर शोभन माजरा की शाखा शामिल रही। बैंक के ए जी एम कुलदीप कुमार, ए जी एम राम पॉल, ए जी एम हरीश कुमार, गुरमीत सिंह, भारत भूषण तहसीलदार रिकवरी करम सिंह हिमराल आदि मौजूद रहे।

परिजनों ने एसडीएम व डीसी से मिलकर लगाई न्याय की गुहार

टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ

दिन पहले हमीरपुर विधानसभा के खगल गांव में सेफ्टिक टैंक में गिरने से सात वर्षीय बच्चे की मौत हो गई थी परिजनों को न्याय दिलाने के लिए हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चेयरमैन व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नवीन शर्मा के नेतृत्व में परिजनों व ग्रामीणों का प्रतिनिमण्डल एसडीएम हमीरपुर व डीसी हमीरपुर से मिला उन्होंने फोरलेन का काम कर रही कंपनी पर आरोप लगाते हुए कहा कि पहले तो बिना नोटिस दिए हुए उनके घर व सेफ्टिक टैंक के लेंटर को तोड़ दिया फिर कंपनी ने सेफ्टिक टैंक को उखाड़ा तक नहीं और ऊपर से खुला छोड़ दिया जिसकी वजह से उनके सात वर्षीय पुत्र की खुले टैंक में गिरने से दुखद मृतु हो गई।

ग्रामीणों ने अधिकारियों से गुहार लगाते हुए कहा कि यह सब फोरलेन का काम कर रही कपंनी की लापरवाही से हुआ है और कड़ी से कड़ी कार्यवाही फोरलेन का काम कर रही कंपनी के अधिकारियों पर की जाए और दोषियों को सजा दी जाए। प्रतिनिधि मंडल में नेरी पंचायत के प्रधान विपन कुमार, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ला, हमीरपुर युवा मोर्चा महामंत्री अजय शुक्ला नादौन युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अक्षय कुमार सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

सोलन की विख्यात पर्वतारोही बलजीत कौर को टाटा पावर ने बतौर सस्टेनेबिलिटी चैम्पियन नियुक्त किया

टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष

भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक, टाटा पावर ने कंपनी के रिन्यू, बल्स बिज?स में सस्टेनेबिलिटी चैम्पियन के रूप में विख्यात पर्वतारोही, बलजीत कौर को शामिल किया है। अपरंपरागत क्षेत्रों में दमदार प्रदर्शन कर रहे देश के प्रतिभावान युवाओं को समर्थन देने की कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप यह निर्णय लिया गया है।हिमाचल प्रदेश की पहाडि?ों की बेटी बलजीत का प्रकृति से गहरा जुड़ाव है और वह पहाड़ों को अपना पहला प्यार बताती हैं। पर्यावरण के अनुकूल जीवन के मूल्य को वह वास्तव में समझती है।स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को अपनाकर पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को बढ़ावा देने वाले, टाटा पावर के सस्टेनेबल इज अटेनेबल का समर्थन करने में बलजीत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।पर्वतारोहण जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में, 27 वर्षीय बलजीत कौर ने अपनी असाधारण उपलब्धियों के साथ अनोखी पहचान बनाई है।2023 में, उन्हें इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन द्वारा पर्वतारोहण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।बलजीत ने कई उल्लेखनीय प्रथम स्थान हासिल किए हैं, वह 8000 मीटर से अधिक ऊंचाई की सात चोटियों पर चढ? वाले पहली भारतीय हैं।माउंट एवरेस्ट, माउंट ल्होत्से और माउंट मनास्लू पर चढ? वाली वह पहली भारतीय महिला हैं।इन पर्वतों पर उन्होंने अपने साहसए अटूट दृढ़ संकल्प और लचीलेपन का प्रदर्शन करते हुए बिना ऑक्सीजन के चढ़ाई की।ये ऐसे गुण हैं जिनकी टाटा पावर न केवल सराहना करती है बल्कि अपने कार्यबल और समुदाय में भी इन्हें स्थापित करती है।बलजीत देश भर में टाटा पावर के हजारों कर्मचारियों को प्रकृति के साथ जुड़ाव बढ़ाने और कंपनी की पर्यावरण देखभाल और सामुदायिक विकास पहल को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेंगी। बलजीत कौर ने कहा, मैं उत्साहित हूं कि मुझे टाटा पावर टीम का हिस्सा बनने और टिकाऊ जीवन के उद्देश्य को बढ़ावा देने का मौका मिला है।स्थिरता और देश भर में विभिन्न क्षेत्रों में युवा प्रतिभाओं का समर्थन करने वाला यह मंच पाकर मैं रोमांचित हूं। इस समर्थन के साथ, मैं पर्वतारोहण में स्थिरता और महिलाओं के सशक्तिकरण दोनों में सार्थक योगदान देने के लिए तत्पर हूं।

जोगिंद्रनगर में रोटरी क्लब द्वारा एंटी ड्रग्स कार रैली के माध्यम से नशे से दूर रहने का आह्वान

टीम एक्शन इंडिया/ जोगिंद्रनगर/ संगराय

जोगिंद्रनगर में नशे के दुष्प्रभाव को दूर करने के लिए रोटरी क्लब के सौजन्य से जोगिंद्रनगर एथेलेटिक्स सेंटर के मैदान से एंटी ड्रग्स कार रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को तहसीलदार डॉ मुकुल अनिल शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान एसएचओ जोगिंद्रनगर निर्मल सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे।इस दौरान तहसीलदार ने कहा कि नशा आज हमारे देश

व प्रदेश की बहुत बड़ी समस्या है। जिससे हमारा युवा वर्ग प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों की ओर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। खेलों से न केवल वे नशे से दूर रहेंगे बल्कि अन्य क्षेत्रों में आगे बढकर सशक्त देश, प्रदेश व समाज का निर्माण करने में सक्षम होंगे।

राजकीय महाविद्यालय देहरी मे सात दिवसीय वार्षिक एनएसएस शिविर

टीम एक्शन इंडिया/ कांगड़ा/ विजय समयाल। वजीर राम

सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी के सात दिवसीय वार्षिक एनएसएस शिविर के पांचवे दिन मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व संयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग, डॉक्टर आशीष कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनको राष्ट्रीय सेवा योजना के सिद्धांतों के बारे में अवगत कराया और साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि वे राष्ट्र सेवा में तन मन धन से अपना योगदान दें और इस राष्ट्र सेवा की सोच को समाज में अपने व्यवहारिक जीवन में लाएं।

मायना बाग में एक करोड़ की लागत से डॉक्टर प्रेम सिंह मेमोरियल स्टेडियम का होगा निर्माण: विनय कुमार

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के मायना बाग में एक करोड रुपए की लागत से डॉक्टर प्रेम सिंह मेमोरियल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। इस खेल स्टेडियम में ओए ऐज खिलाडि?ों के लिए विभिन्न प्रकार की खेल सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश विधानसभा विनय कुमार ने यह जानकारी आज रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के दौरान थाना खेगवा में जन समस्याएं सुनते हुए दी। उन्होंने स्टेडियम निर्माण के लिए एक करोड़ रूपए की धनराशि मुहैया करवाने के लिए प्रदेश के लोक निर्माण एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह का आभार जताया है। उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश विधानसभा श्री विनय कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आरंभ किया जा रहा है जिसके तहत 8 जनवरी को हरिपुरधार से रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के लिए यह कार्यक्रम आरंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में सरकार की जन हितेषी योजनाओं और कार्यकर्मों की व्यापक जानकारी जनता को देने के साथ ही उनकी विभिन्न समस्याओं का समाधान मौके पर करने के प्रयास किये जायेंगे। विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि मण्डलों ने भी आज विनय कुमार से भेंट कर अपनी समस्या से उन्हें अवगत करवाया। विनय कुमार ने प्रतिनिधि मण्डलों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

उपायुक्त गर्ग ने किया 21 दिवसीय निशुल्क बैडमिंटन कोचिंग शिविर का शुभारंभ

टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी

उपायुक्त एवं जिला क्रीड़ा संघ कल्लू के अध्यक्ष आशुतोष गर्ग ने आज नवनिर्मित बैडमिंटन खेल परिसर में 21 दिवसीय निशुल्क प्रोफेशनल बैडमिंटन कोचिंग शिविर का शुभारम्भ आज किया गया।इस तरह का कुल्लू जिले में पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य तथा नए खिलाडिओं को प्रोत्साहित करने के लिए जिला में पहली बार फ्री प्रोफेशनल

बैडमिंटन कोचिंग शिविर का आयोजन नवनिर्मित इनडोर बैडमिंटन कॉम्प्लेक्स, कैटल ग्राउंड ढालपुर कुल्लू में किया जा रहा है ताकि अधिकाधिक बैडमिंटन खेल प्रेमी अपनी रुचि विकसित कर सकें। यह 21 दिवसीय शीतकालीन शिविर 05 जनवरी 2024 से 26 जनवरी

कोचिंग शिविर

8 खेल हमे मानसिक व शारारिक रूप से स्वस्थ रखने में मददगार होता है: अध्यक्ष आशुतोष गर्ग

2024 को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसमें 8 से 17 वर्ष के कोई भी बालक बालिकाएं निशुल्क कोचिंग प्राप्त कर सकते हैं। उपायुक्त ने शिविर के पहले दिन आये हुए सभी खिलाड़ियों से वार्तालाप कर पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल हमे मानसिक व शारारिक रूप से स्वस्थ रखने में मददगार होता है। यह पढ़ाई से हुई थकान को कम करने के साथ मन को तरोताजा करता है। इस अवसर पर सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी, जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी कविता ठाकुर सहित विभिन्न खेलों के कोच भी उपस्थित थे।

'जिला परिषद की बैठक में सक्षम अधिकारी उपस्थिति सुनिश्चित बनाएं'

टीम एक्शन इंडिया/ किन्नौर/ अनिल

जिला परिषद किन्नौर की त्रैमासिक बैठक आज जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष निहाल चारस ने की। बैठक में जहां गत मदों पर व्यापक चर्चा कर उनके समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देष दिये गए तो वहीं नए मदों पर भी संबंधित विभागों से उचित कदम उठाने को कहा गया। बैठक का संचालन सदस्य सचिव एवं बीडीओ पूह अभिषेक ने किया तथा विभिन्न मदों को चर्चा के लिए सदन में रखा। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष निहाल चारस ने कहा कि जिला परिषद की

बैठकों से संबंधित विभागों के सक्षम अधिकारियों का अनुपस्थित रहना एक गंभीर विषय है। उन्होने भविष्य में सभी विभागों के सक्षम अधिकारियों को उपस्थित रहने को भी कहा ताकि जनहित से जुड़े मुददों पर व्यापक चर्चा कर उचित निर्णय लिये जा सकें। उन्होने कहा कि जिला परिषद की बैठकों से सक्षम अधिकारियों की अनुपस्थिति को सदन ने गंभीरता से लिया है तथा अनुपस्थित अधिकारियों को नियमानुसार कारण बताओ नोटिस भी जारी किये जाएंगे। निहाल चारस ने कहा कि जिला परिषद पंचायतीराज संस्थाओं में एक मुख्य कड़ी है, जिसके माध्यम से संबंधित सदस्यगण जनहित से जुड़े मामलों को सदन में रखते हैं ताकि उनका समयबद्ध हल निकाला जा सके। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों से सदन में रखे गए मदों पर समयबद्ध उचित कदम उठाने को भी कहा ताकि समस्याओं को जल्द हल किया जा सके।बैठक में विभिन्न सदस्यों द्वारा रखे गए पुराने मदों पर व्यापक चर्चा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को जल्द उचित कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिये। इस दौरान जलशक्ति, बिजली बोर्ड, राष्ट्रीय उच्च मार्ग, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, उद्यान विभाग, पुलिस, एसजेवीएनएल सहित अन्य विभागों से जुड़े मदों पर व्यापक चर्चा हुई। साईबर अपराध व नशे के खिलाफ व्यापक जन जागरूकता लाने पर दिया जोर जिला परिषद बैठक में जिला में बढ़ते साईबर अपराध तथा नशे के प्रचलन पर पर चिंता व्यक्त की तथा पुलिस विभाग से ग्रामीण स्तर पर व्यापक जन जागरूकता लाने पर भी जोर दिया। सदन ने पुलिस अधिकारियों से ग्राम सभा की बैठकों में भी लोगों को साईबर अपराधों बारे जागरूक बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। संबंधित विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पुलिस विभाग इस संदर्भ में समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहा है तथा भविष्य में भी इस दिशा में उचित कदम उठाए जाएंगे।

'प्रस्तावित स्टेडियम का नहीं हो रहा है निर्माण'

टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री

क्यूअलाथू में बनने जा रहे स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंडी के नेता और विभाग कोई दिलचस्पी नहीं दिख रहा है। स्पोर्ट्स स्टेडियम का यह कार्य कई वर्षों से अधूरा पड़ा है।पन्नालाल रक्षा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश कपूर ने मंडी में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि मंडी के अलाथू में यह स्पोर्ट्स स्टेडियम पिछले कई वर्षों पहले बनना प्रस्तावित हुआ था। इस स्टेडियम के लिए डीपीआर भी बनकर तैयार हो गई थी परंतु कुछ नेताओं और विभाग द्वारा इस कार्य में ढील दी जा रही है जिस कारण अभी तक यह स्पोर्ट्स स्टेडियम नहीं

बन पाया है। यह स्पोर्ट्स स्टेडियम छः पंचायतों के संगम स्थल अलाथू में बनना प्रस्तावित हुआ है जिससे सभी सभी पंचायतों के लोगों को फायदा होगा। वही पंचायत प्रतिनिधियों ने भी इस स्टेडियम के लिए एनओसी दे दी है। राजेश कपूर ने कहा कि इसके लिए उन्होंने खेल विभाग से भी बात की है। परंतु कुछ नेताओं के कारण यह स्टेडियम नहीं बन पा रहा है। राजेश कपूर ने कहा कि आजकल की युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में जा रही है। इस युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने के लिए युवाओं को खेल के साथ जोड?ा जरूरी है। उन्होंने कहा कि पन्नालाल रक्षा मेमोरियल ट्रस्ट ने नशे के नशे के खिलाफ मुहिम चला रखी है तथा इस मुहिम को गति देने के लिए महिलाओं के साथ-साथ युवाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने कहा कि जब युवा वर्ग खेल के मैदान पर होगा तो वह नशे से दूर रहेगा। उन्होंने सरकार से मांग की है की हर पंचायत में एक अच्छे मैदान का निर्माण करवाए और उसमें खिलाडि?ों को मिलने वाली सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाए।

न्यूज फ्लैश

प्रेमी संग भागी विधवा

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। घरौंडा थाना क्षेत्र में एक गांव से एक विधवा महिला अपनी 6 साल की बेटी को लेकर प्रेमी संग फरार हो गई। ससुर ने बहू को फोन किया तो उसने वापस आने से मना कर दिया। इसके बाद ससुर ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

विधवा महिला के ससुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसके बेटे का बीती 12 नवंबर को निधन हो गया था। बेटे की तीन संतान है, जिसमें दो लडके व एक लडकी है। सबसे छोटी लडकी है, जिसकी उम्र करीब छह साल है। ससुर ने बताया है कि 3 जनवरी को उसकी पुत्रवधू अचानक घर से लापता हो गई। 6 साल की पोती भी घर पर नहीं थी। आसपास के एरिया में तलाश की गई लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

पीड़ित ने पुलिस का दी शिकायत में बताया कि जब उसने अपनी पुत्र वधू को फोन पर कॉल किया तो उसने फोन उठाकर इतना कहा कि वह अब नहीं लौटेगी। ससुर ने बताया है कि वह किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ भाग गई है। वह अपनी छह साल की बेटी को भी अपने साथ लेकर गई है। डर है कहीं पोती के साथ कोई अनहोनी न हो जाए। उन्होंने अपने लेवल पर भी बहू व पोती की तलाश की है, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। बाद में उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस को की।

घरौंडा थाना के जांच अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि एक गांव के व्यक्ति ने अपनी विधवा पुत्रवधू व पोती के लापता होने की शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। किसी व्यक्ति पर विधवा को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

ट्रांसफार्मर चोरों द्वारा किसान पर गोली चलाने के मामले में दूसरा आरोपी काबू

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस सीआईए टू की टीम ने पिछले दिनों गांव डबरकी कला में ट्रांसफार्मर चोरों द्वारा एक किसान को गोली मारने के मामले में दूसरे आरोपी मोबिन पुत्र यामीन वासी जलालाबाद, शामली उत्तर प्रदेश को बस स्टैंड गंगोह से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ट्रांसफार्मर चोरी की 80 वारदातों में अपनी संलिप्तता कबूल की है। इस मामले में 28 दिसंबर को सुबह के समय तीन ट्रांसफार्मर चोरों द्वारा गांव डबरकी कला में खेतों से ट्रांसफार्मर चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा था, जिसमें मौके पर गांव से कुछ लोग वहां पहुंच गए और जिसमें एक आरोपी ने गांव के एक ग्रामीण पर देशी कट्टा से फायर कर घायल कर दिया था और चोर वहा से भागने लगे, परन्तु मुठभेड़ में ग्रामीणों के एक चोर हाथ आ गया, जिसने अपना नाम आबिद पुत्र यामीन वासी जलालाबाद, शामली उत्तरप्रदेश बताया। बाकी अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मौके से ट्रांसफार्मर कायल तार तांबा वजन साढ़े 14 किलोग्राम भी बरामद किया गया था। गांव वालों ने आरोपी आबिद को थाना कुंजपुरा की पुलिस को सौंप दिया था। आरोपी और उसके साथियों पर जान से मारने के प्रयास और ट्रांसफार्मर चोरी के तहत थाना कुंजपुरा में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी को न्यायालय में पेश करके सात दिन का रिमांड हासिल किया था। रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ में पाया गया कि उसने अपने अन्य दोनों साथियों के साथ मिलकर पिछले तीन सालों में कुंजपुरा और इंद्री एरिया से ट्रांसफार्मर चोरी की 80 के करीब वारदात को अंजाम दिया है। मामले की आगामी तफ्तीश में सीआईए टू की टीम द्वारा आरोपी आबिद के दोस्त मोबिन को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में दोनों आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर इनके अन्य साथी को गिरफ्तार किया जाएगा और ट्रांसफार्मर चोरी के अन्य मुकदमों में बरामदगी की जाएगी।

पटवारियों की हड़ताल के चलते स्टांप विक्रेता, टाइपिस्ट एवं अर्जी नवीस का काम प्रभावित

गन्नौर। वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर बुधवार को शुरू हुई राजस्व विभाग के पटवारियों की हड़ताल बृहस्पतिवार को दूसरे दिन भी जारी रही, जिसके कारण पटवार कार्यालय पहुंचने वाले उपभोक्ता बगैर कार्य कराए ही वापस लौटने को मजबूर रहे। पटवारियों की हड़ताल का असर मिनी सचिवालय में बैठने वाले स्टांप विक्रेता, टाइपिस्ट एवं अर्जी नवीस के अलावा जमीन जायदाद की खरीद फरोख्त करने वालों पर पड़ने लगा है। वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर पटवारियों ने पिछले साल भी हड़ताल की थी, लेकिन सरकार द्वारा उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की है तो प्रशासन को कोई अतिरिक्त व्यवस्था करनी चाहिए।

उपभोक्ता सुरेन्द्र, रणबीर, महेन्द्र, विकास, सुरेन्द्र आदि का कहना है कि वह अपने आवश्यक दस्तावेजों को लेकर कड़ाके की सर्दी में पटवार घर पहुंचे, लेकिन कार्यालय पर ताला लटका मिला।

हथियारबंद बदमाशों ने चार युवकों पर की फायरिंग

गनीमत रही कि किसी को भी गोली नहीं लगी, चारों युवक गाड़ियों में बैठकर अपनी जान बचाकर भागे

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। कस्बा निसिंग की पुरानी अनाज मंडी में थार व अन्य तीन गाड़ियों में सवार होकर आए बदमाशों ने 4 युवकों पर फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि किसी को भी गोली नहीं लगी। चारों युवक गाड़ियों में बैठकर अपनी जान बचाकर भागे। हमलावरों ने एक गाड़ी पर भी फायर किया, लेकिन गोली गाड़ी के पिछले शीशे पर लगी। हालांकि बदमाशों ने युवकों की गाड़ियों का पीछा भी किया,

लेकिन युवक बच निकलने में कामयाब हो गए। वारदात की सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गुरुवार शाम करीब साढ़े 5 बजे शेखपुरा मंचुरी गांव का धर्मपाल सिंह अपने किसी काम के लिए निसिंग गया हुआ था। उसका बड़ा भाई कर्मजीत भी अपनी बाइक पर रणजीत नगर से डाचर की तरफ जा रहा था। डाचर की तरफ से एक थार गाड़ी आ रही थी, जिसने सीधी लाइट कर्मजीत की आंखों में फ्लैश की। कर्मजीत ने थार गाड़ी के चालक को सिर्फ इतना ही कहा कि गाड़ी की लाइट नीचे करके चलाओ। गाड़ी में कुल तीन लोग सवार थे, जिन्होंने ड्रिंक की हुई थी। इसी बात को लेकर युवकों ने कर्मजीत के साथ गाली गलौज की और चले गए। कर्मजीत को रोड़ी साहिब गुरुद्वारा के पास धर्मपाल मिला और उसे पूरी बात बताई। इतने में ही थार गाड़ी में सवार लडके उनके पास पहुंच गए और मारपीट शुरू कर दी। कर्मजीत डरकर मौके से रणजीत नगर में अपनी रिश्तेदारी में चला गया। इसी दौरान धर्मपाल का दोस्त सचिन निवासी अमुपुर अपनी टाटा सफारी गाड़ी के साथ गुरुद्वारा चौक पर खड़ा था। धर्मपाल मौके से भागा और सचिन की गाड़ी में बैठकर मौके से चला गया और अपनी जान बचाई।

'5 मिनट ताली वादन संकीर्तन करने से शरीर तथा मन रहता है स्वस्थ'

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समित्ति एवम आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर कनिका पब्लिक स्कूल में लगाया जा रहा है।

आज शिविर के पांचवें दिन भारत स्वाभिमान न्यास के जिला अध्यक्ष सोमनाथ अरोड़ा ने सर्वप्रथम शिविर का शुभारंभ मंत्रोउच्चारण के साथ करवाया। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी 2009 को परम पूज्य स्वामी जी ने भारत स्वाभिमान ट्रस्ट की स्थापना की थी, जिसका मुख्य लक्ष्य 100 प्रतिशत योगमय भारत का निर्माण कर स्वस्थ, समृद्ध, संस्कारवान भारत बनाना है।

यही है भारत स्वाभिमान का अभियान। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को पूर्णता से अपनाने का आग्रह भी किया। स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ का नारा खूब गुंजयमान हुआ।

'सरकार की नेक सोच व तकनीक का लाभ निरंतर लोगों को मिल रहा'

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य अमरनाथ सौदा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से जरूरतमंद नागरिकों पहुंचे, इसके लिए परिवार पहचान पत्र हरियाणा में योजनाओं के क्रियान्वन का सशक्त माध्यम बन गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश व प्रदेश का कायाकल्प किया है। आज भारत देश का मान विश्व स्तर पर बढ़ा है, वहीं प्रदेश में भी अनेकों योजनाओं से आमजन का उत्थान हुआ है।

नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली महिला आरोपी काबू

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। थाना शहर की टीम से दो लडकों को रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर करीब बीस लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाली एक महिला आरोपी सोनिया पत्नी दिनेश वासी बाबा रामनाथ कॉलोनी, मतलौडा पानीपत को सेक्टर 4 करनाल से गिरफ्तार किया है। इस संबंध में शिकायतकर्ता मुनीम कुमार वासी उचाना ने शिकायत दी थी कि आरोपी सलेलता पत्नी जयभगवान, सोनिया पत्नी दिनेश, दिनेश, रामनिवास, जितेंद्र और सरला देवी आदि सभी आरोपियों ने मिलकर मेरे पुत्र अभिनेष को रेलवे में आरपीएफ में नौकरी लगवाने के नाम पर और भतीजे प्रधुमन को ग्रुप डी में लगवाने के नाम पर कुल उन्नीस लाख अस्सी हजार रूपए की ठगी की है।

भाजपा नेता मनोज वधवा के घर दूसरे दिन भी जारी रही इडी की रेड

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। भाजपा नेता मनोज वधवा के घर दूसरे दिन भी इडी की रेड जारी है। टीम ने कल उनके सेक्टर-13 स्थित मकान में दस्तावेजों को खंगाला था और आज सुबह से सेक्टर 32, 33 में उनका जो दूसरा मकान है, वहां रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। हालांकि रेड के दौरान क्या कुछ बरामद हुआ है? उसका खुलासा अभी अधिकारियों द्वारा नहीं किया गया है।

वहीं मनोज वधवा के खनन में हिस्सेदार यमुनानगर के पूर्व इनेलो विधायक दिलबाग सिंह के ठिकानों से अब तक 5 करोड़ रुपए कैश, 3 गोल्ड बिस्किट,

विदेशी शराब की 100 से ज्यादा बोतलें, विदेश में बनाई कई संपत्तियों के कागजात, 4 अवैध विदेशी राइफलों समेत अन्य चीजें बरामद की गई हैं।

जानकारी के अनुसार टीम के अधिकारियों द्वारा पूर्व डिप्टी मेयर मनोज वधवा व उनके परिवार के सदस्यों से कल सुबह 6 बजे से पूछताछ चल रही है। करनाल के अलावा भी उनके अन्य संस्थानों में टीम द्वारा रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है।

टीम के अधिकारी परिवार के सदस्यों से केंद्रीय पुलिस बल की मौजूगी में दस्तावेजों की जांच कर रही है।

टीम द्वारा वधवा की आय से अधिक संपत्ति, बैंक खाते और जमीन से जुड़े मुख्य दस्तावेजों को खंगाल रही है। इस दौरान किसी को भी न तो घर के अंदर आने दिया जा रहा है और न ही बाहर जाने दिया जा रहा है।

बता दें कि भाजपा नेता मनोज वधवा एक बिजनेसमैन और माइनिंग का काम भी करते हैं।

अमेरिका में हरियाणा की फैमिली की मौत में नया खुलासा, कंपनी डूबी

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। अमेरिका में रह रहे हरियाणा के एक परिवार की मौत से जुड़े मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। इस परिवार के मुखिया राकेश कमल ने पहले अपनी पत्नी टीना और बेटी एरियाना की गोली मारकर हत्या की और फिर खुद को भी गोली मार ली। मरने वाली टीना करनाल के नामी वकील तेजेंद्रपाल सिंह बेदी की बेटी थी।

अमेरिकन मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक राकेश कमल की अमेरिका में एक कंपनी थी, जो डूब चुकी थी। राकेश ने इस कंपनी पर बैंक से लोन भी ले रखा था। अपनी रकम की रिकवरी के लिए बैंक राकेश की पूरी प्रॉपर्टी अटैच कर चुका था और उसे नीलाम करने की तैयारी में था। इसी बीच राकेश ने खुद को दिवालिया घोषित करने के लिए यूएसए गवर्नमेंट के पास एप्लीकेशन लगाई। अगर सरकार इस अपील सुन लेती तो राकेश की प्रॉपर्टी नीलाम होने से बच सकती थी लेकिन सरकार ने एप्लीकेशन को स्वीकार नहीं किया। अपनी फैमिली के सडक पर आ जाने के ख्याल से राकेश कमल कई दिनों से तनाव में चल रहे थे। 28 दिसंबर 2023 को उन्होंने पहले अपनी पत्नी टीना और फिर बेटी एरियाना को घर में ही गोली

मार दी। पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद राकेश ने खुद को भी गोली मारकर सुसाइड कर लिया। पुलिस की शुरूआती इन्वेस्टिगेशन के मुताबिक जिस बंदूक से गोली चली, वह राकेश के नाम पर रजिस्टर्ड नहीं थी। पुलिस ने उसे फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया, जिसकी रिपोर्ट आना बाकी है। बंदूक के ऑनर के बारे में जानकारी जुटाने के लिए दूसरी एजेंसियों की मदद ली जा रही है।

राकेश कमल की पूरी फैमिली 1960 के दशक में ही अमेरिका में सैटल हो चुकी थी। उससे पहले उनका परिवार दिल्ली में रहता था। राकेश का जन्म अमेरिका में ही हुआ और उनका वहां बिजनेस था। करनाल के मॉडल टाउन में रहने वाले एडवोकेट तेजेंद्रपाल सिंह बेदी ने अपनी बेटी टीना की शादी तकरीबन 25 साल पहले राकेश कमल के साथ की थी। दोनों की शादी का प्रोग्राम करनाल में ही हुआ था। शादी के बाद टीना अपने पति के साथ अमेरिका चली गई। दोनों की एक बेटी थी, जिसका नाम एरियाना था। राकेश पत्नी और बेटी के साथ अमेरिका की मैसाचुसेट्स सिटी में रहते थे।

टीना अपने पति राकेश कमल और बेटी एरियाना के साथ एक साल पहले ही माता-पिता से मिलने करनाल आई थी। दामाद, बेटी और नातिन की मौत की खबर मिलने के बाद करनाल से तेजेंद्रपाल सिंह बेदी अपनी पत्नी रजी और बेटे सोनू के साथ 1 जनवरी 2024 को अमेरिका चले गए। वहां 3 जनवरी को तीनों का मैसाचुसेट्स सिटी में ही हिंदू रीति-रिवाज के साथ संस्कार किया गया। तेजेंद्रपाल सिंह बेदी अभी अमेरिका से लौटे नहीं हैं।

सम्पत्ति कर बकायादारों को सरकार का नववर्ष ब्याज माफी तोहफा

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। प्रॉपर्टी टैक्स बकायादारों के लिए सरकार ने फिर उदारता दिखाते हुए नववर्ष पर ब्याज माफी का तोहफा दिया है। इसके तहत आगामी 29 फरवरी 2024 तक जो बकायादार नगर निगम के खजाने में एकमुश्त राशि जमा करवाएगा, उसे समस्त ब्याज माफी की छूट का लाभ मिलेगा। यही नहीं बकाया मूल राशि व चालू वित्त वर्ष के बिलों पर भी 15 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट अनुमत होगी। लेकिन इसके लिए सम्बंधित व्यक्ति को अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को सेल्फ सर्टिफाई यानि स्व-प्रमाणित करना होगा।

13 करोड़ रुपये से अधिक कर हुआ जमा- निगमायुक्त ने बताया कि निगम के खजाने में अब तक 13 करोड़ 10 लाख रुपये प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में जमा हो गए हैं। बकायादारों को कर से मुक्त करने के लिए सरकार ने अब फिर 29 फरवरी 2024 तक बकाया टैक्स को ब्याज माफी के साथ जमा करवाने का एलान किया है। इसे देखते बकायादारों को चाहिए कि वे इस सुनहरी मौके का फायदा उठाएं और निगम के खजाने में प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाकर चिंता मुक्त हो जाएं। ऑनलाईन भी भर सकते हैं प्रॉपर्टी टैक्स- उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति टैक्स भरने के लिए किसी कारण से निगम कार्यालय का रूख नहीं कर सकते, उनके लिए ऑनलाईन टैक्स भरने की बहुत ही आसान प्रक्रिया है। इसके लिए एनडीसी पोर्टल, ह्वद्यड्डद्धह्य4ठ्ठस्त्रष्.शह्वद्द (यूएलबी एचआरवाई एनडीसी डॉट ओआरजी) पर जाकर टैक्स भर सकते हैं। इसके अतिरिक्त प्रॉपर्टी टैक्स बिल पर छपे बार कोड को स्कैन करके साईट ओपन हो जाती है, उसमें भी व्यक्ति क्रेडिट व डेबिट कार्ड या पे.टी.एम. से ऑनलाईन पेमेंट कर सकते हैं।

तेज ठंड से आमजन जन घरों में दुबके, जन जीवन प्रभावित

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर

पिछले दिनों एक दिन में दिनभर धूप रहने के बाद अब 2 दिन से दिन-रात को तेज ठंड व पाला गिरने से गेहूं, सरसों की फसलें सबसे अधिक प्रभावित होने की कगार पर है। जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में ही लगातार हो रहे मौसम परिवर्तन से किसानों को अपनी फसल को लेकर चिंता पैदा हो गई है। उपमंडल क्षेत्र में पिछल्ले दिनों निकली मामूली धूप के बाद अब दिन व रात को वातावरण में ठंडक होने से आमजन की परेशानी बढ़ गई है। सुर्य देवता के दर्शन भी नही हो रहे। सीजन के इस दौर में गिर रही धूंध की बूदें सभी फसलों के लिए अमृतपान से कम नहीं हैं, जो कि किसानों की मेहनत और हौंसला बढ़ने के लिए सोने पे सुहागा साबित हो सकती है। अधिकतर खेतों में सिंचाई कार्य लड़खड़ा रहा है।

कविता एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमो एवं फाउंडर नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए करनाल की विख्यात समाजसेविका कविता मल्होत्रा को राष्ट्रीय निदेशक, हेल्थ विंग नियुक्त किया। नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं राष्ट्रीय निदेशक सतीश मल्होत्रा ने कविता मल्होत्रा को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई।

कविता मल्होत्रा ने कहा कि वह

अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगी और ज्यादा से ज्यादा लोगो को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगी। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है।

उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि हैं।

डिंगर माजरा, गंजोगढ़ी और पुंडरी पहुंची संकल्प यात्रा

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव डिंगर माजरा, गंजो गढ़ी और पुंडरी पहुंची। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि भाजपा में जनता की सेवा करने का जो कम्पटीशन है, वह अन्य राजनीतिक दलों में नहीं। सत्ता उन लोगों के हाथों में ही होनी चाहिए, जो खुद की बजाय जनता का ख्याल रखें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल दीपक की तरह खुद को जलाकर समाज की भलाई के लिए काम कर रहे हैं। डिंगर माजरा में सरपंच बलविंद्र, गंजोगढ़ी में गौरव कुमार और पुंडरी

में पूर्व सरपंच ओमप्रकाश ने विधायक का स्वागत किया। डिंगर माजरा में बलिन्द्र और गंजो गढ़ी में पूर्व सरपंच बेअंत सिंह और पुंडरी में सरपंच सूरजभान ने पिछले 9 सालों में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। तीनों गांवों में विधायक ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया।

इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। गायक कलाकारों द्वारा विकासात्मक गीत प्रस्तुत किए गए। डिंगर माजरा में पूर्व चेयरमैन रमेश बैरागी, गंजो गढ़ी में राजबीर शर्मा और पुंडरी में पूर्व विधायक रमेश कश्यप ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।

हरविंद्र कल्याण ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य जन-जन तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और पात्र व्यक्तियों को उनका लाभ देना है। सरकार की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज सभी योजनाओं पर धरातल पर काम हो रहा है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद घोटालों पर रोक लगी है।

उन्होंने कहा कि 1986 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि सरकारी खजाने से निकलने वाले एक रुपए में से केवल 15 पैसे ही निचले स्तर पर पहुंचते हैं। उस समय भ्रष्टाचार रोकने के लिए कांग्रेस ने कोई कदम नहीं उठाया। आज जब केंद्र और राज्य सरकार भ्रष्टाचार पर शिकंजा कस रही हैं तो विपक्ष को परेशानी होती है।

पीपीपी अहम दस्तावेज, हर किसी को मिला लाभ : बख्शीश सिंह विर्क

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को जाणी, मंचूरी और बड़ोता गांव में पहुंची। इस दौरान अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंचूरी और बडोता गांव में असंध के पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए, जबकि जाणी गांव में भाजपा नेता जगदेव पाढ़ा ने मुख्यतिथि के तौर पर शिरकत की। मंचूरी और बडोता गांव में पूर्व विधायक सरदार बख्शीश सिंह विर्क ने कहा कि सरकार ने जो व्यवस्था परिवर्तन किया है, उससे हर नागरिक को फायदा हुआ है। प्रदेश सरकार ने लोगों को दफ्तर, दरखास्त और दस्तावेज से मुक्ति दिलाते हुए उन्हें घर बैठे ही योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया है। इस दिशा में परिवार पहचान पत्र सबसे अहम दस्तावेज बनकर उभरा है, जिससे हर किसी को लाभ मिला है।

उन्होंने कहा कि जरूरतमंद एवं गरीब पात्र व्यक्ति तक केन्द्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा अहम साबित हो रही है। यात्रा के तहत गांवों में हजारों लोगों ने योजनाओं का लाभ प्राप्त किया है या फिर योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। मोदी की गारंटी वाली ये गाडियां लोगों के जीवन में खुशहाली ला रही हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं पर सबसे पहला हक गरीब एवं जरूरतमंद पात्र व्यक्ति है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार इस कार्य को बखूबी कर रही है।

इस अवसर पर मंचूरी गांव के सरपंच जतिंद्र सिंह, सचिव प्रवीन कुमार, महामंत्री आशीष, पंचायत पंच बीरबान सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

संपादकीय

उत्तर प्रदेश सरकार, अच्छा है प्रोजेक्ट अलंकार

योगी सरकार ने व्यवस्था में सुधार और विकास के नये आयाम बनाये हैं। इसमें शिक्षा व्यवस्था भी शामिल है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी शिक्षा क्षेत्र में योगी आदित्यनाथ के कार्यों का सराहना की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सरकारी विद्यालयों की स्थिति में बदलाव हुआ है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अन्य योजनाओं की तरह पीएमश्री योजना भी उत्तर प्रदेश में बहुत सफलतापूर्वक लागू होगी। प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उज्ज्वला योजना लागू की गई थी। यह योजना बलिया से शुरू की गई थी। हाल में प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या में मीरा मांझी के घर गए। उन्हें दस करोड़ वां गैस कनेक्शन मिला है। उत्तर प्रदेश में केंद्र की योजनाओं को ठीक से लागू किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुआ है। योगी आदित्यनाथ और धर्मेंद्र प्रधान ने लखनऊ में पीएमश्री स्कूलों के आधुनिकीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चार सौ करोड़ से अधिक की धनराशि से आधुनिकीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही प्रोजेक्ट अलंकार के तहत माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तीकरण के लिए करीब साढ़े तीन सौ करोड़ की धनराशि हस्तांरित की गयी। उत्तर प्रदेश में माध्यमिक और बेसिक शिक्षा पर इतना ध्यान पहले कभी नहीं दिया गया। ऑपरेशन कायाकल्प योगी आदित्यनाथ की अभिनव योजना रही है। परिषदीय विद्यालयों में इंफ्रॉस्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए ऑपरेशन कायाकल्प के पहले चरण में किए गए प्रयासों में आशातीत सफलता मिली। इस अवधि में परिषदीय विद्यालयों के इंफ्रॉस्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए ग्यारह हजार करोड़ रुपये खर्च किये गए। बेसिक शिक्षा परिषद तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में एक लाख चौसठ हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई है। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में करीब साठ नये विद्यार्थियों का नामांकन हुआ। सितंबर तक प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के करीब दो लाख चालीस हजार शिक्षकों को टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। शिक्षकों को ट्रेनिंग दी गई। टैबलेट में शासकीय कार्यक्रमों की योजनाओं के बारे में जागरुकता सामग्री प्री-लोडेड होगी।ऑपरेशन कायाकल्प के दूसरे चरण में इंफ्रॉस्ट्रक्चर के साथ शैक्षिक गुणवत्ता, पठन-पाठन का माहौल, तकनीकी दक्षता, डिजिटल लर्निंग और वोकेशनल शिक्षा की ओर बढ़ा जा रहा है। विद्यालयों में एट ग्रेड लर्निंग की व्यवस्था हो रही है। मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों को प्रारम्भिक तौर पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लिया जाएगा। सभी जनपदों में एक विद्यालय मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत माध्यमिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। शासकीय के साथ-साथ वित्त पोषित अशासकीय विद्यालयों में सम्बन्धित प्रबन्ध तंत्र के सहयोग से जीर्णोद्धार होगा। नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया कि उत्तर प्रदेश विकसित प्रदेश बनने की दिशा में अग्रसर है। छह वर्ष में साढ़े पांच करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं। लोग समर्थ और सक्षम बन रहे हैं। नीति आयोग के निर्धारित मानकों में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है।

साइबर अपराध की बढ़ती घटनाएं

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

> “ पूरे देश में दर्ज किए गए वित्तीय अपराधों की मात्रा के बारे में गृह मंत्रालय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में दर्ज किए गए वित्तीय अपराधों की मात्रा 2.62 लाख थी। 2022 में यह 6.94 लाख हो गई है।
> साइबर अपराधों का दायरा इतना विस्तृत व जटिल है कि पुलिस भी उन पर आसानी से हाथ नहीं डाल सकती। असल में, अपराध की दुनिया में साइबर अपराध की शुरूआत एक नया खतरा है, जिसके लिए हम अपनी पुलिस को पूरी तरह प्रशिक्षित नहीं कर पाए हैं। साथ ही नागरिकों को भी इस भ्रमजाल से बचने के लिये पर्याप्त रूप से जागरूक करने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर अपराध का स्वरूप देखें तो वर्ष 2023 में सभी साइबर अपराधों में 38 फीसदी धोखाधड़ी निवेश से संबंधित थी ”

हाल के वर्षों में साइबर अपराधों और साइबर धोखाधड़ी की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है, खासकर देश में यूनिफाइड पेमैंट इंटरफेस (यू.पी.आई.) की शुरूआत के बाद। भारत इस तकनीक को शुरू करने वाले अग्रणी देशों में से एक था और यह बहुत गर्व की बात है कि बहुत कम देश हमारे देश में प्रचलित समान व्यापक और सुविधाजनक वित्तीय प्रणाली का दावा कर सकते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि इंटरनेट और ऑन लाइन सेवाओं के विस्तार ने हमारे जीवन को जितना सुगम व सरल बनाया है, उतना ही खतरा साइबर अपराधों का भी बढ़ा है। सरल शब्दों में, साइबर अपराध उन आपराधिक गतिविधियों को संदर्भित करता है जिनमें कंप्यूटर, कंप्यूटर नेटवर्क या इंटरनेट शामिल होता है। भारत में बहुत से लोग इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों के प्रयोग से जुड़े जोखिमों के बारे में पूरी तरह से जागरूक नहीं हैं। साइबर खतरों तथा साइबर सुरक्षा पद्धतियों के बारे में जागरूकता की कमी के कारण व्यक्ति और व्यवसाय, साइबर हमलों के प्रति अधिक सुभेध्य हो जाते हैं। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी का विकास होता है, वैसे-वैसे साइबर खतरे भी बढ़ते हैं। साइबर अपराधी सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और नेटवर्क सिस्टम में कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए लगातार नयें तरीके ढूंढते रहते हैं। भारत में साइबर अपराध 1990 के दशक की शुरूआत में इंटरनेट के आगमन और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के बढ़ते उपयोग के साथ शुरू हुई। फिर जैसे-जैसे देश में इंटरनेट की पहुंच और डिजिटलीकरण का विस्तार हुआ, साइबर अपराध विकसित अवस्था में और अधिक परिष्कृत होते गए। देश में साइबर अपराधों का वर्ष 2022 से 2023 में 61 फीसदी की दर से बढ़ना गंभीर चेतावनी है। यह बदलाव है कि इससे पहले वर्ष में यह वृद्धि एक सौ तेरह प्रतिशत थी। यह अच्छी बात है कि वर्ष 2019 में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल लॉन्च होने के बाद लोगों को राहत मिली है। जिसके चलते साइबर अपराधों में 4.3 लाख नागरिकों के हुए नुकसान में से एक हजार एक सौ सत्ताईस करोड़ रुपये की वसूली की जा सकी है। लोगों को ऐप की अनुमति देते वक्त सावधान रहने की बात कही गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, देश में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, केंद्र

शासित प्रदेश चंडीगढ़ व हरियाणा में साइबर अपराध की दर सबसे ज्यादा है। बल्कि हरियाणा में मेवात साइबर अपराधों के जरिये वसूली का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। यह स्थिति कितनी चिंताजनक है कि पिछले तीन साल में वित्तीय धोखाधड़ी में दस हजार तीन सौ नब्बे करोड़ रुपये का चूना लोगों को लगा। कमोबेश साइबर अपराधियों के सुनियोजित गिरोहों द्वारा लोगों के विश्वास के साथ छल करके खून-पसीने की कमाई पर हाथ साफ किया जा रहा है। लोग शातिर अपराधियों के भ्रमजाल में फंस जाते है और उसकी बड़ी कीमत चुकाते हैं। यह समस्या कितना जटिल रूप ले चुकी है कि देश में एक लाख की आबादी पर 129 साइबर अपराध दर्ज किए गए हैं। लेकिन इसकी संख्या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रति लाख आबादी पर 755, चंडीगढ़ में 432 तथा हरियाणा में 381 है। इन स्थानों पर ज्यादा साइबर क्राइम होने की एक वजह यह भी है कि ऑनलाइन विकल्पों के प्रति जागरूकता के चलते अधिक लोग इन सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं। वैसे साइबर क्राइम की छद्म प्रवृत्ति से अनभिज्ञ लोग भी जल्दी अपराधियों के झांसे में फंस जाते हैं। हालांकि, देश की केंद्रीय एजेंसियां लगातार अपराधियों पर नजर रखे हुए हैं और निरंतर इनके खिलाफ अभियान चलाती रहती हैं। मेवात सहित कई राज्यों में साइबर क्राइम के खिलाफ बड़े अभियान चलाए गए हैं। राष्ट्रीय एजेंसियों ने 2.9 लाख फर्जी सिम, 2810 गलत मंशा से चलाए जा रहे यूआरएल और 595 मोबाइल ऐप्स ब्लॉक किए हैं। लेकिन इसके बावजूद कहना कठिन है कि साइबर क्राइम इन कार्रवाइयों से कम हुए हैं। दरअसल, साइबर अपराधी पुलिस व जांच एजेंसियों की सक्रियता के बावजूद अपनी गतिविधियों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। भारतीय कम्प्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम द्वारा रिपोर्ट और ट्रैक की गई जानकारी के अनुसार, 2022 में दुर्भावनापूर्ण मोबाइल एप्लीकेशन फिशिंग और रैंसमवेयर जैसी साइबर सुरक्षा घटनाओं की संख्या 13.91 लाख थी। यह स्पष्ट है कि बड़ी संख्या में इसी तरह के अपराध दर्ज नहीं किए गए होंगे। जैसा कि बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा रिपोर्ट किया गया है, वास्तविक धोखाधड़ी के मामले 7.05 लाख थे, जिसकी कीमत वित्तीय वर्ष 2021 में 542.7 करोड़ रुपए थी। यह मात्रा बढ़कर 12.27 लाख हो गई, जिसका कुल मूल्य 2022 में 1,357.06 करोड़ रुपए हो गया और 19.94 लाख बढ़कर इस वित्तीय वर्ष में 2,537.35 करोड़ रुपए हो गए। पूरे देश में दर्ज किए गए वित्तीय अपराधों की मात्रा के बारे में गृह मंत्रालय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में दर्ज किए गए वित्तीय अपराधों की मात्रा 2.62 लाख थी। 2022 में यह 6.94 लाख हो गई है। साइबर अपराधों का दायरा इतना विस्तृत व जटिल है कि पुलिस भी उन पर आसानी से हाथ नहीं डाल सकती। असल में, अपराध की दुनिया में साइबर अपराध की शुरूआत एक नया खतरा है, जिसके लिए हम अपनी पुलिस को पूरी तरह प्रशिक्षित नहीं कर पाए हैं। साथ ही नागरिकों को भी इस भ्रमजाल से बचने के लिये पर्याप्त रूप से जागरूक करने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर अपराध का स्वरूप देखें तो वर्ष 2023 में सभी साइबर अपराधों में 38 फीसदी धोखाधड़ी निवेश से संबंधित थी। इसके बाद ग्राहक सेवा या रिफंड लौटाने के नाम पर जरूरी जानकारी लेकर फ्राड करने अथवा केवाईसी समाप्ति संबंधी झूठी सूचना देकर ठगने के मामले प्रकाश में आए। इतना ही नहीं सेक्सटॉर्शन के जरिये भी धन वसूली के बहुत मामले प्रकाश में आए। इसमें वीडियो कॉल के जरिये लोगों के चित्र को अश्लील दृश्यों से जोड़कर बदनाम करने की धमकी देकर धन वसूला जाता है। यही वजह है कि साइबर विशेषज्ञ सलाह दे रहे हैं कि अनजान वीडियो कॉल का जवाब न दें। यदि वे कॉल लेते हैं तो सेक्सटॉर्शन के शिकार बन सकते हैं। दरअसल, साइबर विशेषज्ञ बैंकों के साथ काम करके उस गिरोहबंदी को रोकने पर काम कर रहे हैं जिसमें एक खाते से धन हस्तांतरित करके आगे अन्य खातों में भेज दिया जाता है और दूसरे के नाम से निकाल लिया जाता है। दरअसल, देश में साइबर अपराधों पर शिकंजा कसने में देरी और लोगों में जागरूकता की कमी से भी अपराधी अपने मंसूबों में कामयाब हो जाते हैं। भारत में साइबर सुरक्षा बुनियादी ढांचा अभी भी विकसित हो रहा है। कई संगठनों, विशेष रूप से छोटे व्यवसायों के पास मजबूत साइबर सुरक्षा अवसरंचना नहीं हो सकती, इसलिए वे साइबर अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बन जाते हैं। हालांकि भारत में इन मुद्दों के समाधान के लिए कानून एवं नियम हैं, वर्तमान में भी कानूनी ढांचा लगातार विकसित हो रहा है, जिससे कई बार प्रवर्तन चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इससे साइबर अपराधियों पर प्रभावी ढंग से मुकदमा चलाने में देरी हो सकती है।

इंटरनेट का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या हर दिन बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर, साइबरस्पेस में अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं।

साइबर कमजोरियों को संबोधित करने के लिए सरकार, व्यवसायों, शैक्षणिक संस्थानों और व्यक्तियों सहित विभिन्न हितधारकों को ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है।

कविता

प्रिय मां !
तुम सुन रही हो न ?
ये मैं हूं
तुम्हारी परछाई
मुझे अपने विनाश के बादल दिख रहे हैं
मुझे घबराहट हो रही है
इसलिए तुम्हें पुकार रही हूं कोख से
मैं जानती हूं
तुम मुझे बहुत प्यार करती हो
माना कि ये दुनिया पत्थर है
जहां संवेदनाएं शून्य हैं
लेकिन तुम ऐ मां !
दुनिया की बिल्कुल भी परवाह मत करना
तुम मजबूत और कठोर बनना
कहीं ऐसा न हो कि
'संवेदनहीनता के दंश' मुझे लील जाएं !
मेरे भी तो अपने सपने हैं,
महत्वकांक्षाएं हैं
मुझे भी छूना है नीले नीले आसमान को
करनी हैं तुम्हारे संग हंसी-ठिठोली
मैं कम नहीं बेटे से
मेरे नन्हें, कोमल कदमों को धरती पर रखने देना
जन्म से पहले
ऐ मां ! मुझे तुम मत मरने देना ।

सुनील कुमार

श्रम का विकल्प सिर्फ अथक परिश्रम

संजीव ठाकुर

हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है' जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं' आज के परिपेक्ष में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है' बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या विकल्प नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं' सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं'. मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए ' यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो, तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है' जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है' यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है'मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं' सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए, और इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है' और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है' भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है'ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है।

भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है, जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए।

विचार

हिट एंड रन पर सख्ती से पहले व्यवस्थाओं की हो दुरुस्तगी

ऋतुपर्ण दवे

सुकून की बात है कि ट्रांसपोर्टरों की देश व्यापी हड़ताल खत्म हो गई। इससे भी अच्छी बात यह रही कि सरकार को जल्द समझ आ गया कि मामला हाथ से निकलता दिख रहा है। इधर देश भर के तमाम ट्रांसपोर्टर संगठनों को 'हिट एंड रन' मामले में सजा के नए प्रावधानों को लेकर न केवल काफी भ्रम था बल्कि खासकर ड्राइवरों की चिन्ता वाजिब थी। हो सकता है कि एकाएक सरकार के बैकफुट पर आने की वजह सामने आ रहे आम-चुनाव हों? लेकिन कानून के सबसे ज्यादा असर से डरे ड्राइवरों का डर और भविष्य कि चिन्ता भी नकारी नहीं जा सकती है। कम तनख्वाह, गरीबी गुजारा और साधारण रहन-सहन के चलते भारत के समकक्ष माने जाने वाले देशों के मुकाबले हमारे प्राइवेट ड्राइवरों की हैसियत एक मजदूर से ज्यादा नहीं है।

भारत में हर साल करीब साढ़े 4 लाख सड़क दुर्घटनाओं में डेढ़ लाख मौतें होती हैं। जबकि हिट एंड रन से 25-30 हजार लोगों की जान चली जाती है। सच है कि दुर्घटना जानबूझकर कोई नहीं करता। लेकिन दुर्घटना के बाद ड्राइवर फरार हो जाते हैं क्योंकि यदि रुकेगा तो आसपास इकट्ठी हुई भीड़ बिना गलती जाने खुद ही फैसला करने लगती है। अनेकों उदाहरण सामने हैं कि सड़क दुर्घटनाओं के बाद पकड़े गए ड्राइवर किस बुरी तरह पिटते हैं, उनकी मौत तक हो जाती है। कई बार लदा-लदाया वाहन समते ड्राइवर को जिन्दा तक जला दिया जाता है। ऐसे सार्वजनिक कृत्य करने वालों के खिलाफ अक्सर मामला तक दर्ज नहीं होता। ड्राइवर जान से हाथ धो बैठता है तो उसका परिवार अनाथ होकर दर-दर भटकने को मजबूर। भारत में करीब 1 करोड़ कमर्शियल वाहन हैं जिससे 20 करोड़ लोगों को काम मिलता है। ऐसे में हड़ताल होने से हुआ नुकसान समझ आता है। निश्चित रूप से सरकार द्वारा इस कानून पर सोच-विचार कर, ट्रांसपोर्टरों का पक्ष जानने की पहल अच्छी है। लेकिन यही काम पहले भी हो सकता था जब इसके संशोधन खातिर अमल में जुटे विशेषज्ञ और नौकरशाह दूर की सोचते। क्या उन्हें नहीं पता था कि ट्रांसपोर्टर संगठन कितना मजबूत है? वाहनों के पहिए थम जाएंगे तो हालात कैसे बेकाबू हो जाएंगे? वही हुआ। यकीनन ट्रांसपोर्टेशन देश की अर्थव्यवस्था के साथ आम लोगों की सभी जरूरतों की पूर्ति करता है। सब्जी, भाजी, दूध, अनाज, दवाई और आम और खास सभी के आवागमन का जरिया भी है। ऐसे में हड़ताल से एक ही दिन में देश भर में महज पेट्रोल-डीजल की किल्लत तो सब्जियों के दूने भाव ने हालात कहां से कहां पहुंचा दिए सबने चंद घण्टों में देख लिया। यह सही है कि भारतीय न्याय दंड सहिंता में पहले हिट-एंड-रन जैसी घटनाओं खातिर कोई सीधा कानून नहीं था। जिसमें आरोपी पर आपीसी को धारा 304 ए में अधिकतम दो साल की जेल या जुमार्ने का प्रावधान रहा। लेकिन नई भारतीय न्याय संहिता यानी बीएनएस जो ब्रिटिश-कालीन भारतीय दंड संहिता की जगह बना, उसमें यदि ड्राइवर से गंभीर सड़क दुर्घटना होती है और वह पुलिस या किसी अधिकारी को जानकारी दिए बिना चला जाता है, तो उसे दंडित किया जा सकेगा। इसमें 10 साल तक की जेल और 7 लाख रुपए तक जुमार्ने का प्रावधान है। लेकिन बड़ा सवाल कि आरोपी ड्राइवर की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी होगी, भले ही टक्कर सामने वाले की गलती से हुई हो? वहीं दुपहिया वाहन चालकों के मामले तो अक्सर सामने या साइड से आकर पीछे के चकों से दुर्घटनाग्रस्त होने के न जाने कितने मामले हैं। निश्चित रूप से हरेक में मौके पर आरोपी बड़ा वाहन वाला ही कहलाता है। लेकिन अक्सर देखने में आता है कि बड़े वाहन भी साइड देते समय सड़क नहीं छोड़ते हैं। सामने से आ रहा वाहन इस मुगालते में रहता है कि खाली सड़क है साइड मिलेगा। लेकिन पलक झपकते आमने-सामने आ जाते हैं और नतीजा गंभीर दुर्घटना में तब्दील हो जाता है।

भारत में इस कानून में सुधार की दरकार जरूरी है। लेकिन सभी पहलुओं पर विचार के साथ।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)

स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001

एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

खेलों में राजनीति खेल और खिलाड़ी दोनों के लिए चिंताजनक

डॉ. सत्यवान सौरभ

कुश्ती को लेकर मचे बवाल के बीच खिलाड़ी भी सियासी रंग में रंगे नजर आने लगे हैं। यह खेल और खिलाड़ी दोनों के भविष्य के लिए चिंताजनक है। खेलों में सियासत ठीक नहीं है। खेलों में पक्ष-विपक्ष की राजनीति खेल और खिलाड़ी दोनों के लिए चिंताजनक है। खेलों में राजनीति गलत है। खेल साफ, स्वच्छ और पारदर्शी होने चाहिए।वर्तमान कुश्ती संघ और सियासती विवाद से दुनिया भर में भारत की बदनामी हो रही है। पिछले लगभग एक साल के भारतीय कुश्ती को सियासत ने बहुत नुकसान पहुंचाया है। कुश्ती संघ के अध्यक्ष पर महिला पहलवानों के आरोप लगने के बाद से ही सरकार को उन्हें हटा देना चाहिए था, किंतु सियासत के चलते ऐसा नही हुआ। यह खेलों पर एक बदनुमा दाग, शर्म का विषय और त्रासदी है। देश के जो खिलाड़ी विदेशी सरजमीं पर तिरंगे का मान बढ़ाते आए उन्हें अपने अधिकारों के लिए जंतर-मंतर पर धरना देना पड़ रहा है। क्या ऐसे देश खेलों में आगे बढ़ेगा? देश को मेडल दिलाने वाले इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं।

पहलवान कुश्ती महासंघ से दो-दो हाथ करने उतरे हैं। आखिर इस खेल और सियासी लड़ाई का अंजाम क्या होगा? किसकी सरकार है या किसकी थी, ये मुद्दा नहीं है। सवाल ये है कि क्या महिला खिलाडियों के साथ यौन शोषण होता है? या फिर ये सियासती मामला है। मुद्दा महिला खिलाड़ियों की सम्मान एवं मानसिक, शारीरिक सुरक्षा का है। अगर कुश्ती में बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हुई तो महिला खिलाड़ियों में हर खेल के प्रति रुझान खत्म हो जायेगा। उनका मनोबल गिर जायेगा।

महिलाओं की खेलों में भागीदारी कम हो जायेगी। देश की प्रतिष्ठा और महिला खिलाड़ियों की अस्मिता का सवाल है। क्या राजनीति के चलते दम तोड जाती है प्रतिभाएं? खेलों में राजनीति के सक्रिय होने से प्रतिभावान खिलाड़ियों को दबाया जाता है। खिलाड़ी हमेशा खेल अधिकारियों के दवाब में रहते है। खेलों में मेहनत करने वालों की प्रतिभाएं दबकर रह जाती हैं और आवाज उठाने पर खत्म कर दिया जाता है।

शुभ यात्रा

डॉ. सुरेश कुमार

भारतीय रेलों का शौचालय अनूठे अनुभवों का खजाना है, जिसकी सराहना केवल वे ही कर सकते हैं जिन्हें इनका उपयोग करने का दुर्भाग्य प्राप्त हुआ है। तंग जगह, संदिग्ध स्वच्छता, हिलती-डुलती दुनिया और अत्यधिक दुर्गंध का संयोजन सबसे शांत यात्री को भी कांपते हुए गंदगी का शौचदूत बना सकता है। किंतु, डरिए मत, क्योंकि मैं यहां आपको भारतीय रेलों के भीतर शौचालयों के भीतर होने वाले अद्भुत रोमांचों की कहानियों से रूबरू कराने आया हूं। सबसे पहले, आइए आधुनिक इंजीनियरिंग के इन चमत्कारों के भौतिक आयामों पर चर्चा करें। मैं "आधुनिक" शब्द का प्रयोग शिथिल रूप से करता हूँ, क्योंकि ये शौचालय अक्सर किसी बीते युग की चीज से मिलते जुलते हैं। तंग जगह आराम और राहत की जगह की तुलना में अपहरण कर छिपाकर रखने वाली सुरक्षित जगह है। यह स्थान इतना हिलता-डुलता रहता है कि अपने आपको इधर-उधर न छूने की पैंतरेबाजी करनी पड़ती है। सावधान रहना चाहिए कि किसी भी अज्ञात पदार्थ के डर से किसी भी सतह को न छू लें। एक बार यह मान लेने के बाद कि जब इस यात्रा के विकल्प में कोई चारा नहीं है तब यात्री को गंध की एक श्रृंखला अपने जीवन अनुभव में जोड़कर अपने आने वाली पीढ़ी को शौच बखान के अंतर्गत जोड़कर सुनाना चाहिए। सुगंध इतनी तीव्रता से इंद्रियों पर हमला करती है कि यह अनैच्छिक उल्टी और आँसू पैदा कर सकती है। यह एक ऐसा स्थान है जहाँ किसी को अपने घ्राण तंत्र पर हमले को सहने और अपनी सहनशीलता को आगे बढ़ाने के लिए अपनी पूरी मानसिक शक्ति जुटानी पड़ती है। शौचालय का जंजीर वाला लोटा स्विज बैंक से भी अधिक सुरक्षित है। यह ध्यान रखना पड़ता है कि सुविधाएं स्वयं अक्सर वांछित नहीं होती हैं। पाइपलाइन, अक्सर खराब स्थिति में होती है, मानो इसे टिप-टिप करते हुए अकाल के दिनों में बरसात की अनुभूति की जिम्मेदारी दी गई है। जो बहादुर आत्मा सुविधाओं का उपयोग करने का साहस करती है, उसे संदिग्ध उत्पत्ति और निरंतरता की अचानक बौछार की संभावना के लिए तैयार रहना चाहिए।

सेलिब्रिटीज के लुक की चाहत

इन दिनों एस्थेटिक सर्जनों द्वारा नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है, जिसमें लोग मॉडल्स और सेलिब्रिटीज के लुक्स और लाइफस्टाइल को कॉपी करने करने की चाह रखने लगे हैं। इन 'अनरियलिस्टिक एक्सपेक्टेशन' के कारण सर्जन्स ऑपरेशन करने से दूर भाग रहे हैं। इसका मुख्य कारण वे सेलिब्रिटीज हो सकते हैं, जो सर्जरी करवाने के बाद मीडिया में घोषित भी करते हैं। इस वजह से सर्जरी की मुफ्त में मार्केटिंग भी हो जाती है। इस वजह से महिलाएं और लड़कियां यह सोचने लगी हैं, कॉस्मेटिक सर्जरी के बाद उनकी जिंदगी बेहतर हो जाएगी।

ब्रिटिश एसोसिएशन ऑफ एस्थेटिक प्लास्टिक सर्जन्स द्वारा किये गये सर्वे के अनुसार 'अनरियलिस्टिक एक्सपेक्टेशंस के कारण नवयुवकों में सेलिब्रिटीज की तरह दिखने की इच्छा बलवती होने लगी है। इस वजह से सर्जनों द्वारा मना करना जारी है। सर्जरी के लिए मना करने का दूसरा महत्वपूर्ण कारण यह है कि आज का युवा इसका प्रयोग करके किसी भी लाभ को हाथ से नहीं जाने देना चाहता। साथ ही इस प्रक्रिया से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान को भी देखते हुए सर्जन क्लाइंट्स को मनाकर रहे हैं।'

लंदन के सर्जन एडम सीयरले का कहना है कि उनके पास आने वाले क्लाइंट्स किसी सेलिब्रिटी की फोटो लेकर आते हैं। दरअसल उनका इरादा वैसे फीचर्स पाना नहीं बल्कि उस लाइफ स्टाइल को अपनाना है। इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के कॉस्मेटिक सर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. अनूप धीर के अनुसार, अनरियलिस्टिक एक्सपेक्टेशन के कारण व्यक्ति स्वयं के लुक में कमी महसूस करता है। इसके चलते कई लोग अपनी रोजमर्रा की जिंदगी व सामाजिक रिश्तो को निभाने में भी कठिनाई महसूस करते है। वे सोचते है कि सर्जरी के बाद वे बेहतर हो जाएंगे। डॉ धीर का कहना है कि वे उन लोगों के खिलाफ हैं, जो अपनी पार्टनर को अपनी फैंटेसी वूमेन की तरह देखना चाहते हैं। इसी धोखे में कई बार ऐसे लोग गलत सर्जन के हाथ पड़ जाते हैं।

पनीर पाइनेप्पल संदेश

सामग्री: अनन्नास के 6 स्लाइस, 250 ग्राम मैश(मसला) किया हुआ पनीर, 2 टेबलस्पून पिसी हुई शक्कर, चुटकीभर केसर (हल्के गर्म पानी में भिगाकर रखें), सजावट के लिए कटे हुए बादाम और पिस्ते।

विधि: एक डिश में अनन्नास के स्लाइस रख दें। शक्कर और मसले हुए पनीर को अच्छी तरह से मिला लें। इस मिश्रण को अनन्नास के स्लाइस पर डालें। अब इसके ऊपर केसर डालकर बादाम और पिस्ते के टुकड़ों से सजा दें। ठंडा होने के लिए फ्रिज में रख दें।

चिन्टू का कमरा

अपने नन्हे के कमरे को पेंट करवाना आपको बहुत भारी काम लगता है। समझ में ही नहीं आता कि आखिर कौन सा रंग बच्चे को पसंद आएगा और वह स्फूर्तिवान महसूस करेगा। लेकिन यदि आप इस बारे में थोड़ा सोचेंगी तो इसे मजेदार पाएंगी। चाहें तो किसी पेंटर से उसका कमरे पेंट करवाएं लेकिन उसमें पर्सनल टच देने का अलग ही मजा है। खुद ही पेंट ब्रश उठा लीजिए, अपने बच्चे के कमरे को कोजी बनाने के लिए आपके पास कई विकल्प हैं, शुरुआत ऐसे कीजिए-

रंगों का मेल- कमरे में एक ही रंग क्यों चाहती हैं, जब आपके पास रंग के विकल्प हैं। मिक्स एंड मैच करके आप बच्चे के कमरे को खूबसूरत लुक दे सकती हैं। चाहें तो दो या अनेक रंगों का इस्तेमाल कीजिए। चाहें तो एक ही रंग के दो-तीन शेड्स का प्रयोग कर सकती हैं। दीवार के ऊपरी हिस्से को गहरे शेड दीजिए और नीचे वाले को हल्के।

थीम- यदि आपने कोई थीम सोच ली है तो काम बहुत आसान हो सकता है। इससे आपको बेसिक आइडिया मिल जाता है कि आपको कौन से रंग का इस्तेमाल करना है और कौन से नहीं। फूल-पत्ते, टेडी बियर, डॉल, समुद्र, महल, जहाज कोई भी थीम ले सकती हैं।

म्यूरल- म्यूरल्स का प्रयोग करके भी आप बच्चों के कमरे को नया लुक दे सकती हैं। इससे कमरे में नाटकीयता भी आती है। कमरा फैंटेसी में भी तब्दील हो सकता है। एक दीवार पर म्यूरल्स लगाइए और दूसरे को रंगों से रंग दीजिए। चाहें तो किसी म्यूरलिस्ट को भी इस काम में लगा सकती हैं।

स्टैंसिल- अपने प्यार को शब्दों से जाहिर कीजिए। अपने नन्हे के लिए आपके मन में जो प्यार है, उसे दीवारों पर लिख डालिए। इसके लिए स्टैंसिल का इस्तेमाल कीजिए। चाहें तो कुछ कविताएं और नर्सरी राइम भी लिख सकती हैं। इससे कमरे को व्यक्तिगत अहसास मिलेगा।

प्रिंट- किसी फूल, चिड़िया या मछली का कटआउट काट लीजिए। अब दीवार पर बेसिक कलर कीजिए। इसके बाद कटआउट को दीवार पर रखिए और दूसरे कलर से भर दीजिए। इन दिनों बाजार में चांद-सितारे, बार्बी, फूल आदि के स्टिकर भी मौजूद हैं, जिन्हें दीवार पर लगाने से ये रात में चमक उठते हैं।

स्केच- दीवार पर बेसिक कलर करने के बाद किसी पेड़ या फूल या जानवर की ड्राइंग बना दीजिए। आपके बच्चे का कमरा तैयार है।

चॉकबोर्ड- इन दिनों बाजार में वॉशेबल पेंट उपलब्ध हैं। बेसिक कलर करवाने के बाद थोड़ी जगह इनके लिए रहने दीजिए। आपका नन्हा अपनी कल्पनाओं को उड़ाने के लिए हमेशा उत्सुक रहता है तो क्यों न थोड़ी जगह उसके लिए छोड़ दी जाए।

टेरेस गार्डेन

मौसम के बदलते मिजाज से चारों तरफ धुला-धुला व खुशनुमा माहौल छा गया है। यही मौका है, जब आप अपने लॉन को नए-नए पौधों व फूलों से सजा-संवार सकते है। अपार्टमेंट कल्चर में संभव नहीं है कि हर कोई ग्राउंड गार्डेन मेंटेन कर सके, लेकिन आप अपना शौक टेरेस गार्डेन से पूरा कर सकते हैं। बाल्कोनी भी अच्छा ऑप्शन है। आप अपने टेरेस में तरह-तरह के गमलों में मनचाहे फूल-पौधे लगाकर यह शौक पूरा कर सकते हैं। धूप की तेजी में आई नरमी और बरखा की दस्तक से अब ऐसा होना मुश्किल भी नहीं है। मार्केट में तरह-तरह के शेप, साइज व डिजाइन के गमले मौजूद हैं। हैंगिंग गमलों की भी कई डिजाइन मार्केट में है। इन खूबसूरत हैंगिंग गमलों से आप बाल्कोनी व टेरेस को कोमल बेलों व सुन्दर फूलों से सजा सकते हैं।

टेरेस गार्डेन को सजाने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है, ताकि आपकी गार्डनिंग का शौक व मेहनत सच्चा रंग व खुशबू बिखेरें।

- इस मौसम में लगाने वाले प्लांट्स की जानकारी नर्सरी से लेकर की प्लांटिंग करें।
- फ्लॉवर प्लांट्स में गेंदे की दो किस्में— मेरी गोल्ड व इन्का इस मौसम में काफी खुशनुमा खिलते हैं।
- गुलमेंहदी, कार्नेशन, गुलदाऊदी, राजनिया, पेंजी, सनानेग्निया आदि किस्में इस मौसम में लगायी जा सकती हैं।
- खर-पतवार ज्यादा व जल्दी निकलते रहें, ताकि पौधों को सही बढ़त मिले।
- शो प्लांट के लिए नीम-सरसों खली, हड्डी व डीएपी खाद चारों का मिश्रण सही रहता है।
- नया पौधा लगाने के एक दिन बाद ही पानी दें।
- जब गमले की मिट्टी चिकनी होने लगे, तब गुड़ाई कर दें।
- हैंगिंग गमले में मिट्टी की सेटिंग करने में सबसे पहले मौस ग्रास, नेट, खाद-मिट्टी पौधा फिर ऊपर से मौस ग्रास लगाएं। मौस ग्रास के कारण कम पानी ही पर्याप्त होता है और वाटर लीकेज भी नहीं होता।
- बारिश की फुहारें ही पौधों को साफ- सुथरा कर देती है, लेकिन पौधों को कभी-कभी वाटर स्प्रे से क्लीन करते रहना चाहिए।
- बाल्कोनी व टैरेस में लगी बेलें हरा-भरा माहौल बनाती है। पर्दा बेल ब्यूटी के साथ शेड्स का काम भी करती हैं।
- गमलों के नीचे ट्रे लगा दें, ताकि लीकेज वाटर बाल्कोनी को गंदा ना करे। ट्रे को समय-समय पर साफ करते रहें।

सफाई रसोईघर की

तंदुरुस्ती के लिए सफाई उतनी ही जरूरी है जितना जीने के लिए खाना। बात जब खाने की हो तो सबसे पहले ध्यान रसोईघर की ओर जाना स्वाभाविक ही है। घर की व्यवस्था को ठीक ढंग से चलाने में रसोईघर की भूमिका अहम होती है। अगर रसोईघर ही साफ-सुथरा व व्यवस्थित न हो तो वहां तैयार होने वाला भोजन कैसे साफ-सुथरा रह सकता है।

रसोईघर की सफाई के लिए महत्वपूर्ण बातों में सर्वप्रमुख सफाई के लिए आवश्यक सामानों जैसे कूड़ादान, झाड़ू, विम पाऊडर, साबुन, नाइलोन का ब्रश, नारियल का कूचा और साफ कपड़ा रसोईघर में बराबर उपलब्ध होना आवश्यक है। प्राय: यह देखा जाता है कि गृहिणी खाना पकाने की अपनी जिम्मेदारी तो पूरा कर लेती है लेकिन रसोईघर का सामान अव्यवस्थित पड़ा रहता है अत: रसोईघर में सफाई एवं सामान व्यवस्थित करने की आदत का होना अति आवश्यक है। रसोईघर के आवश्यक सामानों को जब बाजार से खरीदकर लाएं तो संबंधित जार या बर्तन को भली-भांति साफ कर ही उसमें रखें। रसोईघर में अगर जगह कम हो तो बर्तन रखने के लिए दीवार में स्टैंड लगवा लें। इससे बर्तन रखने में काफी सुविधा होगी। अन्य वस्तुओं को भी क्रम से डिब्बे या शीशे के पात्र में सजाकर रखें। रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं सुनिश्चित स्थान पर ही रखनी चाहिएं जैसे चाकू, कैंची, चिमटा, माचिस, लाइटर, मोमबत्ती इत्यादि।

रसोईघर के एक कोने में बंद कूड़ेदान का होना भी नितान्त आवश्यक है। खाना बनाने की प्रक्रिया में जो भी कचरा-छिलका आदि हो उसे कूड़ेदान में डालते जाएं। खाना बनाने के उपरांत कूडेदान के कचरे को यथाशीघ्र बाहर उचित स्थान पर डालें अन्यथा उसमें कीटाणु पैदा हो जाएंगे। रसोईघर में पानी की टंकी या नल भी लगा होना चाहिए ताकि बार-बार पानी लाने के लिए रसोई से बाहर न जाना पड़े।

रसोईघर में ढीले-ढाले व फैलावदार वस्त्र पहनकर काम नहीं करना चाहिए। नाइलोन या टैरीलीन की साड़ी पहनकर खाना कभी न बनाएं और न ही शाल या चादर ओढ़कर खाना बनाना चाहिए।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सफलता से संपन्न हो जाएंगे। नोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-1-4-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान देंजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। धन-अचल सम्पत्ति में वृद्धि होगी। बहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-2-4-6

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। देवयात में उलझनें मिलेंगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आभाव, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। शुभांक-2-5-6

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): उत्साहपूर्वक सहकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-5-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अव्यवस्थित का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-8

तुला (रा री रू रे रो ता ती तू ते): शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। बहिजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपने कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सन्तानों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-1-5-9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। शुभांक-2-5-7

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-3-7-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगा। व्यवधान का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-7-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गल्ती का पश्चाताप होगा। शुभांक-3-5-7

काकुरो पहेली - 1920



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

काकुरो - 1919 का हल

हंसी के फूव्वारें

राज (हरीश से), "सुनाओ दोस्त क्या हाल है?"

हरीश, "बहुत बुरा हाल है. सब साथ छोड़ गए है एक बीवी थी वह भी कटी पतंग की तरह आसमान में कहीं उड़ती फिरती है, तुम अपना हाल सुनाओ."

राज, "मैं तो बड़े मजे में हूं. आजकल कटी पतंगें लूटना ही मेरा काम है, आराम से गुजर रही है."

□ □ □

एक मशहूर क्रिकेटर का विवाह हुआ. विवाह के कुछ दिन उपरांत वह अपनी ससुराल गया तो उसकी साली शोखी से बोली, "जीजा जी, दीदी कैसी लगी?"

क्रिकेटर बड़ी गंभीर आवाज में बोला, "मीडियम फास्ट."

□ □ □

विजय लक्ष्मी (शारदा से), "मेरी बेटी का संगीत अभ्यास मेरे लिए बहुत भाग्यशाली साबित हुआ?" शारदा, "वह कैसे."

विजय लक्ष्मी, "मेरा पड़ोसी इसी कारण अपना मकान आधे दामों पर बेच गया और मैंने खरीद लिया."

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली- 1920



बायें से दायें:-

१. शाहरुख, जूही की 'चाँद तारे तोड़ लाऊँ' गीत वाली फिल्म-२,३
३. 'इस दीवाने लड़के' गीत वाली नसीर, आमिर, सोयाली की फिल्म-५
६. गोविंदा, नीलम की 'मैं तो हूँ सबका मेरा न कोई' गीत वाली फिल्म-२
७. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
८. 'खटा' के निर्देशिका कौन हैं-२
१०. अमिताभ, फरदीन खान, करीना कपूर की फिल्म-२
११. बेबस तालपदे, आशा की 'ये हौसला कैसे झुके' गीत वाली फिल्म-२
१३. अनिल कपूर, ऑदेवी की फिल्म-२
१४. प्रदीपकुमार, कल्पना की 'जिस चित में बसे था प्यार' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'मुझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली किंगे मालिक, विपाशा की फिल्म-२
१७. अमिताभ, अजय, ऐश्वर्या की 'दिल हुआ नीली' गीत वाली फिल्म-२
१९. फिल्म 'कुछ कुछ होता है' में काजोल के किरदार का नाम था-३
२०. जसिकपूर, जयप्रदा की फिल्म-४
२१. 'दुनिया ने सुन ली है चुपके से' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा की फिल्म-४
२२. जीतेंद्र, नीतूसिंह की 'कोई देखो ना दीवाने को' गीत वाली फिल्म-४
२५. अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
२६. राजेश खन्ना, मुमताज की 'गोरे रंग पे ना इतना गुमान' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली मनोज बाजपेयी, सोनम की फिल्म-२
३०. 'ऐ लो प्यार के दिन' गीत वाली सनी, सुनील, सेलिना की फिल्म-२
३१. संजय, कुमार गौरव, पूनम 'अमेरी की शान गोरी' गीतवाली फिल्म-२
३२. 'फिर से आये बदल' गीत वाली संजीव, शर्मिला, वहीदा की फिल्म-४

ऊपर से नीचे:-

१. दिलीपकुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-३
२. 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली फिल्म-२
३. 'तू मेरे पास भी' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज बाजपेयी, उर्मिला की फिल्म-२
४. अमिताभ बच्चन, संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
५. अरविंद स्वामी, मधु की फिल्म-२
६. 'तेरी गलियों में न' गीत वाली फिल्म-३
९. राजेंद्र कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-३
११. राजेश खन्ना, बबीता की 'दोनों तरफ दया कर होंठ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'अंधेरा हमारा रास्ता' गीत वाली अरुण, रुपाली, बेबी शामली, डुति की फिल्म-३
१५. कमल हासन, शाहरुख, रानी की 'चाहे पंडित हो' गीत वाली फिल्म-१,२
१६. 'मेरे संग संग आया' गीत वाली धर्मेन्द्र, राजेश खन्ना, विनोद, हेमा की फिल्म-४
१७. शौकतअली, ऋषेश हीरजी, जूही, शिल्पा की 'मेरा मन भँवर' गीत वाली फिल्म-३
१८. प्रेमनाथ, वीना राय की फिल्म-३
२०. राजेश, किरोजखान, शर्मिला की 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
२४. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
२५. 'सावन का महीना पवन करे' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मुझ से दोस्ती करोगे' में करीना कपूर के किरदार का नाम क्या था-२
२९. 'तेरी याद दिल के करीब है' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 1919

सूडोकु -1920

5	9			3			8	7
8	7		1		5			
		2			9			4
	6				2		3	5
3	8		4	1	7		2	9
2	4		6				1	
7			3			8		
			5		8		7	3
9	3			2			6	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -1919 का हल

7	4	8	3	9	2	1	5	6
2	6	9	5	7	1	8	4	3
3	1	5	4	8	6	7	2	9
5	7	4	8	6	9	3	1	2
8	9	1	2	3	4	6	7	5
6	3	2	1	5	7	4	9	8
4	8	7	6	2	5	9	3	1
9	2	6	7	1	3	5	8	4
1	5	3	9	4	8	2	6	7

शब्द पहेली - 1920

बाएँ से दाएँ

1.असभ्यता,मूर्खता-4
3.निर्भय,बहादुर-3
5.प्याला-2
6.सहारा,शरण-3
7.मां का भाई-2
9.साठ वर्ष की अवधि-3
11.परतंत्रता,गुलामी-5
14.दानव,दैत्य-3
16.लूटपाट-4
17.बाद यंत्र-2
18.पतझड़,छाया-2
19.आदत,स्वभाव(उर्दू-4)
23.जंगल,वन-3
24.सेंचमार-5
27.गबन लिखने वाला-3
28.मोटा आटा,सूजी-2
30.गुलिस्तां,बाग-3
31.एक ग्रह,शनिश्चर-2
32.दबाना,कुचलना-3
33.रोब वाला, ठसके वाला-4

ऊपर से नीचे

1.मंत्रों का पाठ-2
2.उद्देश्यहीन-4
3.अनूठा,अनोखा-3
4.लक्ष्मी,कमला-2
5.खींचना,तोना-4
6.एक पौधा,अकुवा, आकड़ा-2
8.दक्ष,होशियार-3
10.जमीकंद,एक सब्जी-3
12.धैर्य,संयम-3
13.अस्थमा-2
15.एक गायिका-3
17.वर्षा ऋतु-3
18.महोदक-3
20.पैदा,सला-2
21.पुत्र,बेटा-3
22.अपमानना-4
23.नास्तिक (उर्दू-3)
25.कलामात-4
26.प्रतिज्ञा-3
27.ठाठ-बाट-2
29.अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31.तीर,बाण-2

शब्द पहेली - 1919 का हल

न्यूज फ्लैश

एटीएम काटने में माहिर अंतरराज्यीय बदमाश मुठभेड़ में घायल

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
एटीएम काट कर लूट करने के माहिर गिरोह के सदस्यों के साथ मथुरा पुलिस की मुठभेड़ में एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गया। घायल अवस्था में पुलिस ने सहबाज मेव पुत्र शमी अहमद निवासी ग्राम नगला कानपुर थाना हसनपुर जनपद पलवल हरियाणा को गिरफ्तार किया है। वहीं गिरफ्तार बदमाश का साथी साजिद मेव पुत्र मुस्ताक निवासी नवासी उटावर थाना कोसीकलां जनपद मथुरा रात के समय घिरे घने कोहरे से लाभ उठा कर भागने में सफल रहा रहा। फरार हुए बदमाश की तलाश में पुलिस संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड शुक्रवार को थाना शेरगढ़ क्षेत्र में पैगांव विशम्भरा रोड़ पर गंजावास मोड़ के पास हुई। इनके कब्जे से पुलिस ने एक हुण्डई क्रेटा कार, एक लाख रुपए नगद, एक तमंचा, एक खोखा व चार जिन्दा कारतूस, एक लाख 68 हजार रुपए बैंक में जमा करने की पर्ची व एटीएम मशीन काटने के उपरकरण बरामद किये हैं। थानाध्यक्ष शेरगढ सोनू कुमार के मुताबिक अभियुक्त द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर देश के अलग अलग राज्यों जैसे पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, उडीसा, उत्तर प्रदेश आदि में जाकर एटीएम मशीन को काटकर उसके रुपए निकाल लेने की संगीन घटनों को अंजाम देते रहे हैं।

मुख्यमन्त्री उड़नदस्ता करनाल व खाद्य सुरक्षा अधिकारी पानीपत की टीम द्वारा पकडी नकली पनीर बनाने की फैक्टरी

पानीपत 5 जनवरी (कुलदीप सिंह)
मुख्यमन्त्री उड़नदस्ता करनाल व खाद्य सुरक्षा अधिकारी पानीपत की टीम द्वारा पकडी नकली पनीर बनाने की फैक्टरी, संचालक के खिलाफ खाघ सुरक्षा अधिकारी की तरफ से दर्ज करवाया जायेगा मुकदमा*- निरीक्षक बलीराम मुख्यमंत्री उडनदस्ता करनाल, उप नि. जसबीर सिंह व ई.ए.एस.आई. प्रवीन कुमार गुप्तचर इकाई पानीपत तथा डॉ जोगिन्द्र सिंह खाद्वय सुरक्षा अधिकारी पानीपत की संयुक्त टीम द्वारा औसर रोड मतलौढा पर सुनील कुमार पुत्र विजय शाह वासी हथयौल जिला मोतीहारी चम्पारण बिहार हाल औसर रोड मतलौढा द्वारा नकली पनीर बनाये जाने की गुप्त सूचना पर चलाई जा रही फैक्टरी का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान फैक्टरी पर सुनील कुमार मिला। सुनील द्वारा यह फैक्टरी सतबीर सिंह वासी गांव नैन से किराये पर लेकर चलाई जा रही थी। पनीर बनाने बारे इस द्वारा एफ.एस.एस.ए.आई लाईसैंस नही बनवाया गया । भौतिक निरीक्षण करने पर मौका पर तैयारशुदा पनीर 170 किलोग्राम, डी-फ्रीजर मे करीब 150 किलोग्राम खीस, दूसरे फ्रीजर मे करीब 40 किलोग्राम दूध तथा कैनी मे करीब 15 किलोग्राम सीरका मिला। जिसके खाद्वय सुरक्षा अधिकारी द्वारा अलग-अलग सैंपल लिये गये। खीस व सीरका आम जनमानस के लिये खाने योग्य नही था मौका से बरामद 150 किलोग्राम खीस व 15 किलोग्राम सीरका को खाद्वय सुरक्षा अधिकारी द्वारा गन्दा नाला मे डालकर ड्रिस्ट्रॉय करवाया गया। सैंपलो को परीक्षण हेतु फूड एनालिसिस लैब करनाल मे भेजा जाएगा। नतीजा आने पर अन्य नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

गरीबी कोई अभिशाप नहीं है

समालखा 5 जनवरी (कुलदीप सिंह) /टीम एक्शन इंडिया राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्राचार्य साहब सिंह रंगा ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि गरीबी कोई अभिशाप नहीं है यदि आप खूब मेहनत करके पढ़ोगे तो आप सफल जरूर होंगे गरीबी आपकी सफलता में रुकावट नहीं बनेगी।
इस अवसर पर पहुंचे एनएसएस के जिला समन्वयक सुनील मलिक ने कहा कि आप अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समय का सदुपयोग करें यदि आप टाइम मैनेजमेंट अच्छे से करोगे तो जीवन में निश्चित रूप से सफल होगे। हसला प्रधान अजेंदर कुंडू ने कहा कि अच्छा चरित्र ही व्यक्ति की पहचान होती है आप चरित्रवान बनो और समाज और देश के लिए उपयोगी बनो।
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राजू राम ने कहा कि हमें डिजिटल लेनदेन करते वक्त बहुत सावधानी रखनी चाहिए डिजिटल लेनदेन संबंधी ओटीपी किसी दूसरे व्यक्ति को नहीं बताना चाहिए तथा एटीएम का प्रयोग करते वक्त अपना पिन नंबर सावधानी से डालना चाहिए ।

केन्द्र व प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाएगी भाजपा : कैप्टन भूपेन्द्र

नवनियुक्त प्रदेश सचिव ने नई जिम्मेवारी देने पर जताया संगठन का आभार

चंडीगढ़/हिसार/टीम एक्शन इंडिया
भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी केन्द्र व प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि इस समय भाजपा के मुकाबले कोई दल चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है। कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र शुक्रवार को हिसार के लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने

पार्टी संगठन द्वारा प्रदेश सचिव के रूप में नई जिम्मेवारी दिए जाने पर संगठन का आभार जताया और कहा कि वे संगठन की आशाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष के रुप में तीन साल के कार्यकाल में कार्यकताओं व पदाधिकारियों के सहयोग से जिले में संगठन को मजबूत करने का प्रयास किया गया। इसके अलावा केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में एक-एक कार्यकर्ता लगा रहा। विश्वव्यापी महामारी कोरोना काल में पार्टी कार्यकताओं ने जरूरतमंद लोगों तक पहुंचकर उनका सहयोग किया, जो अनुकरणीय है।
कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने कहा कि प्रदेश सचिव के रूप में संगठन उनकी जो ड्यूटी लगाएगा, उसके हिसाब से वे कार्य करेंगे। फिलहाल पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में लगी है और लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो जाएगी। ऐसे में वे पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं के सहयोग से अपना कार्य बेहतर करने का प्रयास करेंगे। लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ करवाने की संभावना बारे पूछे जाने पर कैप्टन भूपेन्द्र ने कहा कि यह फैसला पार्टी के शीष्र नेतृत्व को करना है। फिर भी कार्यकताओं को जो आदेश होंगे, वे उसकी पालना के लिए तत्पर रहेंगे।

राजेश जून ने केक काटकर मनाया सांसद दीपेंद्र हुड्डा का जन्मदिन

सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़ ।टीम एक्शन इंडिया
हल्का बहादुरगढ़ से वरिष्ठ समाजसेवी व कांग्रेस डेलीगेट राजेश जून ने दिल्ली रोहतक रोड पर स्थित अपने कार्यालय पर राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का जन्म दिवस अपने हजारों समर्थकों के साथ केक काटकर मनाया।सांसद दीपेंद्र हुड्डा की लंबी आयु उनके बेहतर स्वास्थ्य व जीवन में सफलता व दीघार्यु की कामना के साथ हजारों समर्थकों ने राजेश जून के नेतृत्व में दोनों हाथ उठाकर दीपेंद्र हुड्डा जिंदाबाद के लगाए नारे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए राजेश जून ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा एक मिलनसार व्यक्तित्व के धनी है राजनीतिक सूझबूझ से ओतप्रोत सांसद दीपेंद्र हुड्डा हरियाणा का भविष्य है अपने पिता चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नक्शे कदम पर चलते हुए सांसद दीपेंद्र

सिंह हुड्डा आज हरियाणा प्रदेश वासियों की चाहत बने हुए हैं , हरियाणा प्रदेश वासी चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा और दीपेंद्र सिंह हुड्डा की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। मैं उनके जन्मदिवस के अवसर पर परमपिता परमात्मा से उनकी सफलता के लिए प्रार्थना करता हूं।
इस बार हरियाणा प्रदेश की कमान चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में व सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के मार्गदर्शन में सौंपकर कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाकर हरियाणा के हितों की रक्षा के लिए प्रदेशवासी तत्पर हैं।

भाजपा होली गेट मंडल की कार्य समिति बैठक हुई संपन्न

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
लोकसभा चुनाव की तैयारी व संगठनात्मक कार्यक्रमों को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी होली गेट मंडल महानगर की कार्य समिति की बैठक हुई आयोजित। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लोकेश तायल एवं संचालन यशराज चतुर्वेदी ने किया।इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप आए भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनता से संपर्क ही भाजपा की मजबूती का आधार है। 2024 की लड़ाई विकसित भारत के लिए है। कैंप लगाकर अधिक से अधिक युवाओं को नमो एप से जोड़ा जाएगा। वहीं महानगर महामंत्री राजवीर चौधरी व प्रभारी पन्ना गोतम ने कहा कि आगामी दिनों में युवा मोर्चा नव मतदाता सम्मेलन, शक्ति केंद्रों पर नुक्कड़ सभा, महिला मोर्चा युवती सम्मलेन, अनुसूचित मोर्चा बस्ती संपर्क, ओबीसी मोर्चा युवा संवाद, किसान मोर्चा

किसान अधिवेशन, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जनजाति महासम्मेलन और अल्पसंख्यक मोर्चा संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वही सभी का धन्यवाद देते हुए मंडल अध्यक्ष लोकेश तायल ने कहा आगामी 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने कमल के निशान को अपना उम्मीदवार मानते हुए अपने आगामी अभियानों की रूपरेखा पर काम करना शुरू कर दिया है, जिसके अंतर्गत मंडल से बूथ तक के पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की जाएगी।

जरूरतमंदों की मदद को जिला अस्पताल को सौंपे 100 कंबल

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
सर्द के सितम से आम जनजीवन प्रभावित है। इस मौसम में सबसे अधिक कठिनाई उन लोगों को हो रही है जिनके पास सर्दी से बचाव को जरूरी इंतजाम तक नहीं है। ये लोग एक एक दिन गिन कर काट रहे हैं। ऐसे में कई समाज सेवी संस्थाएं आगे आ रही हैं और जरूरतमंदों की मदद के लिए हर संभव उपाय कर रही है। पूर्वांचल सेवा समिति ने इसी तरह के जरूरतमंदों की मदद के लिए 100 कंबल जिला अस्पताल के सीएमएस को सौंपे।
सीएमएस डा.मुकुंद बंसल ने बताया कि अस्पताल की ओर से मरीजों और तीमारदारों की पूरी मदद की जाती है। सर्द मौसम में जिला अस्पताल में रेन बसेरा भी बनाया गया है।

सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बनी विकसित भारत संकल्प यात्रा

सिवानी मंडी सतीश खतरी /टीम एक्शन इंडिया
विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं। सरकार जनता के घरद्वार पर पहुंचकर उन्हें योजनाओं की जानकारी दे रही है और लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। सरकार का उद्देश्य यह है कि कोई भी लाभार्थी सरकार द्वारा जनहित के के लिए क्रियान्वित की गई योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने से वंचित न रह जाए।
जिला पार्षद मंजू जांगड़ा शुक्रवार को गांव गढ़वा खरकड़ी व मीठी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि

संबोधित कर रही थी।
अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को विशेषकर कमजोर वर्ग के लोगों को योजना के दायरे में लाना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वैन विशेष रूप से डिजाइन की गई है, जिसके माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने में समाज के हर नागरिक को अपना योगदान देना होगा। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का सौ फीसदी लाभ लोगों तक पहुंचा रही है।
कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन भी किया।

डर के साए में जीने को मजबूर यूनिवर्सिटी की छात्राएं : डॉ. संदीप पाठक

बैठक

8 राजनीतिक संरक्षण के कारण स्कूल और कॉलेज में छात्राओं का हो रहा यौन शोषण : डॉ. संदीप पाठक

जींद/करनाल/टीम एक्शन इंडिया
आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने शुक्रवार को जींद में जींद, हिसार ग्रामीण और शाम को करनाल में करनाल और पानीपत के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ बैठक की। इस मौके उनके साथ आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील

गुप्ता और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा काफी सफल रही, इसके बाद 28 जनवरी को जींद में बदलाव रैली आयोजित की जा रही है। इस रैली में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भागवत मान पहुंचेंगे।
उन्होंने कहा कि बदलाव रैली की तैयारियों को लेकर हरियाणा के हर जिले के पदाधिकारी और कार्यकताओं के साथ बैठक की जा रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की रैली का मकसद केवल भीड़ जुटना नहीं, बल्कि आम आदमी पार्टी की विचारधारा और नीतियों को हर गांव के व्यक्ति तक पहुंचना है। इस दौरान उन्होंने हरियाणा में महिलाओं पर लगातार बढ़ रहे अपराध को लेकर हरियाणा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में स्कूल और कॉलेजों में भी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।
उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश की महिलाओं की सुरक्षा देने में पूरी तरह से विफल रही है। महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों की वजह से हरियाणा में महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं पर पढ़ते अपराध के मामले में अब सिरसा से एक चौंका देने वाला मामला सामने आया है। जिसमें चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी सिरसा की 500 छात्रों ने एक गुमनाम पत्र राष्ट्रीय महिला आयोग, हरियाणा के मुख्यमंत्री, गवर्नर और होम मिनिस्टर को लिखा है। इस पत्र ने भाजपा सरकार के शासन की पोल खोल दी है।
उन्होंने कहा कि पत्र में 500 छात्राओं ने प्रोफेसर पर उनके साथ हो रहे यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं।

मेडिकल बेस्ट उठाने वाली गाडियों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम अनिवार्य

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
मेडिकल बेस्ट उठाने वाली गाडियों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम अनिवार्य होगा। जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उठाया गया मेडिकल बेस्ट बायो रेमिडेशन प्लांट तक पहुंचा। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा, पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक ली। क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया कि जनपद में प्रदूषण से संबंधित जो कार्य किए जा रहे हैं उनका निरीक्षण करते रहें तथा फैक्ट्री, कम्पनी, फर्म आदि द्वारा प्रदूषण मानकों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाये। हानिकारक वेस्ट पर नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध भी करे और इससे पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में नागरिकों को जागरूक किया जाये। जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्रों से जो अपशिष्ट उठान हो रहा है, का समय समय पर निरीक्षण करते रहे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मेडिकल बेस्ट उठाने वाली कम्पनी को निर्देशित किया जाये कूड़ा उठाने वाली सभी गाडियों पर जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगायें तथा निरंतर निगरानी रखें। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कांस्ट्रक्शन वेस्ट, ई वेस्ट, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के निस्तारण की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की। जनपद में कारखानों, प्लांट एवं फैक्ट्री में प्रदूषण मानकों की जांच निरंतर करते रहे। ससमय सी.एम. डैशबोर्ड पर भरने वाले डाटा को अपलोड करे।
बायो रेमिडिएशन प्लांट के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि वेस्ट का निस्तारण कराएं।

आय जाति निवास प्रमाण पत्रों के लिए भटक रहे युवा

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
छाता तहसील में प्राइवेट कर्मचारी अपनी मनमानी कर रहे हैं व लेखपाल आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र में अपनी रिपोर्ट में देरी कर रहे हैं। कुछ प्रमाण पत्रों को तो 15 से 20 दिन हो जाते हैं उन पर अपनी रिपोर्ट लगाकर नहीं देते हैं जिससे जनता परेशान है। उत्तर प्रदेश पुलिस की लम्बे समय बाद निकलीं 60 हजार से अधिक वकेंसी के लिए बडी संख्या में युवा आवेदन कर रहे हैं। जिसमें जाति व निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है और अभ्यर्थियों ने अपने जन सुविधा केंद्र से आय, जाति, निवास के लिए आवेदन कर रखे हैं लेकिन उन पर लेखपाल अपनी रिपोर्ट नहीं लग रहे हैं। ऐसे अभ्यर्थियों का आरोप है कि प्राइवेट कर्मचारी बिना सुविधा शुल्क के आय जाति निवास प्रमाण पत्र नहीं बना रहे हैं।

कृषि भूमि की व्यवसायिक घेराबंदी करने में जुटे रसूखदार

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
कान्हा की नगरी देश दुनिया के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रही है। सरकार की योजनाएं लगातार यहां धार्मिक पर्यटन को बढावा देने की हैं। हाइवे और एक्सप्रेस वे का जाल बिछाया जा रहा है। धार्मिक पर्यटन को आने वाले लोगों संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। देश के जाने माने टूरिस्ट स्पॉट को भी भीड भाड के मामले में ब्रज ने पीछे छोड दिया है। होटल, धर्मशाला, गेस्ट हाउस, आश्रमों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। तमाम लोगों की इच्छा मथुरा वृंदावन

और इसके आसपास के इलाके में बसने की बलवती हो रही है। यही वजह है कि प्रमुख परिक्रमा मार्गों और धार्मिक स्थलों को जोडने वाले प्रमुख मार्गों पर लोग कृषि भूमि को किसानों से खरीद कर घेरने में लगे हैं। इस भूमि पर भविष्य में इनका बड़ा प्लान है हाल फिलहाल किसी बहाने से घेरी बंद करने की जुगत में जुटे हैं। अवैध निमार्णों की बाढ सी आ गई है और नई कॉलोनियां कुकुरमुत्तों की तरह उग आई है। यमुना खादर में नियम विरूद्ध विकसित हुईं करीब 250 कॉलोनियों का अभी कोई प्रशासन के पास अभी तक कोई इलाज नहीं है। अब चहुंओर अवैध निमार्णों की बाढ़ सी आ गई है।
ऐसे में मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण यहां वहां इक्का दुक्का कार्यवाही कर कुछ करने की मंशा का इजहार करता रहता है लेकिन यह कार्यवाही अवैध निमार्णों की बाढ को रोकने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। एमवीडीए ने विनय मित्तल द्वारा मौजा छरोरा एनएच टू पर राजीव एकेडमी के सामने थाना जैंत के अंतर्गत विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का ध्वस्तीकरण करया है।
यहां अभी तक इस जमीन की घेराबंदी ही सुनिश्चित की गई थी। भूमि की बाउंड्रीवाल करा कर कॉलोनी विकसित करने के नाम पर ईंटों की सडक बना दी थी जिससे लोगों को लगे कि यहां निर्माण कार्य चल रहा है।

देश में भूमि अधिग्रहण नीतियां किसानों के अनुकूल नहीं: धर्मवीर सिंह

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आवाहन पर शुक्रवार को किसान संगठन भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचे और किसानों की मांगों से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर सौंपा। जिलाधिकारी की उपस्थिति में ज्ञापन उपजिलाधिकारी प्रोटोकॉल नीलम श्रीवस्तव ने लिया। इस दौरान किसान संगठन से जुडे पदाधिकारियों सरकार पर किसान विरोधी होने के आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। मथुरा में प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार और नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर सिंह ने कार्यकताओं का नेतृत्व किया।

जिला अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां और नीयत किसान हित में नहीं है। तीन कृषि कानून वापस होने के बाद भी सरकार की नजर किसानों की खेती की जमीन पर लगी है। उन्होंने कहा कि देश की भूमि अधिग्रहण नीतियों को किसान के अनुकूल बनाया जाए। जनपद मथुरा में मेरा दायित्व किसान व किसानी के लिए संघर्ष करना है। मेरा हर प्रयास किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष करते रहना है। देश की वर्तमान किसान विरोधी सरकार लगातार किसानों का शोषण कर रही है। वर्तमान प्रदेश सरकार ने चुनावी एजेंडा में बहुत से बिंदुओं का जिक्र किया लेकिन सरकार बनने के बाद किसी भी एजेंडा के एक भी बिंदु को अभी तक पूरा नहीं किया गया। किसानों की विभिन्न समस्याएं जैसे एमएसपी पर गारंटी कानून, आवारा गोवंश के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर गौशाला का निर्माण, जीएम मस्टर्ड (सरसों) का देश में पूर्णता प्रतिबंध लगने जैसे मुद्दे जस की तस हैं। लखीमपुर कांड के मुख्य दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए और मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए। किसान के लिए खाद और बीज की उचित व्यवस्था कराई जाए आदि मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम द्वारा जिलाधिकारी ज्ञापन किसानों ने दिया। प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार, प्रवक्ता आगरा मंडल ललित शर्मा ने कहाकि वर्तमान सरकार किसान विरोधी सरकार है।
चुनाव में वर्तमान सरकार ने किसानों के लिए विभिन्न बायदे किये लेकिन चुनाव जीतने के बाद एक भी वायदा पूरा नहीं किया। प्रदेश की यह सरकार वायदा खिलाफी करने वाली सरकार है जो लगातार किसानों का शोषण कर रही है। किसान सर्दी के मौसम में अपनी फसल को बचाने के आवारा गौवश से जूझ रहे हैं। सरकार किसानों का दर्द समझने में नाकाम रही है।

शिक्षा 'जीवन' का मूल आधार है:दहिया

कैम्प

8 पांचवें दिन जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित किया।

समालखा (कुलदीप सिंह)/टीम एक्शन इंडिया
समालखा पी. एम. श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पावटी में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैम्प के पांचवें दिन जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित किया। उन्होंने ने अपने उद्बोदन में कहा कि शिक्षा 'जीवन' का मूल आधार

है। बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन जानवर के समान प्रतीत होता है, क्योंकि ना तो वह किसी बात को आसानी से समझ सकता है और ना ही कोई काम अपने बल पर कर पाता है। स्कूली शिक्षा बच्चे की मानसिक बुद्धि का विकास करती है और उसको नैतिकता, का ज्ञान कराती है। डा0 ए. पी. जे. अब्दुल कलाम को कोई कैसे भूल सकता है। उन्होंने तो जीवन में संघर्ष करके ऐसा मुकाम पाया जो हर किसी के बस की बात नहीं है। वे बच्चों को शिक्षा टिप्स दिया करते थे। कलाम ने बहुत मेहनत की और वैज्ञानिक के बाद राष्ट्रपति तक का सफर तय किया।

2023 में वोडाफोन आइडिया ने खोए 20 लाख से ज्यादा ग्राहक, जिओ सिम खरीदने वालों की इतनी बढ़ी संख्या

मुंबई/ नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े दूरसंचार संचालक रिलायंस जियो ने अक्टूबर 2023 में 31.59 लाख मोबाइल उपयोगकर्ता जोड़े, जबकि प्रतिद्वंद्वी भारती एयरटेल के ग्राहकों की संख्या में 3.52 लाख का इजाफा हुआ। ट्राई के मासिक ग्राहक आंकड़ों में यह बात सामने आई। वहीं संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया को कोई राहत नहीं मिली। अक्टूबर में उसने 20.44 लाख वायरलेस ग्राहक खोए।आंकड़ों के अनुसार, जियो के साथ अक्टूबर में 31.59 लाख नए उपयोगकर्ता जुड़ें और उसके कुल ग्राहकों की संख्या बढ़कर 45.23 करोड़ हो गई। सितंबर में उसके 44.92 करोड़ ग्राहक थे। सुनील मित्तल की अगुवाई वाली एयरटेल के ग्राहकों की संख्या में अक्टूबर में 3.52 लाख की बढ़ोतरी हुई और कुल ग्राहकों की संख्या 37.81 करोड़ हो गई।भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के अनुसार, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के ग्राहकों की संख्या अक्टूबर में घटकर 22.54 करोड़ हो गई। नकदी की कमी से जूझ रही वीआईएल धन जुटाने की समस्या और ग्राहकों की लगातार घटती संख्या से जूझ रही है।

अरुणाचल की अदरक समेत तीन उत्पादों को मिला जीआई का दर्जा

ईटानगर । अरुणाचल प्रदेश की खास अदरक समेत तीन उत्पादों को प्रतिष्ठित भौगोलिक संकेतक (जीआई) का प्रमाण मिला है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि जीआई दर्जा पाने वाले उत्पादों में आदी केकिर (अदरक), तिब्बती निवासियों की हस्तनिर्मित कालीन और वांचू समुदाय की बनाई हुई लकड़ी की वस्तुएं शामिल हैं। आदी केकिर पूर्वी सियांग, सियांग और ऊपरी सियांग जिलों में उगाई जाने वाली अदरक की एक किस्म है। यह अपने स्वाद और आकार के लिए जानी जाती है। अरुणाचल के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले तिब्बती शरणार्थियों द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित कालीन अपने विशिष्ट डिजाइन एवं बनावट के लिए मशहूर हैं। वांचू समुदाय के हाथ से बनाए जाने वाले लकड़ी के शिल्प भी अपनी कलाकारी के लिए बेहद खास हैं। कारीगर भगवान बुद्ध, जानवरों और गुड़ियों की मूर्तियां भी बनाते हैं।

अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) इन उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की पहल का समर्थन कर रहा है और वित्तीय सहाय,र याक चुर्पी , नामसाई जिले में उत्पादित चिपचिपे चावल की एक किस्म खामती और चांगलांग जिले के तांगसा कपड़ा को जीआई पहचान मिल चुकी है।

इस साल 8.3 फीसदी ज्यादा होंगी भर्तियां, बैंकिंग

नई दिल्ली। नई नियुक्तियों में इस साल 8.3 फीसदी वृद्धि की उम्मीद है। सबसे ज्यादा मांग विनिर्माण, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं व बीमा, वाहन, खुदरा और यात्रा क्षेत्र में रहेगी। दिसंबर में करीब दो फीसदी सुधार के बाद इस साल भर्तियों में तेजी की उम्मीद है। फाउंडइट की रिपोर्ट के मुताबिक , भर्तियों में बंगलूरू में सबसे ज्यादा 11 फीसदी वृद्धि हो सकती है। अर्थव्यवस्था ने 2023 के अंत में एक बदलाव का अनुभव किया। नौकरी बाजार में भी परिवर्तन हुआ, जहां नौकरी छोड़ने और भर्ती करने की दर स्थिर रही। रिपोर्ट में कहा गया है, नौकरी के कम अवसरों के बावजूद नई नौकरियों व भर्तियों के बीच असंतुलन के कारण सही प्रतिभा खोजने में भी कंपनियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

सीतारमण ने कहा- केंद्र राज्यों से एकत्र कर उन्हें कर देता है वापस

चेन्नई/नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस दावे में कोई सच्चाई नहीं है कि केंद्र सरकार राज्यों से एकत्र कर वापस नहीं कर रहा है। सीतारमण ने कहा कि केंद्र राज्यों के साथ 100 फीसदी राज्य वस्तु और सेवा कर साझा कर रही है। सीतारमण तमिलनाडु के एकदिवसीय दौरे पर हैं। वित्त मंत्री ने चेन्नई के कोडंबक्कम में विकसित भारत संकल्प यात्रा रैली के शुभारंभ पर यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि तमिलनाडु को वर्ष 2014 से प्रत्यक्ष कर के माध्यम से छह लाख 23 हजार 700 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि चेन्नई में उज्ज्वला योजना के माध्यम से 38 हजार लोगों को लाभ हुआ है। सीतारमन ने कहा कि राज्य में अब तक एक करोड़ 25 लाख जनधन खाते खोले गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार राज्यों से

एकत्र कर उन्हें संबंधित राज्यों को वापस दे दिया जाता है। सीतारमण ने कहा कि मुद्रा लोन, स्टैंड-अप इंडिया और पीएम स्वनिधि योजनाओं के तहत कर्ज दिया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में 2 करोड़ 67 लाख मुद्रा ऋण वितरित किए गए, जबकि पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत राज्य में 79 हजार तीन सौ रेहड़ी-पटरी वाले लाभान्वित हुए, जिनमें 67 फीसदी महिलाएं शामिल हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में केंद्र की सत्ता में आने के बाद से मोदी की सरकार ने तमिलनाडु को मेट्रो रेल परियोजनाएं, नए अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल, बेहतर एक्सप्रेसवे और बेहतर सड़क बुनियादी ढांचा दिया है। सीतारमण ने कहा कि धन प्रवाह सुनिश्चित करने के मामले में केंद्र कभी भी तमिलनाडु, केरल या किसी अन्य राज्य के प्रति शत्रुतापूर्ण नहीं रहा है। इसके अलावा बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए अग्रिम भुगतान करने के साथ धन भी जारी किया है। वित्त मंत्री ने आज लाभार्थियों को ऋण योजनाएं भी वितरित कीं। उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा देशभर में शुरू की जा रही एक देशव्यापी अभियान है। ये देश के 09 करोड़ से ज्यादा लोगों तक पहुंच चुकी है। इस यात्रा का मकसद है कि केंद्र सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों तक पहुंचकर उन्हें यह भरोसा दिलाना कि सरकारी योजनाएं बिना भेदभाव के सभी के लिए उपलब्ध है। इस यात्रा का समापन 26 जनवरी, 2024 को गणतंत्र दिवस पर होगा।

1990 बैच के आईएफएस अधिकारी इंद्र मणि पांडेय ने बिम्सटेक के महासचिव का कार्यभार संभाला

नई दिल्ली। अनुभवी भारतीय राजनयिक इंद्र मणि पांडेय ने सात सदस्यीय बिम्सटेक के नए महासचिव के रूप में कार्यभार संभाल लिया। भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 1990 बैच के अधिकारी पांडे जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भारत के स्थायी प्रतिनिधि के तौर पर काम कर रहे थे। बिम्सटेक में भारत के अलावा श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार, थाईलैंड, नेपाल और भूटान शामिल हैं। पांडेय ने ढाका में बिम्सटेक के सचिवालय में इसके चौथे महासचिव के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने भूटान के तेनजिन लेकफेल की जगह ली। इस प्रतिष्ठित पद पर उनका कार्यकाल तीन साल का होगा।

इससे पहले दिन में ढाका पहुंचने पर पांडेय का बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय में महानिदेशक (सार्क और बिम्सटेक) अब्दुल मोतालेब सर्कर ने गर्मजोशी से स्वागत किया। बिम्सटेक सचिवालय के अधिकारियों को संबोधित करते हुए पांडे ने सहयोग बढ़ाने और उसे गहरा करने में समूह के सदस्य देशों के बड़े दृष्टिकोण को हकीकत में बदलने के लिए नए उत्साह के साथ काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए बिम्सटेक के सदस्य देशों को धन्यवाद दिया और उनके निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन की मांग की। भारत बिम्सटेक को क्षेत्रीय सहयोग की दिशा में एक जीवंत मंच बनाने के लिए ठोस प्रयास कर रहा है क्योंकि सार्क (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) के तहत यह पहल कई कारणों से आगे नहीं बढ़ रही थी। अपने तीन दशक से अधिक लंबे राजनयिक करियर में, पांडेय ने विदेश मंत्रालय (एमईए) में निरस्त्रीकरण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा प्रभाग के प्रभारी अतिरिक्त सचिव के रूप में भी कार्य किया।

कैट ने प्रधानमंत्री से ई-कॉमर्स नीति और नियम को लागू करने का किया आग्रह

नई दिल्ली। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से ई-कॉमर्स नीति और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम को शीघ्र लागू करने का अनुरोध किया। कैट ने प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखकर इन नियमों को जल्द लागू करने की मांग पहले कर चुका है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने जारी एक बयान में कुछ मीडिया रिपोर्टों के हवाले से कहा, ''यह पता चला है कि ई-कॉमर्स नीति और नियम दोनों ही प्रधानमंत्री की अप्रूवल के लिए लंबित है। खंडेलवाल ने कहा कि इसलिए देशभर के कारोबारी प्रधानमंत्री से इन नियमों के अप्रूवल किए जाने का इंतज़ार कर रहे हैं, जो व्यापार और देश के व्यापक हित में आवश्यक है।''खंडेलवाल ने आगे कहा कि देश की अर्थव्यवस्था पर ई-कॉमर्स के परिवर्तनकारी प्रभाव को पहचानते हुए एक व्यापक और अच्छी तरह से संरचित नीति की जरूरत है, जो निश्चित रूप से ई-कॉमर्स की प्रमुख कंपनियों द्वारा बनाए गए असमान स्तर के खेल को खत्म कर देगी, जिससे देश का आम व्यापारी भी ई-कॉमर्स का लाभ उठा सकेगा। उन्होंने कहा कि ई-कॉमर्स नीति के त्वरित कार्यान्वयन से न केवल बहुत जरूरी नियामक स्पष्टता मिलेगी बल्कि एक निष्पक्ष और प्रतिस्पर्धी कारोबारी माहौल को बढ़ावा मिलेगा। कैट महामंत्री ने कहा कि जैसे-जैसे देश डिजिटल अर्थव्यवस्था को अपनाना जारी रखता है, वैसे ही एक मजबूत ई-कॉमर्स नीति आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और तकनीकी नवाचार में महत्वपूर्ण योगदान देगी। उन्होंने कहा कि यह हमारी वैश्विक स्थिति को मजबूत करेगा और डिजिटल बाजार में निवेशकों का विश्वास बढ़ाएगा। खंडेलवाल ने कहा कि देशभर के व्यापारिक समुदाय को विश्वास है कि पीएम इस मामले के महत्व को देखते हुए इसे लागू करने की प्रक्रिया में तेजी लाएंगे, जिससे पारदर्शी और जवाबदेह ई-कॉमर्स पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा मिले सकेगा।

'रिच डैड, पुअर डैड' किताब के लेखक कियोसाकी ने बताया कर्ज से पैसे बनाने का तरीका, बोले- ऋण ही असली पैसा

नई दिल्ली। आमतौर पर हमारे पारंपरिक समाज में कर्ज को बुरा माना जाता है और अक्सर लोग अगर बहुत जरूरी ना हो तो कर्ज लेने से बचते हैं, लेकिन मशहूर लेखक रॉबर्ट कियोसाकी ऐसा नहीं मानते। मशहूर किताब रिच डैड, पुअर डैड के लेखक और एंटरप्रेन्योर रॉबर्ट कियोसाकी ने हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान खुलासा किया कि उन पर एक अरब डॉलर से ज्यादा का कर्ज है, लेकिन वह इससे बिल्कुल परेशान नहीं है बल्कि इस कर्ज से ही उन्होंने पैसा बनाया है।

रॉबर्ट कियोसाकी ने बताया कैसे कर्ज से बनाया जाता है पैसा:पॉडकास्ट में रॉबर्ट कियोसाकी ने कर्ज को लेकर अपनी फिलॉसफी बताते हुए संपत्ति और देनदारी में एक बड़ा अंतर होता है और जो व्यक्ति इस अंतर को समझ जाता है, वही पैसा कमाना सीख जाता है। एक उदाहरण देते हुए कियोसाकी ने कहा कि अगर वह कर्ज लेकर महंगी कार जैसे फरारी या रॉल्स रोयस खरीदते हैं तो यह गलत है क्योंकि ये देनदारियां हैं और वक्त के साथ इनकी कीमत घटती है। गौरतलब है कि एसेट्स या संपत्ति वह चीजें होती हैं, जो भविष्य में आर्थिक फायदा पहुंचाएं। वहीं

देनदारियां या लायबिलिटीज वो चीजें हैं, जिनकी भविष्य में आपकी जेब पर बोझ बनेंगी। जैसे कियोस्की बताते हैं कि महंगी कारें देनदारियां हैं और रियल एस्टेट में निवेश एसेट्स है।

सोने-चांदी में करते हैं बचत: वीडियो में कियोसाकी एक और चौंकाने वाला खुलासा करते हैं। कियोसाकी बताते हैं कि वह नकदी नहीं बचाते बल्कि इसकी जगह सोने चांदी में बचत करते हैं। कियोसाकी कहते हैं कि मुझ पर अरब डॉलर का कर्ज है क्योंकि कर्ज ही पैसा है। उन्होंने कहा कि अच्छा कर्ज पैसा बनाता है और बुरा कर्ज आपकी कमाई घटाता है। उन्होंने कहा कि लोगों को कर्ज लेकर निवेश करना चाहिए, खासकर रियल एस्टेट में।

दिसंबर महीने में निर्देश ना मानने सहकारी बैंकों पर आरबीआई ने की कार्रवाई, लगा लाखों रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दिसंबर महीने में कई सहकारी बैंकों पर निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण कार्रवाई की और जुर्माना लगाया। आरबीआई की ओर से 13 दिसंबर, 2023 का एक आदेश जारी कर लिमडी अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, लिमडी, जिला दाहोद, गुजरात पर भारतीय रिजर्व बैंक (सहकारी बैंक- जमा पर ब्याज दर) 2016 के तहत जारी निर्देशों का पालन न करने के लिए 50,000 रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया गया।

वहीं केंद्रीय बैंक ने 08 दिसंबर, 2023 को एक आदेश जारी कर भुज कमर्शियल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, कच्छ, गुजरात परनिर्देशों का पालन न करने के लिए 1.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

वहीं 13 दिसंबर, 2023 के ही एक अन्य आदेश के तहत भारत सहकारी बैंक लिमिटेड, वडोदरा, गुजरात पर निर्देशों का पालन न करने के लिए पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया। आरबीआई ने 07 दिसंबर, 2023 के एक आदेश में संखेड़ा नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, सनखेड़ा, छोटा उदयपुर, गुजरात पर भी पांच लाख रुपये जुर्माना लगाया गया। बैंक पर निदेशकों और उनके रिश्तेदारों व उनसे जुड़े फर्मों को ऋण देने में आरबीआई की ओर से जारी निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए कार्रवाई की गई है।

सोने में 420 रुपए की गिरावट, चांदी 1900 रुपये कमजोर हुई

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 420 रुपये टूटकर 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। इस दौरान चांदी की कीमत भी 1,900 रुपये की गिरावट के साथ 76,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 78,800 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्यूरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'विदेशी बाजारों में गिरावट के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 420 रुपये की गिरावट के साथ 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वैश्विक बाजार में सोना और चांदी गिरावट के साथ क्रमशः 2,042 डॉलर प्रति औंस और 23.05 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करते दिखे।

महिलाओं ने खरीदीं 97 लाख बीमा पॉलिसी, 2022-23 में कंपनियों ने बेचीं कुल 2.84 करोड़ पॉलिसी

मुंबई/नई दिल्ली। देश के 50 लाख करोड़ रुपये के बीमा उद्योग में महिलाओं की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है।?2022-23 में महिलाओं ने 97.38 लाख बीमा पॉलिसी खरीदी हैं। इस दौरान बीमा कंपनियों ने कुल 2.84 करोड़ पॉलिसी बेचीं।?भारतीय बीमा विकास विनियामक प्राधिकरण (इरडाई) की हालिया सालाना रिपोर्ट के अनुसार, बीमा खरीदने में महिलाओं की हिस्सेदारी 34.20 फीसदी है। 2021-22 में यह हिस्सेदारी 34.7 फीसदी थी। आबादी में इनकी हिस्सेदारी 49 फीसदी है। ऐसे में अभी भी बीमा कंपनियों के लिए एक बहुत बड़ा ग्राहक आधार है, जिसे वह पॉलिसी बेच सकती हैं। जीवन बीमा कंपनियां महिला आबादी की बढ़ती मांगों को पूरा कर इस

अवसर पर आगे बढ़ रही हैं। पर्याप्त जीवन बीमा कवरेज प्रदान करने के लिए उपयुक्त उत्पाद भी पेश कर रही हैं।

7.45 लाख महिला एजेंट

रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं का योगदान अच्छा है और यह हर साल लगातार तेजी के साथ बढ़ रहा है। महिलाओं की पॉलिसी खरीदने के लिहाज से कर्नाटक 44.23 फीसदी हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर है। केरल 43.96 फीसदी के साथ दूसरे और मिजोरम 42.97 फीसदी के साथ तीसरे स्थान पर है। बीमा उद्योग में कुल 24.43 लाख एजेंट हैं। इसमें से 7.45 लाख महिला एजेंट हैं। यानी 28.35 फीसदी हैं। निजी जीवन बीमा कंपनियों में महिला एजेंटों की हिस्सेदारी 57.33 फीसदी जबकि सरकारी में यह 42.67 फीसदी है।

बीमा वाहक पर जोर

इरडाई ने बीमा विस्तार योजना को गांव तक ले जाने के लिए बीमा वाहक की योजना बनाई है। 2024 के अंत तक हर ग्राम पंचायत में बीमा वाहक नियुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इंश्योरेंस कंपनियां मुख्य रूप से महिलाओं को बीमा वाहक के रूप में नियुक्त करेंगी।

दो दिन की बड़ी गिरावट के बाद उछला शेयर बाजार, निवेशकों ने कमाए 3.35 लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली। लगातार 2 दिन तक बड़ी गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार ने मजबूती दिखाई। आज के कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई थी। बीच-बीच में यदा-कदा बिकवाली भी होती रही, लेकिन खरीदारी का जोर लगातार बना रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.69 प्रतिशत और निफ्टी 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल को छोड़ कर बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ बंद हुए। रियल्टी सेक्टर के शेयरों में आज जोरदार खरीदारी होती रही, जिसके कारण रियल्टी इंडेक्स 6 प्रतिशत उछल कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। इसके अलावा एनर्जी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के शेयरों में भी जमकर खरीदारी होती रही। पावर इंडेक्स आज 2 प्रतिशत उछल गया। इसी तरह कैपिटल गुड्स, ऑयल एंड गैस, बैंक और हेल्थ केयर इंडेक्स ने भी 0.50 प्रतिशत से अधिक की मजबूती दर्ज की। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.49 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया।आज बाजार की तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 3.35 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 368.43 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 365.08 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.35 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,941 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,568 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,262 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 111 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,156 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,406 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 750 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर बढ़त के साथ और 11 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 27 शेयर हरे निशान में और 23 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 322.33 अंक की मजबूती के साथ 71,678.93 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारों ने अपना जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली। खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 2 बजे के करीब ये सूचकांक 598.19 अंक उछल कर 71,954.79 अंक के स्तर पर पहुंच गया।

मध्यप्रदेश में जीएसटी राजस्व में दिसम्बर माह में 11 फीसदी बढ़ोतरी

भोपाल। मध्य प्रदेश के वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा माह दिसम्बर में पिछले वित्तीय वर्ष के दिसम्बर माह के मुकाबले चालू वित्तीय वर्ष के दिसम्बर माह में जीएसटी राजस्व 11 प्रतिशत बढ़ गया है। प्रदेश के लिए यह उल्लेखनीय उपलब्धि है। राज्य के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने करदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए विभागीय अमले को बधाई दी है।

जनसम्पर्क अधिकारी संतोष मिश्रा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 के दिसम्बर माह में प्रदेश को 2976 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इसकी तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में माह दिसम्बर में जीएसटी में 3304 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। यह पूर्व वर्ष से 11 प्रतिशत अधिक है। जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद किसी एक माह में प्राप्त जीएसटी की सर्वाधिक राशि है। इसी प्रकार माह दिसम्बर, 2023 तक जीएसटी से कुल 23471 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो पूर्व वर्ष से 21 प्रतिशत ज्यादा है। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के मार्गदर्शन में वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में विशेष प्रयासों से राजस्व संग्रहण में निरंतर सफलता अर्जित की जा रही है। उन्होंने बताया कि पंजीयत व्यवसाइयों की संख्या में वृद्धि के लिए प्रदेश के सभी जिलों की जनसंख्या एवं आर्थिक स्थिति के आधार पर पंजीयन के लक्ष्य निर्धारित किए गए। सभी वृत्त कार्यालयों में इस पंजीयन अभियान में तत्परता के साथ कार्य करते हुए अपंजीयत करदाताओं को पंजीयत करने का कार्य किया गया। इसी का परिणाम है कि वर्तमान में प्रदेश में पंजीयत व्यवसाइयों की कुल संख्या पांच लाख से भी अधिक पहुंच चुकी है। वर्ष 2018 में पंजीयत व्यवसायी तीन लाख 84 हजार 438 की तुलना में वर्तमान में पंजीयत व्यवसायी की संख्या पांच लाख 31 हजार 147 है। जो तुलनात्मक रूप से 38 प्रतिशत अधिक है। पंजीयन सत्यापन के लिए मोबाइल एप तैयार किया गया है। इस एप के माध्यम से ही फील्ड अधिकारियों के द्वारा संदिग्ध करदाताओं के पंजीयन सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है। विभाग के द्वारा डेटा एनालिटिक्स के माध्यम से 4909 बोगस करदाताओं की पहचान की गई तथा इनमें से प्रदेश में पंजीयत 139 बोगस करदाताओं के पंजीयन निरस्त किए गए। बोगस/फेक तथा निष्क्रिय व्यवसाईयों को नियमित रूप से चिन्हित किया जाकर इनके पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही प्राथमिकता पर की जा रही है। जीएसटी लागू होने के उपरान्त अभी तक कुल दो लाख 51 हजार 510 पंजीयन निरस्त भी किए गए हैं। राजस्व वृद्धि के अन्य प्रयासों में स्क्रूटनी, आडिट एवं प्रवर्तन के विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। मुख्यालय स्थित डेटा, कमाण्ड एंड कंट्रोल सेन्टर में एनालिटिक्स टीम के द्वारा आयकर अधिनियम से संबंधित जानकारी का जीएसटी रिटर्नस से मिलान, अन्य शासकीय विभागों जैसे कोष एवं लेखा, माईनिंग, ट्रांसपोर्ट आदि से जानकारी प्राप्त कर उनका मिलान भी जीएसटी रिटर्नस से किया जा रहा है।

पाकिस्तान : आतंकी कमांडर तूर समेत दो मारे गए

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा के टैंक जिले में आतंकवादियों के खिलाफ जारी अभियान में दो दहशतगर्दों को मार गिराया। मारे गए लोगों में आतंकी संगठन का

दुर्दांत कमांडर गुल यूसुफ तुर भी शामिल है। पाकिस्तान के अखबार द न्यूज ने इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के जारी बयान के आधार पर यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षाबलों ने चार-पांच जनवरी की दरमियानी रात दोनों आतंकवादियों को मार गिराया। आतंकवादी तुर टैंक और सीमावर्ती जिलों में दहशत का पर्याय था।

काठमांडू में भारतीय विदेशमंत्री डॉ. जयशंकर ने पशुपतिनाथ मंदिर में की पूजा, रुद्राक्ष का पौधा रोपा

काठमांडू। भारतीय विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अपने दो दिवसीय नेपाल दौरे के आखिरी दिन शुक्रवार सुबह की शुरुआत काठमांडू के विश्व प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन के साथ की। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना करने के साथ पशुपतिनाथ परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपा। पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचने पर भारतीय विदेशमंत्री का पशुपति क्षेत्र विकास कोष के कार्यकारी निदेशक लक्ष्मी पुन, सदस्य सचिव घनश्याम खतिवड़ा आदि ने जोरदार स्वागत किया। डॉ. जयशंकर ने इस मौके पर विशेष पूजा करने के साथ रुद्राभिषेक भी किया। वह करीब घंटे भर पशुपति मंदिर में रहे। इस मौके पर सुरक्षा का कड़ा बंदोबस्त किया गया।

अमेरिकी स्कूल में गोलीबारी, छठी कक्षा के छात्र की मौत, प्रशासक समेत पांच घायल, बंदूकधारी किशोर ने आत्महत्या की

वाशिंगटन। अमेरिका में आयोवा प्रांत के पेरी हाईस्कूल में गुरुवार सुबह एक बंदूकधारी ने जमकर गोलीबारी की। इस गोलीबारी में छठी कक्षा के एक छात्र की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक घायलों में एक की हालत गंभीर है। द न्यूयार्क टाइम्स के अनुसार, विद्यार्थी अपनी शीतकालीन छुट्टियों के बाद वापस स्कूल आ रहे थे, तभी बंदूकधारी ने उन्हें निशाना बनाया। अखबार के अनुसार आयोवा डिवीजन ऑफ क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन के सहायक निदेशक मिच मोर्टवेट ने घटना की पुष्टि की है। मोर्टवेट ने कहा कि घायलों में चार छात्र और एक प्रशासक शामिल है। प्रशासक की पहचान ईस्टन वैली कम्युनिटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट ने डैन मार्बगर के रूप में की है। वह पेरी हाईस्कूल के प्रिंसिपल भी हैं। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, अन्य घायलों की पहचान नहीं बताई गई है। मोर्टवेट ने यह जरूर साफ किया है कि बंदूकधारी की पहचान इसी स्कूल के 17 वर्षीय छात्र डाकलन बटलर के रूप में हुई है। खूनखराबा करने के बाद उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह स्कूल डेस मोइनेस से लगभग 40 मील उत्तर पश्चिम में है। स्कूल में गोलीबारी कक्षाएं शुरू होने से पहले की गई।

भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने विद्यालय भवनों व हेल्थ पोस्ट का किया उद्घाटन

काठमांडू। नेपाल दौरे पर भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शुक्रवार को त्रिभुवन विश्वविद्यालय के नवनिर्मित केन्द्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन किया। उन्होंने भारत सरकार के सहयोग से निर्मित कई पुनर्निर्माण कार्यों का भी उद्घाटन किया। इनमें 25 विद्यालय भवन और 32 हेल्थ पोस्ट शामिल हैं। कीर्तिपुर स्थित त्रिभुवन विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद के साथ संयुक्त रूप से केन्द्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन किया। तीन हजार व्यक्तियों के एक साथ बैठने की क्षमता वाले पुस्तकालय का निर्माण भारत सरकार की मदद से किया गया है। यह दिव्यांग मैत्री पुस्तकालय है। इसके अलावा एस जयशंकर ने भारत सरकार के आर्थिक अनुदान से निर्मित कई पुनर्निर्माण परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जिसमें 25 विद्यालय भवन और

32 हेल्थ पोस्ट शामिल हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नेवरहुड फर्स्ट पॉलिसी के तहत पड़ोसी देशों में आई प्राकृतिक आपदा के समय भारत सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी होती है। 2015 में आए विनाशकारी भूकम्प के बाद तत्काल मानवीय सहायता और राहत के अलावा भारत सरकार ने नेपाल की पुनर्निर्माण कार्यों के लिए 1 बिलियन डॉलर की सहायता की थी। उन्होंने कहा कि गत नवम्बर में आए जाजरकोट भूकम्प में भी पुनर्निर्माण के लिए 100 करोड़ की सहायता देने पर समझौता हुआ है। नेपाल में 2015 में आए विनाशकारी भूकम्प के बाद भारत ने नेपाल के पुनर्निर्माण में सबसे बड़े सहयोगी के रूप में मदद की थी। इनमें भूकम्प के केन्द्र बिंदु रहे गोरखा जिले के बारपाक गांव में 50 हजार घरों के पुनर्निर्माण से लेकर कई अन्य अस्पताल, स्कूल, धर्मशाला का निर्माण संपन्न किया गया है।

पाकिस्तान में सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों-विधायकों के आजीवन अयोग्यता मामले पर सुनवाई शुरू की

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में सुप्रीम कोर्ट के सात सदस्यों की पीठ ने शुक्रवार को आजीवन अयोग्यता मामले पर दोबारा सुनवाई शुरू की। इस मामले पर आने वाला फैसला यह निर्धारित करेगा कि अनुच्छेद 62 (1) के अनुरूप संशोधित चुनाव अधिनियम 2017 के तहत चुनाव लड़ने के लिए सांसदों और विधायकों की अयोग्यता जीवन भर के लिए है या पांच साल के लिए। पीठ के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस काजी फैज ईसा हैं। पाकिस्तान के अखबार द न्यूज के अनुसार शीर्ष अदालत ने पिछले महीने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के पूर्व प्रांतीय विधायक सरदार मीर बादशाह खान कैसरानी की याचिका पर सुनवाई की थी। कैसरानी ने 2007 में फर्जी डिग्री के मामले में अपनी आजीवन अयोग्यता को चुनौती दी थी।चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय पीठ में जस्टिस सैयद मंसूर अली शाह, जस्टिस बाह्या अफरीदी, जस्टिस अमीनुद्दीन खान, जस्टिस जमाल खान

मंडोखेल, जस्टिस मोहम्मद अली मजहर और जस्टिस मुसर्रत हिलाली शामिल हैं। कार्यवाही का सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट और यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण किया जा रहा है। पिछली सुनवाई में गुरुवार को चीफ जस्टिस ईसा ने टिप्पणी की थी कि किसी को भी संसद से आजीवन अयोग्य ठहराना 'इस्लाम के खिलाफ' है। उन्होंने कहा था कि इस मामले का समाधान इस्लाम में मौजूद है। पवित्र कुरान में उल्लेख है कि इंसानों का दर्जा बहुत ऊंचा है। उन्होंने एक आयत का जिक्र करते हुए कहा, जो बताती है कि इंसान बुरे नहीं हैं बल्कि उनके कर्म बुरे हैं। उन्होंने कहा कि अगर अल्लाह ने ऐसा नहीं किया तो अदालत पश्चाताप का दरवाजा कैसे बंद कर सकती है।

लाहौर हाई कोर्ट ने कहा, इमरान खान के भाषणों के प्रसारण पर रोक नहीं लगाई जाए

लाहौर। लाहौर हाई कोर्ट ने पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी को आदेश दिया है कि वह पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान के भाषणों के प्रसारण को रोकने के लिए टेलीविजन चैनलों पर दबाव न डाले। हाई कोर्ट का यह आदेश टेलीविजन चैनलों पर खान के संबोधनों के प्रसारण पर प्रतिबंध के खिलाफ दायर याचिकाओं की सुनवाई के दौरान गुरुवार को आया। पाकिस्तान के समाचार पत्र द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी ने इस तरह के किसी भी प्रतिबंध को लागू करने से इनकार किया है। हाई कोर्ट के जस्टिस शम्स महमूद मिर्जा ने याचिकाओं का निपटारा करते हुए कहा कि इमरान खान के भाषणों को प्रसारित करने के संबंध में दिशा-निर्देश विस्तृत फैसले में जारी किए जाएंगे। इमरान की पार्टी के वकील

अहमद पनसोटा ने कहा कि राजनीतिक दलों के लिए समानता के सिद्धांत पर एयर टाइम प्राप्त करना कानूनी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट ने इमरान खान के भाषणों के प्रसारण पर प्रतिबंध की अधिसूचना को निलंबित कर दिया है और अदालत के आदेश के बावजूद टीवी चैनलों को उनका प्रसारण करने से रोक दिया गया है।

ब्रिटिश अभिनेत्री ग्लाइनिस जॉन्स का 100 वर्ष की आयु में निधन

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की मशहूर ब्रिटिश अभिनेत्री ग्लाइनिस जॉन्स का गुरुवार को यहां निधन हो गया। उन्होंने सहायता प्राप्त आवास पर 100 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। वह फिल्म और रंगमंच पर छह दशक से ज्यादा सक्रिय रहीं। ए लिटिल नाइट म्यूजिक में शानदार भूमिका के लिए उन्हें टोनी पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें सैंड इन द क्लाउन्स और वॉल्ट डिज्नी की फिल्म 'मैरी पोपिन्स' में शानदार भूमिका के लिए याद किया जाता है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, सुश्री जॉन्स के निधन की पुष्टि उनके प्रवक्ता मिच क्लेम ने की। अखबार ने लिखा है कि वह प्यारी अभिनेत्री थीं। आलोचकों तक ने उनकी हर बार प्रशंसा की। ब्रिटिश अभिनेत्री

ग्लाइनिस जॉन्स मैरी पोपिन्स में विनीफ्रेड बैंक्स की भूमिका के लिए सबसे ज्यादा जानी गईं। जॉन्स ने अपना फिल्मी करिअर 1938 में शुरू किया। 10 साल बाद उन्होंने 'मिरांडा' फिल्म में जलपरी की भूमिका निभाई। हालांकि यह फिल्म सफल नहीं हो सकी। वह दो दशक तक इंग्लैंड में रहीं।

रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने चार शादियां कीं। दुर्भाग्य से चारों विफल रहीं। पिछले साल अक्टूबर में उनके 100वें जन्मदिन से पहले लेबर सांसद क्रिस ब्रायंट ने जॉन्स को नाइट की उपाधि देने का आह्वान किया था। उन्होंने अभिनेत्री के निधन पर दुख जताया है।

ब्रांयट ने कहा है कि दिवंगत अभिनेत्री के परिवार में उनके पोते थॉमस फोरबुड हैं। वो पेरिस में रहते हैं। उन्हें ब्रिटेन में पिता की कब्र के बगल में दफनाया जाएगा।

यूक्रेन के खिलाफ लड़ने वाले विदेशी को रूस की नागरिकता देने की पुतिन ने की पेशकश

मास्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक आदेश जारी कर यूक्रेन के विरुद्ध लड़ने वाले विदेशियों को सपरिवार नागरिकता देने की पेशकश की है। आदेश में कहा गया है कि 'स्पेशल सैन्य अभियान' के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, वे इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।राष्ट्रपति पुतिन द्वारा जारी आदेश के अनुसार आवेदकों को खुद के साथ अपने जीवनसाथी, बच्चे और माता-पिता को दर्शाने वाले दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। पात्र लोगों में एक साल के लिए नियमित अनुबंध पर हस्ताक्षर करने वाले शामिल हैं। नियमित सशस्त्र बल या अन्य सैन्य संरचनाओं वाले वैगनर जैसे समूह के लोगों पर भी यह लागू हो सकता है। ऐसा लगता है कि इस उपाय का उद्देश्य अतिरिक्त सैनिकों की भर्ती करना है। हालांकि, रूस ने उसकी ओर से लड़ रहे लोगों का कोई आंकड़ा नहीं जारी किया है।

'भारत विरोधी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं करेंगे', बांग्लादेश के गृह मंत्री का बड़ा बयान

बेरूत। बांग्लादेश में रविवार यानी कि 7 जनवरी को आम चुनाव होने हैं। इससे पहले बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने कहा है कि जब तक अवामी लीग की सरकार है, तब तक बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियां या आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बांग्लादेशी गृह मंत्री ने ये भी कहा कि भारत को चीन के बांग्लादेश में निवेश से परेशान नहीं होना चाहिए और भारत और बांग्लादेश के रिश्ते आने वाले दिनों में और मजबूत होंगे। साथ टेलीफोन पर दिए एक इंटरव्यू में शेख हसीना सरकार के वरिष्ठ मंत्री ने कहा कि अवामी लीग की सरकार में 7 जनवरी को निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी बीएनपी ने हार के

डर से चुनाव के बहिष्कार का एलान किया है। बीएनपी ने मांग की है कि चुनाव से पहले केयरटेकर सरकार बनाई जाए, लेकिन मांग पूरी ना होने के चलते बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया है।

बीएनपी की सरकार में बढ़ती हैं भारत विरोधी गतिविधियां

असदुज्जमां खान ने बताया कि बीएनपी और जमात के कार्यकाल के दौरान भारत विरोधी तत्वों को बांग्लादेश में बढ़ावा दिया गया। हमने सत्ता में आने के बाद उनका सफाया किया। जब तक हमारी पार्टी (अवामी लीग) सत्ता में है, तब तक हम अपने देश में भारत विरोधी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। गृह मंत्री ने ये भी कहा कि बीएनपी के सत्ता में आने के बाद भारत विरोधी गतिविधियां बढ़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के भारत से रिश्ते खास हैं, क्योंकि भारत ने बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई थी। आने वाले दिनों में दोनों देशों के रिश्ते और मजबूत होंगे। बांग्लादेश में चीन के बढ़ते निवेश पर असदुज्जमां ने कहा कि भारत को इससे परेशान होने की जरूरत नहीं है।

आम चुनाव से पहले ढाका पहुंचे भारतीय चुनाव आयोग के तीन सदस्य, शेख हसीना ने जनता से अपील

ढाका। बांग्लादेश में सात जनवरी को होने वाले 12वें आम चुनाव से पहले भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के तीन सदस्य ढाका पहुंचे हैं। वे अंतर्राष्ट्रीय चुनाव में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले हैं। बांग्लादेश दूतावास के अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। दरअसल, चुनाव आयोग के ये सदस्य अंतरराष्ट्रीय चुनाव पर्यवेक्षकों की टीम का हिस्सा बनकर ढाका पहुंचे हैं।

अधिकारी ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर भारत के चुनाव आयोग से तीन वरिष्ठ अधिकारी ढाका पहुंच चुके हैं। चुनाव आयोग ने सात जनवरी को होने वाले आम चुनाव में शांतिपूर्ण प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पूरी व्यवस्था की है। बता दें कि तैयारियों के बावजूद विपक्षी पार्टी बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला किया।

बांग्लादेश में होने वाले इस आम चुनाव के लिए यूरोपियन संघ की अंतरराष्ट्रीय चुनाव विशेषज्ञ टीमें भी ढाका पहुंच चुकी है, जिसमें विभिन्न देशों के कई विदेशी चुनाव पर्यवेक्षक शामिल है। अपने पहले प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा, चुनाव बांग्लादेश में है और यह उनका घरेलू मुद्दा है। यह वहां के लोगों पर है कि वह अपना भविष्य खुद तय करें। बांग्लादेश की स्थानीय मीडिया ने बताया कि सत्तारूढ़ पार्टी अवामी लीग चुनाव से पहले कॉमनवेल्थ चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ बैठक शुक्रवार को बैठक की। कॉमनवेल्थ चुनाव पर्यवेक्षकों का स्वागत करते हुए सत्तारूढ़ पार्टी ने सात जनवरी को होने वाले चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराई। अवामी लीग की अध्यक्ष शेख हसीना ने जनता से आम चुनाव में वोट डालकर उनकी पार्टी को चौथी बार सत्ता में लाने की अपील की। उन्होंने कहा, आज मैं चुनाव चिंह नाव पर वोट मांगने के लिए आपके सामने खड़ी हूं। अपने संबोधन के दौरान शेख हसीना ने कहा कि वह बांग्लादेश के विकास, लोगों के जीवनशैली को बेहतर बनाने और देश से भूखमरी एवं गरीबी को हटाने के लिए अगले पांच वर्षों तक फिर एकबार सत्ता में रहना चाहती है।

सोमालिया के तट से जहाज हाइजैक, क्रू में 15 भारतीय शामिल, नौसेना ने भेजा अपना युद्धक जहाज

इस्लामाबाद । सोमालिया के तट से एक जहाज को हाइजैक कर लिया गया है। हाइजैक किए गए जहाज के क्रू सदस्यों में 15 भारतीय नागरिक शामिल हैं। भारतीय नौसेना स्थिति पर नजर रखे हुए है। खबर के अनुसार, हाइजैक किया गए जहाज का नाम एमवी लीला नॉरफोल्क है और इस पर लाइबेरिया का झंडा लगा है। नौसेना ने अगवा जहाज की निगरानी के लिए अपने एयरक्राफ्ट तैनात कर दिए हैं। अगवा जहाज के क्रू से कम्युनिकेशन भी स्थापित कर लिया गया है। भारतीय नौसेना ने बयान जारी कर बताया कि घटना गुरुवार शाम की है, जब लाइबेरिया का झंडा लगा जहाज अरब सागर से गुजर रहा था। जहाज ने चल्लह पोर्टल पर एक संदेश भेजा कि करीब 5-6 हथियारबंद अज्ञात लोग जहाज पर चढ़ गए हैं और जहाज को अगवा करने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना मिलते ही भारतीय नौसेना ने अपने युद्धक जहाज आईएनएस चेन्नई को रवाना किया। आईएनएस चेन्नई मेरीटाइम सिक्योरिटी के लिए ही अरब सागर में तैनात है। साथ ही शुक्रवार सुबह नौसेना के एयरक्राफ्ट्स ने भी अगवा जहाज के ऊपर से उड़ान भरी। नौसेना ने जहाज से संपर्क साधा और क्रू सदस्यों के सुरक्षा का हाल जाना। नौसेना क्षेत्र में मौजूद अन्य सहयोगी देशों और एजेंसियों के साथ हालात पर करीब से नजर बनाए हुए है। उल्लेखनीय है कि सोमालिया हॉर्न ऑफ अफ्रीका पर स्थित है, जिसके एक तरफ भारतीय महासागर और दूसरी तरफ अदन की खाड़ी है। अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट भी सोमालिया के नजदीक से गुजरता है। यही वजह है कि सोमालिया के नजदीक समुद्री लुटेरों का खतरा रहता है। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हुआ है कि इस जहाज को समुद्री लुटेरों ने कब्जाया है या फिर किसी अन्य संगठन ने। गौरतलब है कि इस्राइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद से लाल सागर और अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट पर हमले शुरू हो गए हैं।

खासकर लाल सागर में ईरान समर्थित हूती विद्रोही लगातार व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। बीते करीब एक महीने में हूती विद्रोही करीब 25 बार व्यापारिक जहाजों पर हमले कर चुके हैं। दरअसल फलस्तीन के समर्थन में हूती विद्रोही इन हमलों को अंजाम दे रहे हैं। साथ ही समुद्री लुटेरों का खतरा बना ही हुआ है। बीते दिनों भी अरब सागर में एक व्यापारिक जहाज को अगवा किया गया था। इसके बाद अमेरिका, भारत समेत कई देशों की नौसेनाएं अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट की सुरक्षा कर रही हैं। भारतीय नौसेना ने अरब सागर और लाल सागर में अपने पांच युद्धक जहाज भी तैनात कर दिए हैं।

वर्ष 2023 के विश्व के सर्वश्रेष्ठ रेफरी चुने गये पोलैंड के सिजमोन मार्सिनियाक

वारसॉ। पोलैंड के सिजमोन मार्सिनियाक को गुरुवार को इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फुटबॉल हिस्टोरियंस एंड स्टैटिस्टिक्स (आईएफएफएचएस) द्वारा वर्ष 2023 का विश्व का सर्वश्रेष्ठ पुरुष रेफरी चुना गया है। 42 वर्षीय सिजमोन ने 175 अंकों के साथ पुरस्कार जीता, दूसरे नंबर पर इटली के डेनियल ओर्सटो (95 अंक) और तीसरे स्थान पर 64 अंकों के साथ फ्रांस के क्लेमेंट टर्पिन रहे। 2022 फीफा विश्व कप फाइनल में अंपायरिंग के प्रदर्शन के बाद मार्सिनियाक ने 2022 का पुरस्कार भी जीता था। 2023 में, उन्होंने इस्तांबुल में मैनचेस्टर सिटी और इंटर मिलान के बीच यूईएफए चैंपियंस लीग फाइनल में बतौर रेफरी उतरे। पुरस्कार जीतने के बाद मार्सिनियाक ने कहा, खूबसूरत मैचों और अच्छे फैसलों के साथ यह एक शानदार साल था, लेकिन जैसा कि रेफरींग में होता है, ऐसे फैसले भी थे जो बेहतर होने चाहिए थे। उन्होंने अंत में कहा, मैं अपनी टीम, अपने परिवार और सभी दोस्तों को हमेशा और हर जगह मेरा समर्थन करने के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं सभी फुटबॉल प्रशंसकों को नए साल की शुभकामनाएं देता हूं। याद रखें कि रेफरी के बिना कोई फुटबॉल नहीं है, इसलिए हमारा सम्मान करें।

एएनसीए की श्रद्धा यूपी की सीनियर टीम में

प्रयागराज। आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी (एएनसीए) की प्रशिक्षु श्रद्धा तिवारी का चयन तिरुवनंतपुरम (केरल) में होने वाली सीनियर वूमेन वन डे ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन टीम में किया गया है। यूपी टीम अपना पहला मुकाबला छह जनवरी को महाराष्ट्र के विरुद्ध खेलेगी। विकेट कीपर एवं दायें हाथ की बल्लेबाज श्रद्धा दिल्ली पब्लिक स्कूल नैनी स्थित आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी में मुख्य प्रशिक्षक एनएस नेगी और स्वाति सिंह से प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। श्रद्धा को एएनसीए के अन्य कोच यशवर्धन उचहारिया, शिवराम सिंह पटेल और मोहसिन खान ने बधाई दी है।

'यह हमारी सर्वश्रेष्ठ टेस्ट जीत में से एक है', केप टाउन में विजयी होकर बोले रोहित

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को श्रृंखला बराबर करने वाली सात विकेट की जीत को भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टेस्ट प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ में से एक करार दिया और इसे 2021 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा में मिली ऐतिहासिक जीत के बराबर रखा। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने मिलकर दक्षिण अफ्रीका के 20 में से 15 विकेट झटके जिससे भारत ने पांच सत्र के अंदर मेजबानों को हराकर शानदार वापसी की। भारत को पहले टेस्ट में सेंचुरियन में पारी और 32 रन से हार मिली थी।

टेस्ट इतिहास के सबसे छोटे मैच के खत्म होने के बाद रोहित ने कहा, 'यह हमारी सर्वश्रेष्ठ टेस्ट जीत में से एक है। हम यहां कभी नहीं जीते थे, यह हमारी सभी जीत के साथ सबसे ऊपर है।' वह किसी अन्य टेस्ट की जीत से इसकी तुलना नहीं करना चाहते लेकिन रोहित को लगता है कि ब्रिसबेन में मिली जीत भी इतनी ही महत्वपूर्ण थी क्योंकि 33 साल में आस्ट्रेलिया को दौरा करने वाली टीम वहां नहीं हरा सकी थी। रोहित ने कहा, 'कहीं और मिली टेस्ट जीत से तुलना करना मुश्किल है। इन टेस्ट को रैंकिंग देना मुश्किल है। प्रत्येक टेस्ट मैच की अपनी अहमियत होती है। मुझे लगता है कि गाबा में ऑस्ट्रेलिया पिछली बार 1988 में हारा था। तो यह उनका गढ़ बन गया था और हमने जिस तरह से टेस्ट जीता, वह महत्वपूर्ण था।' उन्होंने कहा, 'आप टेस्ट को रैंक नहीं कर सकते। हालांकि यह जीत ऊपर ही होगी। यह दिखाता है कि यह कितना महत्वपूर्ण स्थल है और यह आकर जीतने का श्रेय टीम को जाता है।' रोहित ने हालांकि घुमा फिराकर कहा कि वह तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला खेलना पसंद करेंगे लेकिन इस ड्रा को 2024 की अच्छी शुरूआत कहेंगे। उनसे जब पूछा गया कि क्या तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला आदर्श होती तो कप्तान ने कहा, 'यह हमारे हाथ में नहीं है।

अफगानिस्तान ने बदला रूल, बीबीएल से बाहर हुए मुजीब उर रहमान

याउंडे। डायनामो मॉस्को के विंगर मौमी नगामालेउ की अगले सप्ताह कोटे डी आइवर में शुरू होने वाले अफ्रीका कप ऑफ नेशंस (एएफसीओएन) से पहले कैमरून की राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है। नगामालेउ ने फ्रेंकोइस-रेगिस मुबे की जगह ली है, जिन्होंने अपने क्लब मार्सिले के लिए खेलने को प्राथमिकता देने के लिए एएफसीओएन में भाग लेने से इनकार कर दिया था। 29 वर्षीय नगामालेउ कैमरून टीम का हिस्सा थे, जो मिस्र द्वारा बाहर किए जाने से पहले घरेलू धरती पर 2021 एएफसीओएन सेमीफाइनल में पहुंची थी। उम्मीद है कि वह सुबह सऊदी अरब के जेद्दा में अदम्य लायंस टीम के बाकी सदस्यों में शामिल हो जाएंगे, जहां टीम वर्तमान में मौजूद है। कैमरून के 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन सोमवार को जाम्बिया के खिलाफ एक दोस्ताना मैच से होगा। पांच बार के एएफसीओएन चैंपियन को गिनी, गाम्बिया और मौजूदा चैंपियन सेनेगल के साथ ग्रुप सी में शामिल किया गया है। कैमरून द्विवार्षिक फुटबॉल टूर्नामेंट के 34वें संस्करण की शुरुआत 15 जनवरी को यामुसोक्रो के चार्ल्स कोनन बन्नी स्टेडियम में गिनी के खिलाफ करेगा। यह टूर्नामेंट 13 जनवरी से 11 फरवरी तक चलेगा।

ला लीगा लेट पेनल्टी गोल ने बार्सा को बचाया, वाल्वरडे ने जीत के साथ 500वें मैच का जश्न मनाया

मैड्रिड। इलके गुंडोगन ने इंजुरी टाइम में पेनल्टी पर गोल करके एफसी बार्सिलोना को लास पालमास में 2-1 से जीत दिला दी और अपनी ला लीगा खिताब की उम्मीदों को जिंदा रखा। मैच 1-1 के स्कोर के साथ 90 मिनट का समय पार कर गया, जिससे एक समय लगा कि बार्सा रियल मैड्रिड और गिरोना से नौ अंक पीछे रह जाएगा, लेकिन तभी जर्मन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गुंडोगन ने गोल कर बार्सिलोना की उम्मीदों को फिर से जिंदा कर दिया। बार्सिलोना के दो पूर्व खिलाड़ियों, सैंड्रो और मुनीर ने मिलकर लास पालमास को 11वें मिनट में बढ़त दिला दी थी, बार्सा के कीपर इनाकी पेना की हिचकिचाहट के कारण मुनीर को सैंड्रो के क्रॉस को गोल में बदलने में मदद मिली। पहले हाफ में लक्ष्य पर एक भी शॉट लगाए बिना, बार्सा ने 55वें मिनट में बराबरी कर ली जब लास पालमास के अपने क्षेत्र में एक गेंद को क्लियर करने में विफल रहने के बाद फेरान टोरेस ने आराम सो गोल किया। इसके बाद गुंडोगन ने इंजुरी टाइम में पेनल्टी पर गोल करके बार्सिलोना को 2-1 से जीत दिला दी। इसके अलावा एथलेटिक बिलबाओ के कोच अर्नेस्टो वाल्वरडे ने ला लीगा डगआउट में अपने 500वें मैच का जश्न अपनी टीम को सेविला पर 2-0 से जीत के साथ शीर्ष चार में पहुंचते हुए देखकर मनाया। एथलेटिक ने अपने प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ पहले हाफ में पूरी तरह से नियंत्रण बनाए रखा और मिकेल वेस्गा के 30वें मिनट के हेडर की बदौलत 1-0 की बढ़त बना ली। इसके बाद 74वें मिनट में ऐटोर पेरेडेस ने एंडर हेरेरा के कर्लिंग क्रॉस पर एथलेटिक के लिए अपना पहला गोल किया और अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया। अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

अल्टीमेट खो-खो: तेलुगु का लक्ष्य चेन्नई क्विक गन्स की अजेय लय को तोड़ना

कटक। यहां खेले जाने वाले अल्टीमेट खो-खो सीजन 2 के 21वें मैच में जीएमआर समूह के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी तेलुगु योद्धास का मुकाबला टेबल टॉपर्स चेन्नई क्विक गन्स से जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में होगा। तेलुगु योद्धास, जो वर्तमान में 15 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर हैं। योद्धास, क्विक गन्स से आगे निकल सकते हैं। जो वर्तमान में जीत के साथ 16 अंकों के साथ पहले स्थान पर हैं। क्विक गन्स ने क्रिसमस के दिन रिवर्स मैच में योद्धास पर 38-32 की जीत हासिल की थी। योद्धास लगातार तीन जीत के साथ सकारात्मक परिणाम लेकर आगे बढ़ना चाहेगी। तेलुगू योद्धास ने अपने आखिरी मुकाबले में मुंबई खिलाड़ीस के खिलाफ 40-22 से शानदार जीत दर्ज की थी, जबकि सीजन में अजेय रही चेन्नई क्विक गन्स ने ओडिशा जगरनॉट्स के खिलाफ अपना पिछला मैच 30-30 से बराबर किया था।

मैच से पहले, तेलुगु के कप्तान प्रतीक वाइकर ने कहा, 'हम जीत की लय जारी रखना के साथ आकर्षक खो-खो खेलना चाहते हैं। हम चेन्नई का सामना करते समय पिछले परिणामों के बारे में सोच रहे हैं क्योंकि हर मैच एक नई चुनौती है। हम प्रत्येक मैच को एक समय पर लेते हैं। हम अपने खेल को लेकर आश्वस्त हैं और हमें सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद है। योद्धास वर्तमान में टीम टोटल पॉइंट्स (243) और टीम अटैकिंग पॉइंट्स (218) में लीग का नेतृत्व करते हुए एक प्रमुख शक्ति के रूप में अपनी स्थिति सुरक्षित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, वे 96 अंकों के साथ टीम टच पॉइंट चार्ट में दूसरे स्थान पर हैं। मैट पर उल्लेखनीय निरंतरता का प्रदर्शन करते हुए, कप्तान प्रतीक वाइकर न केवल 42 अंकों के साथ टॉप वजीर तालिका में शीर्ष पर हैं, बल्कि आठ डाइव के साथ पोल डाइव्स चार्ट में भी शीर्ष पर हैं। लीग में उभरती प्रतिभाओं में से 20 वर्षीय डिफेंडर आदित्य गणपुले महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहे हैं। खेले गए सात मैचों में से चार सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर ऑफ द मैच पुरस्कारों के साथ, वह अपने कलाबाजी और फुर्तीले कौशल में सफल रहे हैं। आखिरी गेम में, आदित्य ने एक रन से पांच ड्रीम रन अंक अर्जित किए और अब तक उन्होंने मैट पर 15 मिनट और 26 सेकंड बिताए हैं। इस बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें टॉप डिफेंडर्स तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। ऐसी असाधारण व्यक्तिगत और टीम उपलब्धियों के साथ योद्धास, अल्टीमेट खो-खो सीज़न 2 में एक प्रबल दावेदार प्रतीत होते हैं।

अफगानिस्तान ने जोनाथन ट्रॉट का मुख्य कोच के रूप में अनुबंध एक साल बढ़ाया

नवी मुंबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने गुरुवार को कहा कि क्षेत्ररक्षण और फिटनेस विभाग में त्वरित सुधार संभव नहीं है लेकिन उनकी टीम हाल ही में नियुक्त पूर्णकालिक सहयोगी स्टाफ की मदद से उन कमियों को दूर कर लेगी। टीम लंबे समय से क्षेत्ररक्षण और फिटनेस की समस्या से जूझ रही है। भारतीय टीम यहां शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने की तैयारी कर रही है और ध्यान इस बात पर है कि नौ मैच में से छह में दोहरे अंक में पहुंचने में नाकाम रही हरमनप्रीत इससे कैसे उबरती हैं। इसके अलावा भारत ने ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में 0-3 की हार के दौरान अंतिम 2 मैच में कुल 8 कैच छोड़े जिसमें से 7 दूसरे मैच में टपकाए। हरमनप्रीत ने संवाददाताओं से कहा कि अगर हम टीम के प्रदर्शन के बारे में बात करें तो हम टुकड़ों में बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। क्षेत्ररक्षण और फिटनेस ऐसी चीजें हैं जिनके बारे में हम लंबे समय से बात कर रहे हैं। हम इस पर काम भी कर रहे हैं। अक्टूबर के अंत में टीम के मुख्य कोच नियुक्त किए गए अमोल मजूमदार ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से पूर्व अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया था कि मुनीष बाली (क्षेत्ररक्षण) और ट्रॉय कूली (गेंदबाजी) सहयोगी स्टाफ के सदस्य होंगे।

रोहित ने सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने में मदद की, चुनौतीपूर्ण श्रृंखला पर बोले जायसवाल

केप टाउन। यशस्वी जायसवाल को यह स्वीकार करने में कोई झिझक नहीं है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला चुनौतीपूर्ण थी और उन्होंने कहा कि भारतीय कप्तान कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने में मदद की। सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क और केपटाउन के न्यूलैंड्स की उछालभरी पिचों पर जायसवाल चार पारियों में केवल 50 रन ही बना सके। दो टेस्ट मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर रही। दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 79 रन के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान 23 गेंद में 28 रन की तेज पारी खेलने वाले जायसवाल ने कहा, 'रोहित शर्मा मुझे सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने में मदद करते हैं और हमें नई गेंद के खिलाफ तेजी से रन बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'मैं बस अच्छी शुरुआत देना चाहता था और मेरे दिमाग में यही सब था क्योंकि हमें मैच जीतना था। पिछली तीन पारियों में और इस पारी में भी मैंने यही किया। यह 22 वर्षीय खिलाड़ी जानता है कि उछाल और पिच से मिलने वाली मूवमेंट से निपटने के लिए सुधार करने की जरूरत है। जयसवाल ने कहा, 'हां, यह दौरा मेरे लिए सीखने वाला अनुभव रहा है। अलग माहौल और हर मायने में यह एक सुखद अनुभव रहा है। उन सुधारों के बारे में सीखा जो मुझे करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'यहां गेंद अलग तरह से आती है और मैंने अपना सब कुछ देने की कोशिश की लेकिन मैं स्वीकार करता हूं कि चुनौतियां थीं। यह अनुभव मुझे अच्छी स्थिति में रखेगा क्योंकि मैं सीख रहा हूं और अगली श्रृंखला के दौरान सुधार करने का प्रयास करूंगा। यह पूछे जाने पर कि क्या वह इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में 25 जनवरी से शुरू होने वाली आगामी टेस्ट श्रृंखला में बल्लेबाजी की अपनी आक्रामक शैली बरकरार रखेंगे तो जायसवाल ने कहा, 'ऐसी कोई विशेष शैली नहीं है जिसका मैं पालन करना चाहता हूं और ऐसा नहीं है कि मेरा खेल केवल आक्रामक है। मैं टीम की जरूरत के अनुसार अपना खेल बदल सकता हूं।

1 मार्च से बदल जाएगा शतरंज में अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग पाने का नियम

नई दिल्ली । विश्व शतरंज संघ नें आगामी 1 मार्च से शतरंज में खिलाड़ियों की अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग के नियम में बदलाव करने की घोषणा कर दी है । शतरंज में खिलाड़ियों की उम्र और महिला पुरुष से इतर सभी को एक ही तरह से फीडे रेटिंग मिलती है और इसी के आधार पर हर टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की शुरुआती रैंकिंग से लेकर विश्व रैंकिंग , राष्ट्रीय रैंकिंग तय होती है । पिछले करीब एक दशक से शतरंज में रेटिंग 1000 अंको से शुरू होती है और फिलहाल वर्तमान में विश्व चैम्पियन मैगनस कार्लसन की रेटिंग सर्वाधिक 2830 अंक है पर अब 1 मार्च से शतरंज में प्रारम्भिक फीडे रेटिंग 1000 की जगह 1400 अंक हो जाएगी ।

इस दौरान 2000 से कम अंको वाले खिलाड़ियों को सिर्फ एक बार के लिए एक खास फ़ोर्मूले के तहत 0.4 गुना रेटिंग में बढ़त दी जाएगी । पिछले साल फीडे के क्वालिफ़िकेशन कमीशन नें रेटिंग में बदलाव का प्रस्ताव रखा था इस एक जनवरी से फीडे नें लागू कर दिया है ।

यू मुंबा की वापसी ने सपनों के शहर में फिर से कबड्डी का उत्साह बढ़ाया

मुंबई। चार साल के लंबे अंतराल के बाद मुंबई लौटने पर यू मुंबा प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के मौजूदा 10वें सीज़न में अपनी लय बरकरार रखना चाहेगी। यू मुंबा मुंबई-लेग के दौरान डोम, एनएससीआई में चार हाई-ऑक्टेन मैच खेलेगा जिसमें कुल 11 मैच होंगे। यू मुंबा की टीम इस सीज़न में शानदार प्रदर्शन कर रही है, उसने अब तक खेले गए अपने सात मैचों में से पांच में जीत हासिल की है, जिसमें चार बैक-टू-बैक जीत शामिल हैं और प्लेऑफ़ में वापसी की दिशा में सकारात्मक प्रगति कर रही है। रिंकू, नवोदित सोमबीर और टीम के उप-कप्तान महेंद्र सिंह शीर्ष रक्षकों के रूप में अपने प्रदर्शन से मैट पर आग लगा रहे हैं, जबकि ईरानी खिलाड़ी 19 वर्षीय अमीरमोहम्मद जफरदानेश भी टूर्नामेंट की खोज और सर्वश्रेष्ठ रेडर के रूप में उभरे हैं। टीम के लिए अब तक 64 रेड प्वाइंट हैं। कप्तान सुरिंदर सिंह, शानदार रेडर गुमान सिंह और प्रमुख हरफनमौला खिलाड़ी विश्वनाथ का रोमांचक प्रदर्शन भी यू मुंबा की टीम को प्रभावित कर रहा है। यू मुंबा के सीईओ सुहैल चंडोक ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस, जिसमें कोच घोलमरेज़ा मज़ूंदरानी, सुरिंदर, महेंद्र और गिरीश भी उपस्थित थे, के दौरान, हमारा प्राथमिक लक्ष्य प्लेऑफ़ में जगह सुरक्षित करना और पूरे समय निरंतरता और दृढ़ संकल्प दिखाना है और मैं लड़कों के प्रदर्शन से खुश हूं। सीज़न 6 के बाद पहली बार सात मैचों में से पांच और लगातार चार मैच जीतना सीज़न से पहले की गई कड़ी मेहनत, टीम के सौहार्द और इस युवा यूमुंबा टीम के एक-दूसरे के प्रति विश्वास को दर्शाता है। चार वर्षों के लंबे अंतराल के बाद मुंबई में खेलने और घरेलू दर्शकों को खुश करने के लिए हमारी भावना और उत्साह बहुत ऊंचा है।

आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक नेशनल चैम्पियनशिप : दीपा, प्रणति, राकेश और गौरव कुमार का शानदार प्रदर्शन, जीते कई पदक

भुवनेश्वर। सीनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक नेशनल चैंपियनशिप का समापन गुरुवार को देश भर के शीर्ष जिमनास्टों के शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ। रेलवे की प्रणति दास के लिए राष्ट्रीय चैंपियनशिप का तीसरा दिन यादगार रहा क्योंकि उन्होंने ऑल-अराउंड महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर रहने के अलावा डबल गोल्ड (अनइवन बार्स और फ्लोर एक्सरसाइज) जीता। उनकी टीम साथी प्रणति नायक ने वॉल्ट में स्वर्ण और बैलेंस बीम में कांस्य पदक जीतकर दो पदक जीते।

इस बीच, त्रिपुरा का प्रतिनिधित्व करने वाली दीपा करमाकर ने महिलाओं की प्रतियोगिता में कुल तीन पदक - गोल्ड (ऑल-अराउंड), सिल्वर (वॉल्ट) और सिल्वर (अनइवेन बार्स) जीते। ओडिशा के राकेश कुमार पात्रा ने डबल गोल्ड (ऑल-अराउंड और रिंग्स), पैरेलल बार्स में सिल्वर और हॉरिजॉन्टल बार में ब्रॉन्ज मेडल के साथ चैंपियनशिप का समापन किया। सर्विसेज के गौरव कुमार ने भी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चार पदक जीते। ऑल-अराउंड में कांस्य के अलावा, उन्होंने फ्लोर एक्सरसाइज में स्वर्ण और पैरेलल बार्स और हॉरिजॉन्टल बार में दो रजत पदक जीते। रेलवे के सिद्धार्थ वर्मा ने तीन पदक जीते। वह ऑल-अराउंड में दूसरे स्थान पर रहे और वॉल्ट में स्वर्ण और पॉमेल हॉर्स में रजत पदक जीता। वहीं, हरियाणा के योगेश्वर ने हॉरिजॉन्टल बार में गोल्ड और पॉमेल हॉर्स में ब्रॉन्ज मेडल जीता। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में ओडिशा के खेल एवं युवा सेवा सचिव विनील कृष्णा ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। इसके अलावा, जिम्नास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधीर मित्तल और ओडिशा जिमनास्टिक एसोसिएशन और एएम/एनएस इंडिया के अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद खेल सचिव, विनील कृष्णा ने कहा, यह देखना वास्तव में बहुत खुशी की बात है कि जिस तरह से यहां जिमनास्टिक नेशनल चैंपियनशिप हुई है, सभी शीर्ष जिमनास्ट यहां आए हैं और इस चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं। हमें वास्तव में खुशी है कि हमारे चैंपियनशिप के लिए बुनियादी ढांचे का इस तरह से उपयोग किया गया है। मैं उन सभी को धन्यवाद देता हूं जो यहां कलिंगा स्टेडियम में आयोजित इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप का हिस्सा रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि सभी को एक यादगार अनुभव होगा और उम्मीद है कि मैं हर साल जिमनास्टिक्स परिवार को बार-बार देखूंगा। जिम्नास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष, सुधीर मित्तल ने जूनियर और सीनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक नेशनल चैंपियनशिप 2023-24 के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए ओडिशा सरकार के खेल और युवा सेवा विभाग को धन्यवाद और बधाई दी।

उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सफलतापूर्वक आयोजन में महासंघ का समर्थन करने के लिए ओडिशा के खेल विभाग को बधाई देना चाहता हूं। मैंने पहले कभी किसी आयोजन संस्था से इस तरह का सक्रिय दृष्टिकोण नहीं देखा है, हम वास्तव में इसके लिए आभारी हैं। पहली बार हमने जूनियर और सीनियर दोनों राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने की जिम्मेदारी एक राज्य को दी है, और हमने ओडिशा को उनके बुनियादी ढांचे के कारण दिया है। मुझे यकीन है कि यह बुनियादी ढांचा और दृष्टिकोण आने वाले दिनों में निश्चित रूप से अच्छे परिणाम देगा।

तेंदुलकर ने बताई टीम इंडिया को बड़ी जीत मिलने की वजह, बुमराह पर कही यह बात

नई दिल्ली। भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर न केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला बराबर करने वाली 7 विकेट की जीत के लिए जसप्रीत बुमराह की धारदार गेंदबाजी को श्रेय देते हुए कहा कि इस तेज गेंदबाज को लगातार सही लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी करने का फायदा मिला। बुमराह ने 13.5 ओवर में 61 रन देकर 6 विकेट झटके जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम दूसरी पारी में 176 रन पर सिमट गई और भारत को जीत के लिए महज 79 रन का लक्ष्य मिला। भारत ने 12 ओवर में न्यूलैंड्स पर पहली जीत हासिल की। यह इस स्टेडियम में 7 प्रयासों में उसकी पहली जीत है।

तेंदुलकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा- बुमराह ने शानदार गेंदबाजी की, जिन्होंने हमें दिखाया कि इस तरह के विकेट पर लगातार सही लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी करना कितना जरूरी है। तेंदुलकर ने साथ ही दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज ऐडन मार्कराम की भी प्रशंसा की जिन्होंने दूसरी पारी में 106 रन बनाकर जुझारू शतक जड़ा। तेंदुलकर ने लिखा- मार्कराम का जज्बा शानदार था क्योंकि इस तरह की पिच पर रक्षात्मक होना ही सर्वश्रेष्ठ आक्रमण होता है। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण को दुनिया का सबसे खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण बताते हुए कहा कि आप करो तो चमत्कार, हम करें तो पिच बेकार। 107 ओवर में टेस्ट मैच खत्म। इससे साबित होता है कि अगर तेज गेंदबाजों को पिच से कुछ मदद मिलती है तो हमारा गेंदबाजी आक्रमण काफी खतरनाक है। बुमराह और सिराज शानदार थे और यह 2024 की अच्छी शुरूआत है। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा कि वह श्रृंखला में तीसरा टेस्ट देखना पसंद करते। उन्होंने कहा कि इस मैच में इतने कम समय में इतना कुछ हो गया। गेंदबाजों के लिए मददगार पिच पर बल्लेबाजी करना ही सबसे बड़ी परीक्षा होती है। गेंदबाजी में कुछ शानदार प्रदर्शन रहे और मार्कराम ने इस मुश्किल पिच पर साहसिक पारी खेली। इस श्रृंखला में एक और टेस्ट देखना अच्छा होता।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 06 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

'देशवासियों की शक्ति का प्रतीक है भारतीय सेना'

मुख्यमंत्री ने तीन दिवसीय 'नो योर आर्मी' फेस्टिवल का किया उद्घाटन, सेना के मध्य कमान में 'नो योर आर्मी' फेस्टिवल का हुआ शुभारंभ

अवलोकन

8 सशकत सेना ही साकार करती है सुरक्षित और संप्रभु राष्ट्र की परिकल्पना: सीएम योगी आदित्यनाथ

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सेना के मध्य कमान (सूर्या कमान) में आयोजित तीन दिवसीय 'नो योर आर्मी' फेस्टिवल का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में उड़ाकर फेस्टिवल का औपचारिक उद्घाटन किया। इस दौरान सिख रेजिमेंट के जवानों ने साहसिक पंजाबी धुनों पर अपने पारंपरिक शौर्यकला का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यहां आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें सेना के साजो-सामान के साथ ही अत्याधुनिक हथियारों का प्रदर्शन किया गया। सीएम योगी ने सेना के अधिकारियों से विभिन्न हथियारों और सैन्य सामानों के बारे में जानकारी भी ली। वहीं इससे पहले मुख्यमंत्री ने फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना देश के 140 करोड़ जनता की शक्ति और साहस का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एक सशक्त सेना ही सुरक्षित और संप्रभु राष्ट्र की परिकल्पना को साकार कर सकती है।

सिख रेजिमेंट की शौर्यकला का प्रदर्शन देख सीएम हुए रोमांचित: पहली बार देश की राष्ट्रीय राजधानी के बाहर आयोजित हो रहे 'नो योर आर्मी' फेस्टिवल के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री का विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि समारोह के लिए लखनऊ स्थित सेंट्रल कमांड को चुना जाना गर्व की बात है। यह प्रदेश के युवाओं को नजदीक से भारतीय सेना को जानने और सेना के शौर्य और पराक्रम को नजदीक से पहचानने का अवसर है। मुख्यमंत्री ने सिख रेजिमेंट के शौर्यकला प्रदर्शन को शानदार बताते हुए कहा कि ये भारत की प्राचीन कला है, जिसके जरिए हमारे पारंगत युवा आक्रांताओं को मुंहतोड़ जवाब देते थे। मंख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि प्राचीन युद्धकला को भारतीय सेना ने अपना हिस्सा बनाकर ना सिर्फ इस शौर्यकला को सम्मान दिया है, बल्कि सिख गुरुओं के त्याग और बलिदान को भारत के युवाओं के सामने रखकर सम्मान देने का कार्य किया है।

सेना की शक्ति और पराक्रम देखने का अवसर है ये फेस्टिवल: मुख्यमंत्री ने कहा कि 'नो योर आर्मी' फेस्टिवल के जरिए ना सिर्फ सेना के साजो-सामान और हथियारों की प्रदर्शनी को देखने का अवसर हमें मिल रहा है, बल्कि इसके जरिए सेना की शक्ति, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति की निष्ठा को भी नजदीक से जानने समझने का अवसर मिलेगा।

बालिकाओं के लिए भी सैनिक स्कूल शुरू करने वाला पहला राज्य है यूपी

यह सेना के हथियारों, उनकी कार्यशैली, और कार्य कुशलता को भी जानने का अवसर है, जिससे सामान्यत: जनता अनभिज्ञ रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी वीरों की भूमि है। देश की सुरक्षा के लिए लड़ी गई हर लड़ाई में हमारे जवानों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। देश की सुरक्षा करते हुए हमारे जवानों ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। प्रदेश सरकार भी सेवारत और सेवानिवृत्त सैनिकों के हितों के लिए पूरी तरह से संकल्पबद्ध है। सरकार वीरगति प्राप्त करने वाले वीरों के परिजनों को 50 लाख की धनराशि और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का कार्य करती है।

बालक ही नहीं बालिकाओं के लिए भी सैनिक स्कूल शुरू करने वाला पहला राज्य है यूपी: सीएम योगी ने कहा कि देश आज प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर रहा है। ऐसे में सेना के लिए हथियारों और साजो-सामान के मामले में भी हम तेजी के साथ आत्मनिर्भर हो रहे हैं। उन्होंने यूपी के डिफेंस नोड और 2020 में आयोजित डिफेंस एक्सपो की भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि देश में 100 नये सैनिक स्कूल बनाए जा रहे हैं। इनमें से यूपी में 16 सैनिक स्कूल बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वृंदावन में बालिकाओं के लिए सैनिक स्कूल प्रारंभ किया गया है।

फास्ट न्यूज

तीन हेड मास्टर व बो ईओ का रोका वेतन

नवादा: बिहार शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव के के पाठक ने सर्व शिक्षा अभियान की बर्बाद होती किताबें से नाराज होकर विफरते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने ये बाते शुक्रवार को नवादा के वारिसलीगंज में स्कूल के निरीक्षण के दौरान कही। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केशव कुमार पाठक ने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले शिक्षक व शिक्षाविद् किसी भी सूरत में बक्से नहीं जाएंगे ।वे प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय हाजीपुर नवसृजित प्राथमिक विद्यालय अबदालपुर तथा प्राथमिक विद्यालय मोतालीफचक का निरीक्षण बाद उपस्थित शिक्षकों से ये बातें कही ।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा में बेहतर सुधार को लेकर कृत संकल्पित है लगातार इस क्षेत्र में बहाली प्रक्रिया आधारभूत संरचनाओं का निर्माण व आए दिन अन्य नए तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। परंतु शिक्षा कर्मियों की अनदेखी से तमाम की जा रही प्रयासे विफल हो सकती है। ऐसी स्थिति में आप सबों को अपने कंधों पर वजन बढ़ाना होगा। पाठक हाजीपुर पंचायत स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय हाजीपुर के प्रधानाचार्य अजीत कुमार का तत्काल प्रभाव से वेतन बंद करते हुए बच्चों की कम उपस्थिति पर नारजगी व्यक्त की। नवमी व दशमी के छात्रों को विद्यालय में भवन की कमी रहने के कारण बगल के पंचायत भवन में शिफ्ट करने का आदेश दिया ।साथही विद्यालय के सौंदर्यीकरण को लेकर इसके बाउंड्री वॉल, मिट्टी भराई, प्रार्थना स्थल आदि को चिन्हित कर जिलाधिकारी व डीडीसी को शीघ्र ही स्वीकृति देने की बात कही।

नए रूप में तब्दील होंगी राज्य की मंडियां : अनिल कपूर डब्बू

हल्द्वानी: हल्द्वानी में उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि नए साल में उत्तराखंड की सब्जी मंडियों को नया रूप दिया जाएगा। इसको लेकर वह जल्दी बोर्ड बैठक करने जा रहे हैं। मंडी परिषद अध्यक्ष ने शुक्रवार को बताया कि 12 जनवरी को बोर्ड बैठक रुद्रपुर मंडी परिषद के मुख्यालय में होगी। उन्होंने निर्देश जारी किए हैं कि सभी मंडियों में 100 प्रतिशत राजस्व की वसूली की जाए, ताकि किसानों के हित में कार्य किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि मंडियों में राजस्व की वसूली ठीक तरह से नहीं होगी, तो आने वाले समय में मंडियों को निजीकरण करने पर भी विचार किया जाएगा। देहरादून और ऋषिकेश की मंडियां जो की मुख्य सड़कों पर हैं उनको भी नया रूप देने के लिए उनके द्वारा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है किसानों की आय को दोगुना करना, ऐसे में मंडियों को बेहतर करना बहुत जरूरी है।

राजकोट में 40 तेंदुए की मौजूदगी का अनुमान

राजकोट: राजकोट शहर और जिले में पिछले कुछ दिनों से तेंदुआ दिखने से लोगों में भय है। राजकोट शहर समेत इसके अगल-बगल के क्षेत्र जसदण, धोराजी और जेतपुर में तेंदुआ दिखाई देने की खबर मिली है। वन विभाग के अधिकारी के अनुसार राजकोट जिले में 40 तेंदुए की मौजूदगी की संभावना है। इस वजह से विभाग ने 5 अलग-अलग जगहों पर पिंजरे रखे हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने की परिवहन विभाग की समीक्षा

दिशा-निर्देश

8 यातायात नियमों के प्रति जन जागरूकता के दिये निर्देश, पर्वतीय क्षेत्रों में पुराने वाहनों के स्थान पर नये वाहनों की हो व्यवस्था

टीम एक्शन इंडिया/देहरादून **बस स्टेशनों** को स्वच्छ और आधुनिक सुख-सुविधाओं से युक्त बनाया जाए। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में क्रैश बैरियर और सड़कों के किनारे वृक्षारोपण किये जाएं। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहनों की फिटनेस टेस्टिंग का विशेष ध्यान रखा जाए। वाहन चालकों के प्रशिक्षण और मेडिकल की भी समुचित व्यवस्था की जाए। यातायात नियमों के प्रति लोगों को निरन्तर जागरूक किया जाए। रोडवेज की बसों के माध्यम से सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रचार भी किया जाए। जन सुरक्षा की दृष्टि से पर्वतीय क्षेत्रों में पुराने वाहनों की जगह पर नये वाहनों की व्यवस्था की जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री ने सचिवालय में परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में हर साल तेजी से वृद्धि हो रही। राज्य में जो भी नये बस स्टेशन बनाये जा रहे हैं, उनमें यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाया जाए। सभी बस स्टेशनों पर स्वच्छता, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या के लिए देहरादून, हल्द्वानी और हरिद्वार से बस सेवा को संचालित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि वाहनों पर नम्बर प्लेट स्पष्ट दिखे, नम्बर प्लेट से छेड़खानी करने वालों पर सख्त कारवाई भी की जाए।

'राज्य विकास के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा'

शिष्टाचार भेंट

8 मुख्यमंत्री से मिले प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, विभिन्न कार्यक्रमों की दी जानकारी

टीम एक्शन इंडिया/देहरादून **भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्हें विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी है। मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी है। इसके अलावा केन्द्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को किस तरह से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है इस बारे में भी अवगत कराया। लोकसभा चुनाव की रणनीति को लेकर मीडिया विभाग के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की भी जानकारी दी है।

मनवीर चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी का वर्ष 2023 का कार्यकाल विकास और जन हित में ऐतिहासिक निर्णय के लिए जाना जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और युवा सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य विकास के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है

'अनुसूचित जाति के लिए 29.14 करोड़ रुपये की राशि जारी'

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार जहां सभी वर्गों के कल्याण के लिए लगातार यत्नशील है, वहीं अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए भी लगातार कार्यशील है। पंजाब सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के लिए आशीर्वाद योजना अधीन चालू वित्त वर्ष के बजट से 29.14 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। इस संबंधी अधिक जानकारी देते हुए सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मंत्री डा. बलजीत कौर ने कहा कि इस राशि के जारी होने से अनुसूचित जाति के मार्च 2023 के 5715 लाभपात्रियों को कवर किया गया है।

मीरजापुर में 15 लाख की हेरोइन बरामद, तस्कर गिरफ्तार

मीरजापुर: चुनार पुलिस टीम ने शुक्रवार को नगर के गेस्ट हाउस तिराहा से हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया। लगभग 15 लाख रुपये कीमत की 150 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। चुनार पुलिस ने स्टेशन रोड सराय टेकोर निवासी आकाश सोनकर को गेस्टहाउस तिराहा से गिरफ्तार किया है। उसके पास से अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये की 150 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में गिरफ्तार तस्कर ने स्वीकारा कि वह चोरी-छिपे जनपद के बाहर से थोक मात्रा में मादक पदार्थ हेरोइन लाता था।

पंजाब: लम्बित इंतकाल दर्ज करने के लिए राजस्व विभाग की नवीन पहल

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए राजस्व विभाग ने 6 जनवरी (शनिवार) को छुट्टी वाले दिन पंजाब भर में विशेष कैंप लगाकर लम्बित पड़े इंतकाल दर्ज करने की नवीन मुहिम शुरू की है। यह जानकारी देते हुए पंजाब के राजस्व मंत्री ब्रम शंकर जिम्पा ने बताया कि राजस्व विभाग की सेवाएं लोगों तक सुचारू तरीके से पहुँचाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 6 जनवरी को छुट्टी वाले दिन पंजाब भर के राजस्व दफ्तरों में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहेंगे और लम्बित पड़े इंतकाल दर्ज करेंगे। जिम्पा ने लोगों को इस विशेष कैंप का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।

विशेष कैंप के दौरान सभी लम्बित इंतकाल मौके पर ही दर्ज करने के लिए अधिकारियों को पहले ही आदेश दिए जा चुके हैं, जिससे लोगों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

मयंक श्रीवास्तव ने जनसंपर्क आयुक्त का पदभार ग्रहण किया

टीम एक्शन इंडिया/रायपुर जनसंपर्क संचालनालय के नए आयुक्त सह संचालक मयंक श्रीवास्तव ने पदभार ग्रहण कर लिया है।

नवा रायपुर अटल नगर में जनसंपर्क संचालनालय में उन्होंने जनसंपर्क आयुक्त के साथ ही छत्तीसगढ़ संवाद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पदभार ग्रहण किया।

निवर्तमान जनसंपर्क आयुक्त दीपांशु काबरा ने श्रीवास्तव को कार्यभार सौंपकर उन्हें नवीन दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनसंपर्क संचालनालय एवं छत्तीसगढ़ संवाद के अधिकारीगण उपस्थित थे।

भर्ती परीक्षा

6.5 हजार परीक्षा केंद्रों में 31 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी दे सकेंगे परीक्षा

आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती के लिए योगी सरकार कर रही पुख्ता तैयारी

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ **आगामी फ**रवरी में प्रस्तावित आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 के लिए योगी सरकार पुख्ता तैयारियों में जुट गई है। सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों के साथ उनकी क्षमता के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रस्ताव के तहत सरकार करीब 6.5 हजार परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन कर सकती है। इन परीक्षा केंद्रों की कुल क्षमता 31.75 लाख से भी ज्यादा होगी। परीक्षा केंद्रों का चयन आधारभूत मानकों पर किया जाएगा। साथ ही परीक्षा भवन संबंधी मानकों पर खरे उतरने वाले केंद्रों को ही अंतिम सूची में शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने हाल ही में 60 हजार से अधिक पदों के लिए आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 का नोटिफिकेशन जारी किया है। 18 फरवरी को परीक्षा प्रस्तावित है।

जोन और कमिश्नरेट में परीक्षा केंद्रों का प्रस्ताव: उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा परीक्षा केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया में कुल 6484 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं, जिनकी कुल क्षमता 31.75 लाख से अधिक है।

जोन में 4844 तो कमिश्नरेट में 1640 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं। जोन की बात करें तो सर्वाधिक 832 परीक्षा केंद्र लखनऊ में होंगे, जिनकी कुल क्षमता 4 लाख से ज्यादा है। बरेली में 741 परीक्षा केंद्र (कुल क्षमता 3.43 लाख से अधिक), गोरखपुर में 699 (कुल क्षमता 3.49 लाख से अधिक), वाराणसी में 647 (कुल क्षमता 3.47 लाख से अधिक), आगरा में 540 (कुल क्षमता2.61 लाख से अधिक), कानपुर नगर में 527 (कुल क्षमता 2.31 लाख से अधिक),मेरठ में 464 (कुल क्षमता 2.39 लाख से अधिक) और प्रयागराज में 394 (कुल क्षमता 1.94 लाख से अधिक) परीक्षा केंद्र प्रस्तावित हैं।